Anantapur district was declared drought stricken in 12 years out of last 15 years. There is no drinking water in 3,554 villages and all these villages have turned dry. Drinking water is being supplied through tankers from adjoining villages. The Government should take note of hardships of people living in those villages without drinking water. In such a situation, Central Government should extend support for inter linking of Krishna and Godavari, which was initiated by N.Chandra Babu Naidu to divert waters of Krishna rivers through Pattiseema to Rayalaseema region. How we can

achieve our goals with inadequate and temporary support?

Shri N.Chandra Babu Naidu sent proposals for Projects worth Rs.1400 crores to the Central Government but we were provided with only Rs.440 crores. How we can take up projects to deal with drought, when we get inadequate funds from the Central Government?

Sir, slogan of this Government is 'Sab ka Saath Sab Ka Vikas', Sir where is our development? Where is co-operation? Without Co-operation from the Union Government we cannot get rid of drought. In Anantapur district, we used to cultivate ground nut in 20 lakh acres of land, which has come down to 4 lakh acres, which means 16 lakh acres of land would turn barren.

HON.CHAIRMAN : Hon. Member please conclude.

SHRI N. KRISTAPPA : Sir, we are facing drought in our state and here also we are facing scarcity of time. Sir, we should take steps to bring more and more land under irrigation and save our region from drought. Sir, there will be drought and there will be times when it won't be possible to go for irrigation. In such situations, Government should promote alternative means of livelihood. Why the Government is not coming forward with such plans?

Sir, please give me some more time. Sir, I request the Government to clear Rs.1400 crore proposals forwarded by Andhra Pradesh Government. Similarly, extend support for Pattiseema project, so that drought stricken Rayalaseema region could turn Green. As promised by the Central Government, special status may be accorded to our state and save our state.

*__श्रीमती रीती पाठक (सीधी)__ः भारत की चिरन्तन वैदिक मनीषा से उद्भूत एक ऋचा के साथ विषय का प्रतिपादन करती हूँ, यह ऋचा जलावृष्टि का एक सूत्र देती हैः-

यज्ञात भवति पर्जन्यः।

पर्जन्यात् अन्न संभवः।।

आशय यह है कि यज्ञ से वर्षा होती है और वर्षा से अन्न की उत्पति।

वे कौन से पर्जन्य अनुष्ठान हैं, जिनसे बादलों का निर्माण होता है और वृष्टि होती है। हम सब इससे सहमत ही होंगे कि वर्षा का अच्छा होना सूखे की रोकथाम के लिए अनिवार्य आवश्यकता है। अतः यदि वैदिक मनीषा किसी ऐसे यज्ञ की बात करती है, जिससे वर्षा होती है तो हमें उस दिशा में भी प्रयास की, अंवेषण, अनुसंधान की आवश्यकता है। यद्यपि मैं इतने से ही अपने कर्त्तव्य की इतिश्री नहीं मानती, किंतु इतना जरूर है कि हज़ारों वर्षों के अंवेषण से प्राप्त ऋषि मनीषा पर अनुसंधान की आवश्यकता तो है ही और साथ ही, ""मांगे वारिद देह, जल रामचन्द् के रेज"" जैसी उक्तियां संभावना की खिड़कियां तो खोलती ही हैं।

मैं ऐसा मानती हूँ कि सूखा कोई एक क्षण या एक दिन में आयी समस्या या आपदा नहीं है अपितु हमारी अदूरदर्शिता व दीर्घकालिक योजना के अभाव के कारण है, जल के सम्यक संरक्षण, संवर्द्धन व सम्यक उपयोग न होने के कारण है।

वृष्टि अच्छी हो, इसके लिए आवश्यकता है कि हम प्रकृति को संवारे-जल संरक्षण के लिए हम अपने खेत, मेड़, ताल-तलाईया, बांध, पोखर व अन्य जल संरचनाओं को संवारे और संरक्षित जल की बेंद-बेंद का सम्यक प्रयोग सुनिश्चित करें, क्योंकि किसी भी क्षेत्र में की गई अतिशयता बड़ी ही पीड़ादायी और दुखदायी होती है।

राष्ट्रीय स्तर पर जो भूमिगत जल स्तर में गिरावट आयी है, वह बहुत ही चिंताजनक है। साथ ही, जल की दृष्टि से भारतीय भविष्य संकटापन्न है। इस सूखे के कारण गहराये पेयजल संकट से निज़ात पाने के लिए पेयजल संसाधन जैसे कूप निर्माण, हैण्डपम्प उत्खनन, नल-जल योजनाएंÃ¬ व टैंकर से पानी उपलब्ध कराना तात्कालिक रूप से आवश्यक तो है ही किंतु इस समस्या से दीर्घकालिक निज़ात के लिए वर्षा से प्राप्त जल को प्रत्येक स्तर पर रोकने की आवश्यकता है। यद्यपि हमारी सरकार प्रधानमंत्री सिंचाई योजना के माध्यम से इस दिशा में बड़े ही दीर्घकालिक समाधान की ओर आगे बढ़ रही है तथापि मेरा ऐसा मानना है कि वाटर रिचार्ज सिस्टम व वाटर हार्वेस्टिंग जैसे समाधान मूलक साधनों को शौचालय व स्वच्छता मिशन की तर्ज पर जन-जागृति के साथ राष्ट्रीय अभियान का स्वरूप देने की आवश्यकता है, क्योंकि जल जीवन की अनिवार्य आवश्यकता है, जीवन है। विश्व फलक पर कई ऐसे देश हैं, जहां प्रत्येक वर्ष होने वाली वर्षा दर हमारे देश से बहुत कम है किंतु वाटर रिचार्ज सिस्टम, वॉटर हार्वेस्टिंग और बूंद-बूंद वर्षा के जल का संरक्षण कर उन्होंने अपने भूमिगत जल स्तर को हमसे कई गुना अच्छा बनाये रखा है। यदि हमारी पूर्व की सरकारों ने जल संरक्षण व संवर्धन के लिए कोई सुविचारित दीर्घगामी धरातलीय योजनाएं बनायी होती तो हमें आज ये जल संकट के दुर्दिन नहीं देखने पड़ते।

अब हमारे पास समय कम है, क्योंकि जिस गति के साथ जल स्तर में गिरावट आ रही है। यह समस्या संकेत है, शीघ्रता से उपचार का। वर्षा से प्राप्त जल के संरक्षण के लिए चाहे जन अभियान, जन-जागृति या सामाजिक आंदोलन की आवश्यकता पड़े या कानून बनाकर पालन करवाने की, जैसे भी हो, लेकिन एक छत का पानी एक छत से जमीन पर आते ही वहीं का वहीं और कॉलोनी का पानी कॉलोनी में, गांव का पानी गांव में, कस्बे का पानी कस्बे में रोक देने के लिए शीघ्र व सुदृढ़ योजना की आवश्यकता है और इसका धरातलीय भौतिक सत्यापन अनिवार्य है, मॉनिटरिंग अनिवार्य है। वरना आगामी संकटापन्न भविष्य एक-एक बेंद जल के लिए तरसता दिखाई दे रहा है।

सूखा से दीर्घकालिक राहत पाने हेतु कभी भारतीय राजनीति के अप्रतिहत नायक, भविष्य दृष्टा भारतीय जनमानस के राजहंस श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी ने आने वाली बाढ़ को रोकने व बड़ी नदियों को जोड़कर सूखे क्षेत्रों को जल उपलब्ध कराने व बाढ़ क्षेत्रों को बाढ़ मुक्त करने की एक बड़ी योजना की शुरूआत की थी परंतु पता नहीं क्या विसंगतियां व कठिनाईयां है जिनके फलस्वरूप नदियों को जोड़ने की योजना मूर्त रूप नहीं ले पा रही है। इस विषय में भी सरकार का ध्यान आकृष्ट कराना चाहती हूँ। यदि ऐसा हो पाये तो यह सूखे की समस्या से निज़ात पाने की दिशा में बड़ी समाधानकारी पहल होगी।

मैं जहां से आती हूँ, वह क्षेत्र विंध्य क्षेत्र के नाम से जाना जाता है और हमारा विंध्य क्षेत्र जल संरचनाओं की दृष्टि से बड़ा ही समृद्ध रहा है, शायद ऐसा कोई गांव नहीं जहां एक बड़ा जलाशय न हो, हज़ारों-हज़ार की संख्या में बड़े बांध विकसित हैं। हमारे क्षेत्र में कई दशक पूर्व से बांध, बंधी व डग्गों का निर्माण हमारे खेत का पानी खेत में ही रोक देने के लिए ही अपने कंधों व मेहनत के बल पर हमारे पूर्वजों ने किया था, जिसके कारण भूमिगत जल स्तर काफी अच्छा था। किंतु विगत कुछ वर्षों में रबी व खरीफ दोनों ही फसलों को प्राप्त करने की अभिलाषा के कारण बांध-बंधी तोड़े गये, जिसके फलस्वरूप जल संचय व संरक्षण प्रभावित हुआ।

यदि सरकार इन बांध,बंधियों और गहरी क्यारियों के पुनर्जीवन के लिए अनुदान व किसानों को वर्ष में एक बार ही फसल लेने के लिए जागृति कर एक रबी के फसल की होने वाली क्षति की भरपाई प्रोत्साहन राशि के रूप में देना सुनिश्चित करे तो हमारे विंध्य क्षेत्र में जलीय पुनर्जीवन उठ खड़ा होगा और हमारे पूर्वजों के द्वारा किये गये अथक श्रम से बने बांध, बंधियों व उनके द्वारा विनिर्मित जल संरचनाओं को जीवित करना उनके प्रति वास्तविक श्रद्धा की अभिव्यक्ति होगी। वे टूटे व फूटे पड़े बांध या तो दो रबी की फसल प्राप्त करने की आकांक्षा से नहीं बांधे गये या तो धनाभाव के कारण उनका पुनर्जीवन नहीं हो सका।

अतः यदि सरकार के स्तर पर किसानों को धन प्रदान कर उन बांध-बंधियों को पुनर्जीवन प्राप्त हो सके तो सरकार के लोक कल्याणकारी मनीषा की स्थापना हो सकेगी और हमारे विन्ध्य क्षेत्र का

जलीय पुनर्जीवन साकार हो सकेगा।

पुनः एक बार यज्ञात भवति पर्जन्यः का स्मरण करती हुई इस सूखा की समस्या के समाधान हेतु सूत्रवत् मंत्र को दोहराती हैं-

- वर्षा के लिए पेड़-पौधे व प्रकृति को संवारे,
- जल संरक्षण के लिए खेत, मेड़, ताल-तलैया, बांध व पोखर संवारे और,
- संरक्षित जल का एक-एक बूंद प्रयोग सुविचारित व सम्यक रूप से करें।

जिससे यह शस्य श्यामला सुरभित सृष्टि अस्तित्वान रहे।

***श्री ओम बिरला (कोटा)**ः भारत में सूखे की स्थिति और नदियों को जोड़ने के मुद्दे पर मैं अपने विचार रखता हूँ। मैं राजस्थान में इस समस्या के बारे में बात करूंगा और आसानी से लागू किए जाने वाले समाधानों का प्रस्ताव करूंगा।

वर्ष दर वर्ष सूखे के कारण किसान दुखी हैं। किसानों को आय सहायता देने और कृषि ऋण देने के लिए सहायता प्रदान करने की नितांत आवश्यकता है।

मैं सरकार द्वारा वित्त सहायता जारी करने के लिए उठाए गए कदमों की प्रशंसा करता हूँ। वर्ष 2015-16 एक कठिन वर्ष रहा है जिसमें 10 राज्यों ने सूखे की घोषणा की। संस्वीकृत की गई 12773.34 करोड़ रूपए की धनराशि इस संकट से निपटने के लिए राज्यों के लिए उपयोगी होगी। बजट 2016-17 में अगले पांच सालों में सिंचाई परियोजनाओं के लिए 86,500 करोड़ रूपए की घोषणा की गई है। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना का 2.5 मिलियन हैक्टेयर भूमि को सिंचाई के अंतर्गत लाने का लक्ष्य है।

यदि मुझे एक निजी रिपोर्ट का उद्धरण करने की अनुमति मिले तो मैं यह कहना चाहूंगा कि भारत को लगभग 2,600 बिलियन क्यूबिक मीटर (बी.सी.एम.) वर्षा जल मिलता है जबकि हमारी आवश्यकता को पूरा करने के लिए 1,100 बिलियन क्यूबिक मीटर ही पर्याप्त है। तथापि, भारत की वर्षा जल भण्डारण की क्षमता केवल 253 बी.सी.एम. है। इसके फलस्वरूप खराब भण्डारण क्षमता के कारण देश में काफी पानी बर्बाद हो जाता है। मैं एन.आर.ई.जी.ए. के माध्यम से तथा बेहतर अवसंरचना सृजन और क्षमता सुधार करने के लिए सिंचाई परियोजनाओं में तेजी लाने के लिए उठाए गए कदमों की प्रशंसा करता हूँ।

जबकि हम सूखे की चपेट में हैं, भारतीय मौसम विज्ञान विभाग का अनुमान है कि इस वर्ष मानसून बेहतर रहेगा परंतु हमें भविष्य में ऐसी स्थितियों से बचने के लिए संसाधनों का बेहतर उपयोग करने के लिए तैयार रहना चाहिए। मई में विस्तृत अनुमान से आगामी मानसून में वर्षा का बेहतर अंदाजा लग जाएगा।

इसी बीच मैं सूखे की खराब स्थिति में तत्काल राहत प्रदान करने में नरेंद्र मोदी जी की सरकार द्वारा उठाए गए कदमों का स्वागत करता हूँ। रेलगाड़ी के माध्यम से पहुंचाए गए वाटर टैंक इसका एक उदाहरण हैं। नदियों को जोड़ना इस संकट को कम करने के लिए प्रस्तावित दीर्घावधि समाधान है।

राजस्थान, जो कि मेरा राज्य है, को हमेशा जल संकट का सामना करना पड़ा है। तथापि, मेरे निर्वाचन क्षेत्र में जल के पर्याप्त स्रोत हैं। यदि ढहौती क्षेत्र में चम्बल, काली सिंध, बनास, पार्वती को जोड़ दिया जाए तो इससे विशेष रूप से पूर्वी भाग में राजस्थान की जल समस्याएं कम करने में मदद मिलेगी। देश का 10 प्रतिशत भाग राजस्थान में है और इस कुल जल संसाधनों का केवल 1 प्रतिशत ही मिलता है। नदियों को जोड़ने से अन्य राज्यों से अतिशय जल से राजस्थान को कुछ राहत मिल सकती है। नदियों को जोड़ने से संबंधित चार प्रस्ताव हैं।

1) शारदा-यमुना, राजस्थान साबरमती लिंक से सूखे से प्रभावित 9 जिलों तक पेयजल पहुंचाने और 7.5 हैक्टेयर भूमि को सिंचाई प्रदान करने में मदद मिलेगी।

2) काली सिंध, पार्वती, गम्भीरी, पार्वती (धोलपुर) लिंक- इस परियोजना से चम्बल नदी से अतिशय जल को राजस्थान से पूर्वी भाग में पहुंचाने में मदद मिलेगी।

3) बूढ़नी (चम्बल), बनास (बिलासपुर) नदी लिंक-चम्बल से बनास तक जल पहुंचाने से दौसा, अजमेर और जयपुर में पेयजल संकट का समाधान करने में मदद मिलेगी।

4) भाकल नदी (साबरमती बेसिन), लूनी नदी (जवाई बांध) का पूर्वी राजस्थान में बेहतर जल आपूर्ति के लिए जोड़े जाने की आवश्यकता है।

मैं मंत्री जी से अनुरोध करूंगा कि राज्य सरकार से इन चार परियोजनाओं के अनुरोध पर विचार करें। इन परियोजनाओं के अनुमोदन और पर्याप्त वित्त पोषण से राज्य में जल संकट से निपटने में काफी मदद मिलेगी।

जबकि मैं नदियों को जोड़ने के विचार और अंतोतगत्वा जल संकट को मिटाने की इसकी क्षमता की प्रशंसा करता हूँ, मैं संबद्ध मंत्रालयों से भारत में नदी जल से संबंधित आंकड़ों के लिए एक नया अध्ययन करवाने के लिए कहना चाहूँगा। यह विचार 1858 में पहली बार सर ऑर्थर थॉमस कोटन द्वारा शुरू किया गया था। कमी वाले क्षेत्र में पानी का स्थानांतरण करने में दो चुनौतियें का सामना करना पड़ता है। बड़ी कैनाल और बांध अपने साथ बड़ा विस्थापन भी लाएंगे और परियोजना अपने आप में काफी महंगी हो सकती है। ऐसी परियोजनाओं के पर्यावरणीय प्रभावों पर भी ध्यान देना पड़ता है।

आगे की चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए, हमारे पास कई समाधान हैं जो कि कार्यान्वयन के लिए व्यावहारिक हैं। इन कदमों, चाहे ये छोटे हैं, पर इनसे लंबे समय में मदद मिल सकेगी।

(क) वर्षा जल संचयन- भारत वर्षा जल संचयन के माध्यम से पानी बचाने की अपनी क्षमता में पिछड़ रहा है। शुरूआत में मैं सरकार से वर्षा जल संचयन हेतु केंद्र एवं राज्य सरकारों के लिए अवसंरचना बनाना अनिवार्य करने का अनुरोध करूंगा। ऐसे कदम हमें सही दिशा में ले जाएंगे। जबकि एक मॉडल कानून और परामर्श विद्यमान है, पर वर्षा जल संचयन के लिए नए निर्माणों को अनिवार्य करना सही दिशा में एक कदम होगा। सौर बिजली और इसके लाभों को विद्युत मंत्रालय द्वारा काफी प्रसारित किया गया है, जल संसाधन मंत्रालय को भी वर्षा जल संचयन को प्रोत्साहन से जोड़ना चाहिए।

(ख) कृषि रीतियों में सुधारः कम वर्षा वाले क्षेत्र में उगाई जाने वाली जल सघन फसलों तथा इस प्रकार की कई अनुचित कृषि रीतियों की जांच की जानी चाहिए। इसे नीति परिवर्तन द्वारा भी सहायता दी जानी चाहिए ताकि प्रोत्साहन सही लोगों तक पहुंच सके।

(ग) सीवेज ट्रीटमेंटः इस क्षेत्र में हमें अभी काफी काम करना है। माननीय पर्यावरण मंत्री द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार शहरी क्षेत्रों में जनित कुल सीवेज का केवल 37 प्रतिशत का ही ट्रीटमेंट किया जाता है। इससे नए सीवेज ट्रीटमेंट संयंत्रों की स्थापना और क्षमता विस्तार करने की आवश्यकता सामने आती है। ट्रीटमेंट किए गए पानी का उपयोग कई दैनिक आवश्यकताओं के लिए किया जा सकता है।

(घ) लोगों को यह समझाकर कि उनका योगदान बहुत महत्वपूर्ण है, पानी की समस्या का समुदाय आधारित समस्या बना दिया जाए। सफाई को हमेशा से नगर निगम निकायों की जिम्मेदारी माना गया है। तथापि स्वच्छ भारत अभियान से इसमें बदलाव आया है और लोगों ने यह महसूस किया है कि आस-पास में तभी सफाई संभव हो सकेगी जब लोग स्वयं प्रयास करेंगे। उसके बाद सफाई की जागरूकता दिन-ब-दिन बढ़ रही है। इसी प्रकार, जल संरक्षण तथा इस मूल्यवान संसाधन के उपयोग के प्रभावी तरीकों को अपनाने के लिए भी जागरूकता सृजन लाभकारी होगा।

मुझे विश्वास है कि माननीय नरेन्द्र मोदी की सरकार सभी के कल्याण के लिए कार्य करेगी और यह सुनिश्चित करेगी कि किसी भी किसान को सूखे अथवा किसी अन्य संकट के कारण दुखी न होना पड़े। साथ ही, शहरी क्षेत्रों में जल संकट से निपटने के लिए प्रभावी उपाय किए जाएंगे।

*SHRI P.C. GADDIGOUDAR (BAGALKOT): I would like to express my views on drought and inter-linking river water. This year, so many states are severely affected by the drought. This has put tremendous stress on the social, economic condition of the states. Whenever states are faced with such a situation, they are usually seeking financial assistance from the Central Government and the said Government will extend the financial assistance to the states. But till today we do not have any permanent solution for the drought situation.

The only solution is inter-linking the river water. Since so many years, Governments are thinking to take steps for linking the rivers but due to apprehension of states' consent and environmental problems we are unable to proceed with the interlinking the river water. The then Prime Minister Shri Vajpayee Ji had initiated the steps but successive UPA Government did not give importance to the said issue. The present Government under the leadership of Shri Narendra Modi has initiated so many steps to solve the problem of farming community, and interlinking river water is one among them.

In Karnataka, farmers have started the agitation since one year for diverting the Mahadayee river for drinking water. The said issue is pending before the court. I will not speak much about that matter. Anyway, I will urge upon the Government to expedite the inter-linking river water.

In Karnataka, all the districts of North Karnataka received the deficit rainfall in both the monsoons. Successive drought for the last five years in some parts of Northern Karnataka and the present deficit rainfall has depleted the ground water and also adversely affected the water quality and quantity. Reservoirs of Krishna Basin had only 36% of their storage capacity. The levels at Ghataprabha, Malaprabha and Almatti have reached below 15 years minimum levels. All minor irrigation tanks are dry, remaining tanks have not fully filled. The farmers have suffered crop loss both during Khariff and Rabi in the State.

The fodder situation in the state is not good. Sufficient cattle camps are not established. Therefore establishment of fodder banks are very essential. Central Government has taken several measures for mitigating the drought problem. Our Prime Minister called the Chief Ministers of the drought affected States and promised them for extending the support.

Lastly, I urge upon the Government to find a permanent solution for facing the drought situation.

*श्री प्रभुभाई नागरभाई वसावा (बारदोली)ः देश में एक तिहाई प्रदेश सूखे से ग्रसित हैं। लगभग 50 करोड़ की आबादी वर्तमान समय पर सूखे की चपेट में है। सूखे से ग्रसित प्रदेशों की 80 प्रतिशत आबादी कृषि पर निर्भर है। किसानों की स्थिति अत्यन्त दयनीय है। पीने के पानी के लिए लोगों के जद्दो-जहद करनी पड़ रही है और खासकर मवेशियों के वारे के लिए भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

हमारे गुजरात में पड़े सूखे की तरफ ध्यान आकर्षित करते हुए बताना चाहता हूँ कि गुजरात में पिछले वर्ष बहुत ही कम वर्षा हुई थी, इस वजह से गुजरात में पहले 200-300 फुट ट्यूबवेल करने पर पानी मिल जाता था परंतु अब 500 फुट ट्यूबवेल करने पर भी पानी नहीं मिल रहा है। पानी की तकलीफ की वजह से स्कूलों में भी वेकेशन से पहले ही छुट्टी कर देनी पड़ी। गाय-भैंस आदि पशुओं को भी पीने का पानी नहीं मिल रहा है। किसान खेतों में सब्जियां तक पैदा नहीं कर पा रहे हैं। मेरे लोकसभा क्षेत्र सूरत ग्रामीण में पानी की हालत बहुत नाजुक हो गई है।

मैं आज माननीय मंत्री जी से मांग करता हूँ कि भयंकर सूखे की समस्या को सुलझाने हेतु गुजरात को भी सूखे की सूची में शामिल किया जाए तथा किसानों को दिये गये कृषि ऋण को भी माफ करने पर सरकार विचार करे तथा प्रधानमंत्री सिंचाई योजना लागू होने के बाद कितनी हैक्टेयर भूमि सिंचित हो पाएगी और किसानों को इससे क्या लाभ मिल पाएगा।

*श्रीमती अंजू बाला (मिश्रिख) : आज देश के लगभग दस राज्य सूखे की चपेट में है । यहां हम आज सदन में सब यही चिंता कर रहे हैं कि इससे कैसे निजात मिले । क्योंकि इससे हर जगह-जगह पर लोग धरना-प्रदर्शन भी कर रहे हैं। अपनी-अपनी राजनीति भी चमका रहे हैं । परंतु हम सबको मिलकर इसमें आगे बढ़ना होगा , ना की इसमें राजनीति करनी चाहिए । क्योंकि जिस तरह अभी यूपी में बुन्देलखण्ड में कैसे पानी में राजनीति हुई ऐसा नहीं करना चाहिए । बस यह जरूर सोचे कि हम केन्द्र सरकार से मिल कर कैसे कार्य करें और लोग जो इससे परेशान हैं उनको कैसे बचाया जाए ।

मेरा एक छोटा सा सुझाव है माननीय मंत्री जी को, और प्रश्न भी है कि जो हमारे प्रधानमंत्री जी ने पांच लाख नए तालाब बनाने के लिए कहा है । यह बहुत ही सराहनीय कदम है । उसके लिए बधाई देना चाहती हूं । मैं जानना चाहती हूं कि जो तालाब बनाए जाएंगे क्या उनकी गहराई का कोई मानक निश्चित किया गया है । क्योंकि अक्सर जो तालाब पुराने बने हुए हैं उसमें तीन फुट अगर वो गहरा है तो उससे चार फुट वो उसके ऊपर होता है जिससे पानी तालाब के अंदर जाता ही नहीं ।

मेरी मंत्री जी से विनती है कि तालाब की गहराई का मानक निश्चित करे जो कम से दस फीट तो हो , ताकि पानी उसमें जरूर रूके । और एक सुधार निश्चित हो कि यह नियम बना दिया जाए कि इतनी गहराई होनी चाहिए । इससे भ्रÂष्टाचार पर रोक लगेगी ।

माननीय मंत्री जी का ध्यान मैं एक बात की ओर जरूर ले जाऊंगी । जो नेचुरल तालाब है वो आज भी है क्योंकि उन तालाबों की जो (सिल्ट) होती थी उससे लोग अपने घर में लीपपोत करते थे । जिससे तालाबों की सफाई होती रहती थी और वो इतने गहरे रहते थे जिनके कारण आज भी गांवों में अगर वो तालाब है तो वो आज भी विद्यमान है । मेरे क्षेत्र में ऐसे तालाब आज भी हैं जिसका पानी सूखता नहीं है। परंतु जो आज तालाब बने हैं उसमें तो पानी की एक भी बूंद नहीं है ।

आज पर्यावरण की सुरक्षा के नाम पर हमारे देश में साधारण देशवासी को अगर एक ट्रेक्टर ट्राली मिट्टी की आवश्यकता है तो नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) द्वारा बनाए गए नियमों के अनुसर "खनन" के लिए बनाई गई जिला अधिकारी की अध्यक्षता वाली कमेटी के सामने आवेदन करना होगा ।

परंतु वहां पर लगातार प्रयास करने पर भी उनको सफलता नहीं मिलती । फिर हार कर जब स्थानीय पुलिस को पैसा देता है और जितनी भी मिट्टी उसे चाहिए वो आजकल यही हो रहा है । जहां जेसीबी मशीन द्वारा मिट्टी खुदाई की दर उत्तर प्रदेश पुलिस की दो हजार रूपया प्रतिदिन है । आपको जितनी मिट्टी चाहिए आप ले सकते हैं । अब नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) का नियम यहां लागू नहीं होता । यदि दो हजार रूपया प्रतिदिन नहीं देंगे तो नियम पूर्ण रूप से लागू होगा ।

खनन माफिया कितना भी खनन करते रहे, कोई नियम उनके लिए बनता ही नहीं है । मेरा एक सुझाव है यदि नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) द्वारा जब नियम बनाया गया उस समय यह ध्यान ले लिया जाता जिन तालाबों व नदियों में खनिज नहीं हैं केवल साधारण मिट्टी है उन्हें चिन्हित कर लिया जाता और उसे क्षेत्र के स्थानीय निवासियों को यदि साधारण मिट्टी की आवश्यकता है तो उनसे वह मिट्टी निकालकर अपने उपयोग में ले सकते हैं तथा जो भी निर्माण होगा उसमें उपयोग होने वाली मिट्टी इन्हीं तालाबों व नदियों से निकाल कर निर्माण कार्य कराई जाएगी तो समतल जमीन खुदाई करने से बच जाती है तथा जो नदियां व तालाब सिल्ट जमा हो जाने के कारण उथले हो गए हैं आज इनमें वÂो ाल का संचय नहीं हो पा रहा है ।

इस कारण हम भयंकर सूखे से जूझ रहे हैं। तब शायद आज सूखे की यह स्थिति नहीं होती जो आज है और जो हमारे तालाबों व नदियों का प्राकृतिक स्वरूप था वह भी कायम रहता तथा हमारे देश के दस राज्य सूखे की चपेट में नहीं होते।

***SHRIMATI MEENAKASHI LEKHI (NEW DELHI):** I wish to raise the matter of drought and acute shortage of water in the country. One-thirds of all districts in the country are drought hit. Thousands of others are also suffering but are not classified as drought-hit. Farmers are committing suicides, potable water is at an all-time low with the ground water tables drying up rapidly that are forcing citizens to dig up wells as deep as 90 meters. Water in many reservoirs is below 15 per cent. In some cases, it is close to dead-storage levels. But far more than the searing drought of 1972, this is a man-made one. This list can go on. There is a need to understand that the water shortage problem in the country cannot arise over night or over the last two years, since our Government has taken over. The seeds of this problem were sown under the UPA regime that has failed us today. What we see today is essentially a consequence of unplanned actions taken over the years.

We all speak extensively on the state of affairs in Latur but we have not devoted any time in understanding the policy adopted by the then Government of Maharashtra that has led Latur to its current condition. For the last 15 years, huge diversions of water have been made to industrial projects and luxurious residential projects.

In the year 2011, the police killed three Maval farmers and wounded 19 others. The farmers protested against the Government for acquiring their lands for a water pipeline from the Pavana dam to Pmpri Chinchwad. The scale of loss of water this pipeline entailed eventually drew thousands of more protestors. The state Government instead of addressing the problem of water loss and scarcity, booked over a 1000 persons for 'attempted murder' and 'rioting.

In the year 2005, the Government of Mahrashtra allowed the Fun and Food Village Water and Amusement Park to open a branch at Nagpur in the times of serious water crisis. The amusement park offered 18 type water slides and an ice rink that was maintained in 47 degree centigrade heat. The park consumed huge amounts of electricity which resulted in 15 hour power cuts in the region and the electricity produced for the park alone consumed a lot of water.

Under the NCP Government, private projects such as Lavasa have sprung in the past. The project had the permission to store 0.87 TMC that is 24.6 billion litres of water. No other state in the country has spent more money to create less irrigation. The *Economic Survey 2011-12* revealed that land under irrigation had gone up by a meagre 0.1% in the whole decade. This meant that less than 18% of cropped area in the state was irrigated. To add, major transfers of water to industry also came in a time when there was a 23% fall in food grain production (2011-12).

To further worsen the situation, multiple private projects for the development of Golf Courses were encouraged. Currently, the state has 22 golf courses and many others are in the pipeline. It is not hidden that golf courses consume a ton of water and to maintain the vast stretches of lush green grass to serve the elite, they are sprayed with pesticides each day. With any irrigation on such land, the contaminated water seeps into the ground, making it unfit for consumption.

Even with a huge decline in food crops, the UPA alliance led Government stressed upon the cultivation of sugar cane. The state of Maharashtra is the second largest producer of sugarcane, after Uttar Pradesh. It is a water intensive crop in a drought prone and water scarce area. The sugar industry consumed roughly 90 lac litres of water each day. Maharashtra is home to 205 sugar cooperatives and 80 sugar mills that are privately owned. So water is bound to be misused without any accountability. To compare, I would like to state that the water required for 1 acre for sugar cane can be used to irrigate 10-12 acres of food crops such as jowar. Given this background, I would like to highlight that sugar cane takes just 6% of the total cultivated land in Maharashtra and more than half of the total water resource is dedicated to the crop. Sugarcane requires '180 acre inches of water' i.e. 18 million litres per acre. Eighteen million litres can meet the domestic water needs of 3,000 rural households for a month.

The problem doesn't end here. To worsen this situation, the then Government did not deter from encouraging rose cultivation. Roses need even more water. The rose plantations require 212 acre inches which is 21.2 million litres of water per acre. Clearly, NCP Government in Maharashtra worked hard to get to the crisis it now faces.

It is astonishing to see that the problem manufactured by a handful people that were previously in power has driven the entire state to such a condition and instead of looking for answers and working together towards solving the issue at hand, the opposition does not seize to indulge in opportunistic politics.

I would like to congratulate the Government for its efforts in providing water via 'Jaldoot' train to drought hit and parched areas around the country. The Government successfully delivered 25 lakh litres of water to Latur.

Further, I would like to congratulate the current Maharashtra Government for revising its policies. Apart from the ban on new sugar factories, the Government has announced implementation of the Pradhan Mantri Fasal Beema Yojana (PMFBY) in Maharashtra this kharif season. A state level co-ordination committee will be set up with the Chief Secretary as Chairman to decide on issues such as notifying crops under the scheme, risk level and setting up an execution mechanism. The government might also consider restrict water supply to the breweries.

With erratic rainfall, the drought situation cannot be ignored. The crisis has worsened with the mismanagement of the sources available to the previous Governments and how they haven't taken proactive measures.

Climate change is for real and it is time we take it seriously. We cannot control it but we can certainly take steps to adapt to it. I urge the

Government to see it from micro to macro levels and the approach has to be multi-pronged. Strategizing water supply is the most important point. Given this background, I strongly urge the Government to commission the river linking projects and divert the excessive water from the North Eastern region to drought prone and water scarce areas. There is need to re-evaluate and re-consider our water policy and take into consideration the manner in which we could collectively address the problem of diminishing water tables. Curing symptoms might work for now but in the long run, there is need for addressing the problem and taking expert advice. Holding sugarcane factories accountable, using drip-irrigation as a technique and rejuvenating ground water can be some of the steps. However, water conservation and its judicious use should be basis of every policy.

*__*__**SHRI S.P. MUDDAHANUME GOWDA (TUMKUR):** Today, the farmer of the country is reeling under crisis. Our farmers are suffering losses due to hailstorm and drought during the last two years and price rise and wrong policies of the Government have had a telling effect on our farmers. The agriculture growth rate has come down to drastically during this period. There has been also a decline in the wages and agriculture export. The allocation under the MNREGA has also been slashed. The previous UPA Government had made a substantial increase in the minimum support price of various crops but the present government has made only a nominal increase in their prices. I request the Union Government to release the compensation amount and insurance amount at the earliest. This Government has imposed new conditions on releasing compensation even in the cases of natural calamities. Even if a single farmer commits suicide it is a blot on us.

The farmers are not even getting appropriate compensation for crop losses. Out of eight states, six have sought the Central assistance of Rs.20,000 crore. What is the status of release of Central assistance? In spite of galloping prices of pulses, the farmers are getting meager Market Selling Price (MSP). I urge upon the Government to implement Swaminathan Commission's recommendations of providing credit to farmers at four per cent interest rate.

I would like to request the Union Government that loans of farmers should be waived. Crop insurance can be one of the major relief to those farmers who are affected by flood, drought or by any type of natural calamities. It is not possible for a State to tackle all these things and, therefore, the Central Government has to rise to the occasion. What do we do as a nation when there is drought, when there are unseasonal rains and when their crops are destroyed? We give Rs.1,000 or Rs.2,000 per hectare as compensation to those farmers who have lost their livelihood, who are heavily indebted and may probably lose their lands to *mahajans,* to non-formal lending institutions, associates or moneylenders. This type of meager compensation will not solve the problems of the poor farmers and reduce the farmers committing suicide. The Union Government should take effective steps to tackle this drought and drinking water crisis in the country.

So far as the drought is concerned, last four consecutive crops have been damaged badly due to excessive rains and drought and the farmers have suffered a lot. This change in climate has not occurred overnight, rather it is the result of indiscriminate falling of forest and exploitation of natural resources for a long period. Farmers are committing suicide because their other resources have vanished and they are dependent on cash crops and

grains only. The Government should approach the State Governments to ensure that the farmers get adequate power supply for irrigation in the states where it is not adequate.

Now, I will come to the position in respect of Karnataka state. In Karnataka also, the farmers are facing severe drought situation. The drought situation has become a continuous problem for the farmers in the state. The farmers, having been continuously put to this type of hardship, are financially incurring huge and great losses. The consequential effect is that they are resorting to commit suicide. The farmers committing suicides is not only restricted to Karnataka but the same situation is prevailing all over the country. To counter this problem in the country, the irrigation system should be developed specially for drought prone areas.

I would like to mention about the coconut growers in Karnataka in general and in Tumkur in particular. In the whole of Karnataka, the coconut growers are put to a lot of problems because of the depletion of the underground water and also because of the continuous drought. My request to the Government is not only rejuvenation of coconut groves in Karnataka but also to pay compensation to the farmers, who have lost their coconut trees because of the depletion of underground water and also because of the continuous drought situation.

In view of the continued severe drought prevailing in the entire country in general and Karnataka State in particular, there is a complete depletion of underground water. The bore-wells dug are yielding no results. This is also causing burden to the exchequer to the State. I urge upon the Union Government to look into the issue and provide necessary financial and other assistance to the Karnataka State to overcome the drought situation in the State.

***SHRI D.K. SURESH (BANGALORE RURAL):** I would like to express my views on the situation arising out of drought and drinking water crisis in many states and need to consider inter-linking of rivers and water resource management for sustainable solution to mitigate the crisis.

Our country has been reeling under either drought in many parts or flood in the some parts every year. As and when these natural calamities occurred it is the moral responsibility of the Union Government and also the state Governments to rescue the affected people from the said calamities. State Governments primarily take all necessary steps to handle the situation with its limited resources. However it is not an easy task to deal with the natural calamities like drought and flood without the assistance of Union Government. Therefore, the Union Government should take steps to disburse the financial and other assistance to states as soon as it receives the proposals seeking financial assistance and other help to tackle the situation.

In this connection, I would like to make a few observations that whenever there is drought or flood and hailstorm, etc. occurring in the country the Government is mainly concentrating on dealing the situation with either the authorities from the department of Home Affairs and Agriculture. Union Government particularly Ministry of Home Affairs and Ministry of Agriculture take lead in sending a team of experts to study the situation and seek report in this regard. This is to be expedited using the advanced technology and the Government should ensure that the competent authority should rise to the occasion without wasting time to handle the adverse situation during natural calamities.

Apart from this, there are several occasions the issue of drought and flood are taken up for the discussion and views and suggestions are sought from the Hon'ble Members of all the Political parties.

It has been observed that during the discussion on behalf of the Union Government, the reply to such debate would be given either by Hon. Minister for Home Affairs or Agriculture. In this connection, I would like to suggest the Union Government to consider the need of reply for such as debate from the Hon. Minister for Water Resources. I am of the of the view that both the natural calamities such as drought and flood are required proper management of water.

During drought, water should be supplied from surplus areas to deficit areas. It requires the cooperation of the water resources department and its authorities of both State and Central Governments. On the other hand, during the flood, water flow needs to be controlled and protect the crops, property and lives of people.

In the absence of adequate infrastructure to handle the problem of drinking water scarcity in the state of Karnataka as well as in the country, people are living in distress due to non-availability of drinking water particularly in northern part of Karnataka.

Keeping this in view, the Union Government should take immediate necessary steps to actively involve Union Ministry of Water Resources to effectively deal with the natural calamities like drought and flood in the country.

Therefore, I would like to urge the Union Government to take steps to expedite the inter-linking of rivers in the country to mitigate the problems of drought and flood.

*SHRI GEORGE BAKER (NOMINATED): A lot has been discussed about the drought situation in the country. I also feel sure a lot will also be discussed if anyway there are devastating floods. However, I find that proper solutions are not being thought of.

Our Hon. Prime Minister has already envisioned the linking up of waterways. I would sincerely request the concerned Ministries to kindly implement the schemes in due time. Considerable attention should also be paid to increase the draft of all rivers by means of dredging and also by building canals and rain water ponds in order to save the necessity of distributing our ground water resources.

In fact we are blessed with a very long coastline. If money could be spent by setting up of proper desalination plants, at intervals, along with the coastline. I feel, it would be of immense relief in the near future.

*__श्री कपिल मोरेश्वर पाटील (भिवंडी)__ः देश की अहम समस्या सूखे व पीने के पानी की गंभीर होती जा रही है। देश के कई राज्य जिस तरह सूखे के संकट से जूझ रहे हैं, वह आने वाले समय में जल संकट की गहराती समस्या की ओर संकेत देती है, मराठवाड़ा, विदर्भ, बुंदेलखण्ड में स्थिति कहीं अधिक खराब है। हमारे देश का 60 फीसदी इलाका और खेती-किसानों का काम पूरी तरह से मानसून पर निर्भर है और ऐसे में अगर बारिश सामान्य स्तर से कम हुई तो लोगों की मुश्किल और बढ़ना स्वाभाविक है।

मेरा गृह राज्य महाराष्ट्र के कुछ क्षेत्रों में गत चार सालों से लगातार सूखे की स्थिति बनी हुई है और खेतों को जितना पानी मिलना चाहिए, उतना पानी नहीं मिल पा रहा है, जिसके कारण किसानों के द्वारा कड़ी मेहनत के बाद उनके खेतों में उत्पादन एवं पैदावार कम हो रही है, जिसके कारण किसानों की आर्थिक हालत काफी खराब है और कई किसान आत्महत्या करने के लिए मजबूर हो रहे हैं।

किसानों को इस भीषण समस्या से उबारने एवं निकालने के लिए गहनता के साथ सोचना होगा, किसान देश का अन्नदाता है, भारत एक कृषि प्रधान देश के रूप में जाना जाता है, अगर यहां किसान की हालत खराब होगी तो दुनिया में भारत की बदनामी होगी। देश में 70 प्रतिशत किसान कृषि पर निर्भर है और देश तेजी से आर्थिक विकास की और प्रगति कर रहा है और दूसरी ओर किसान आत्महत्या करे यह चिंता का विषय है।

महाराष्ट्र के साथ ही, 10 राज्यों में 256 जिलों में लगभग 33 करोड़ लोग सूखे से प्रभावित हैं, राजस्थान के 19 जिलों में भयंकर जल संकट है, वहां का भीलवाड़ा ऐसा जिला है, जहां लोगों को छह से सात दिन में एक बार ही पानी मिल रहा है। पूरे देश में सूखे की स्थिति अत्यंत गंभीर बनती जा रही है। कई स्थानों पर तो सूखे की इतनी मार है कि किसानों का पशुधन भी बगैर चारे के मर रहे हैं। किसान सूखे की मार सहन न कर सकने के कारण पलायन कर रहे हैं, सूखाग्रस्त राज्यों की गंभीर स्थिति को देखते हुए बहुत जरूरी हो गया है कि शीघ्र ही सूखा राहत रोज़गार व पोषण कार्यक्रमों को बढ़ाया जाये। मराठवाड़ा ही नहीं महाराष्ट्र मे पानी की समस्या के लिए जिम्मेदार है गन्ने जैसी नकद नारायण देने वाली फसल, देश की कुल चीनी 66 फीसदी उत्पादन करने वाले महाराष्ट्र में गन्ने की फसल किसानों की आय का बड़ा ज़रिया है, लेकिन गन्ने की फसल के लिए पानी ज्यादा लगता है, जिससे अन्य फसलें प्रभावित होती हैं।

देशभर में पानी को लेकर हा-हाकार मचा है, विशेषज्ञों का कहना है कि सागर और बूंदे यदि अलग हो जाएं तो न सागर बचेगा और न बूंदे। देश में भीषण सूखे की यह एक बड़ी वजह है। हमारे देश में लाखों की तादाद में तालाब थे, कुँए थे, लेकिन हमने उन्हें रहने नहीं दिया। तालाब, कुँओं जैसे पारंपरिक स्रोतों को जीवंत बनाने और भूजल संरक्षण की जरूरत पहले से कहीं अधिक हो गई है, सूखे से निपटने के लिए महाराष्ट्र राज्य सरकार युद्ध स्तर पर काम कर रही है, खुद मुख्यमंत्री जी ने अपने नेतृत्व में तालाब निर्माण योजना, जलयुक्त शिवार अभियान, जेएसए का लोकार्पाण किया है। इसका उद्देश्य सात भर में महाराष्ट्र के 5000 गांवों को सूखे से मुक्त करना तथा समूचे राज्य को 2019 तक सूखे से मुक्ति दिलाना है तथा इसके अंतर्गत वाटर शेड का विकास, भूजल स्तर में वृद्धि, जल स्रोतों से गाद हटाना और उनका विकेंद्रिकरण, सिंचित क्षेत्र में इजाफा करना, मिट्टी और सीमेंट के चैक डैम बनाना और खेतों में तालाब इत्यादी बनवाना, यह सारे उपाय मुख्यमंत्री जी खुद की निगरानी में कर रहे हैं, लेकिन सूखे की मार और भयावह होती जा रही है। 2015 में राज्य में कुल बारिश राष्ट्रीय प्रतिशत का 59.4 फीसदी रही, जो कम थी। यह लगातार दूसरा कम बारिश वाला साल है। 2015 मे खरीफ की फसल कुल 141.46 लाख हैक्टेयर जमीन में बोई गई, यह 2014 से 6 फीसदी कम थी। इसमें से 98.6 लाख हैक्टेयर फसल सूखे की चपेट में आ गई, फिलहाल लातूर सूखे की सबसे ज्यादा मार झेल रहा है। यहां मिराज नाम की ट्रेन सांगली से 302 किलोमीटर की दूरी तय करके यहां 10 वैगन पानी लेकर पहुँची है, जिसमें हर वैगन की क्षमता 50 हज़ार लीटर है।

महाराष्ट्र सरकार सूखे से निपटने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। मुख्यमंत्री जी ने महाराष्ट्र में आई.पी.एल. के मैचों पर प्रतिबंध लगाकार एक मिसाल कायम की, जिससे 60 लाख लीटर पानी बचाया जा सका, राज्य ने जेएसए के पहले वर्ष में 1400 करोड़ रूपए खर्च कर दिये, जिन किसानों की 33 फीसदी फसल बर्बाद हुई है, वे भी अब मुआवजे के हकदार हो गये हैं, पहले यह 50 फीसदी फसल की बर्बादी वाले किसान मुआवजे के दायरे में आते थे और खुदकुशी करने वाले किसानों के परिजनों को बिना शर्त और बिना जांच एक लाख की रकम दी जा रही है, खेतों में तालाबों के लिए 250 करोड़ रूपए 50,000 तालाब बनाने के लिए व मवेशी शिवर आवंटित राशि 530 करोड़ रूपए महाराष्ट्र सरकार द्वारा सूखाग्रस्त जिलों को दिया जा रहा है, जिससे प्रदेश के कई किसानों को राहत महसूस हो रही है, राज्य में किसानों पर कुल कर्ज अनुमानतः 10,000 करोड़ रूपए है, माननीय मुख्यमंत्री जी ने 5 लाख किसानों को कर्जमुक्त करने का निर्णय लिया है, जिसका पूरे महाराष्ट्र में स्वागत हुआ है।

मैं प्रधानमंत्री जी को धन्यवाद देता हूँ जिनके कुशल नेतृत्व में अर्से बाद केंद्रीय बजट का रूख गांव, किसान और गरीब की ओर मुड़ा है, यह एक साहसी कदम है। कृषि और किसान विकास के संदर्भ में अत्याधिक उत्साहवर्धक दृष्टिगत होता है, इसमें कृषि विकास के दीर्घकालीन मुद्दे को संबोधित करने के लिए कई नई पहल की गई हैं, खासकर सिंचाई के क्षेत्र में लगातार सूखे के कारण कृषि क्षेत्र में आई सुस्ती का मुख्य कारण प्रौद्योगिकी का पूरा उपयोग न करने के कारण किसानों को सरकारी योजनाओं के विषय में पूरी जानकारी नहीं होती है, यह आवश्यक है कि कृषि के विकास के लिए विस्तारपूर्वक सुधार किया जाना चाहिए, सरकार को नीतिगत स्तर पर भी कई तरह के साहस दिखाने होंगे। अपनी वैचारिक प्रतिबद्धता के साथ ही बाज़ार की विवशता को साधने की कोशिश करनी होगी। तभी इस साहस के पौधे की सोच अपनी मंजिल हासिल कर सकेगी।

*__डॉ. यशवंत सिंह (नगीना)__ ः शुद्ध पेयजल की उपलब्धता कराना किसी भी सरकार की एक महत्वपूर्ण जिम्मेवारी है । आने वाले समय में जल उपलब्धता एक राÂष्ट्रीय संकट के रूप में बड़ी समस्या बन सकता है। इस संकट से बचने हेतु कारगर उपाय किया जाना नितान्त आवश्यक है ।

देश की एक बहुत बड़ी आबादी गरीबों, दलितों एवं वंचितों की है । इस देश में पेय जल के जितने भी स्रोत उपलब्ध हैं उनकी उपलब्धता अभी भी इन लोगों से दूर है । इन गरीब लोगों को दूÂिषत पानी पीने पर मजबूर होना पड़ता है । कई स्थानों पर तो इन गरीबों को गाँव के तालाब का पानी पीने से भी वंचित रखा जाता है । सरकार द्वारा दिये गये हैण्ड पंप की भी दबंगों द्वारा बंदरबाट हुई हैं । दबंगों के घरों पर खेत में खलिहान, में इण्डिया मार्का हैंड पंप लगे हुये हैं परंतु इन गरीबों की बस्तियों में अभी भी हैण्ड पंप की कोई सुविधा नहीं है ।

सरकार के नौकरशाही लोगों ने संख्या गिनकर सर्टिफिकेट जारी कर दिये की आवश्यकता के अनुसार हैण्ड पंप लगाये जा चुके हैं । ऐसा निर्णय बिना वास्तविकता को जाने किया गया है । यह उन गरीबों के अधिकारों पर अघात है जिन्हें आज तक अपनी कालोनियों में हैण्ड पम्प लगाने की उम्मीद थी ।

मैं उत्तर प्रदेश के जनपद बिजनौर की नगीना सीट से चुन कर आता हूं । यहां पर सरकार द्वारा हैण्ड पंप लगवाने पर प्रतिबंध लगाया गया है तथा आदेश दिया गया है कि अब पाइप वाटर सप्लाई योजना लायी जायेगी । गरीबों की हजारों ऐसी बस्तियां हैं जिन्हें ना तो पाइप वाटर सप्लाई की उम्मीद है और न ही उन्हें हैण्ड पंप उपलब्ध कराये जा रहे हैं । कहां जायेंगें ये गरीब लोग कब तथक ये

लोग सरकारी योजनाओं से वंचित रहेंगें। मेरा सरकार से निवेदन है कि अभी हैण्ड पंप लगाने वाली स्कीम को बंद ना किया जाए तथ चुन-चुन कर उन बस्तियों में इण्डिया मार्का हैण्ड पंप लगायें जाये जहां तक अभी तक लोग शुद्ध पेयजल से वंचित हैं।

मेरे क्षेत्र में गंगा नदी तथा मालन नदी, सो नदी तथा रामगंगा नदी बहती है। बरसात के दिनों में इन नदियों द्वारा बाढ़ का विकराल रूप हो जाता है। इसके कारण भारी मात्रा में जान माल की हानि होती है। इस बाढ़ की विभीÂाषका से क्षेत्र को बचाने हेतु बाढ़ नियंत्रण विभाग द्वारा काफी प्रस्ताव बनाये गये हैं जिनको पैसे की स्वीकृति की प्रत्याशा है। उत्तर प्रदेश सरकार के अधिकारियों द्वारा बताया जाता है कि केन्द्र सरकार द्वारा बाढ़ नियंत्रण मद में कोई पैसा नहीं दिया जाता हे। मेरा सरकार से अनुरोध हे कि बाढ़ नियंत्रण के प्रस्तावों को पास कराने हेतु प्रदेश सरकार को पैसा स्वीकृत कराये। इन शब्दों के साथ मैं अपनी बात समाप्त करता हूं।

***SHRI THOTA NARASIMHAM (KAKINADA):** Ours is an agrarian country. Most of our agriculture produces are still dependant on monsoon. If rains are plentiful, farmers will have prosperity, otherwise poverty. Agriculture is mostly dependant on luck.

This year, we have been facing severe drought and drinking water scarcity throughout the country. Reason is simple, rainfall is below normal, resulting in drought. Almost two fifth of the country population is now staggering in drought. We predicted this six months before. We focused only on the drinking water crisis in urban centres and not on the multi-dimensional crisis of life and livelihood in rural areas.

Unfortunately, there is no preparedness to face drought in our country. Britishers prepared documents called as Famine Codes. The colonial mindset continued even after independence. Governmental practices are still conservative.

Because of drought conditions, many regions of the country are in the grip of a vicious cycle of drilling, causing the water table to sink further. If we go back to our ancient history, ecologically safe engineering marvels of water conservation, traditional systems of water harvesting, have existed in India for nearly 1500 years. When there was no pipeline supply to houses for drinking water purpose, our forefathers depended on these rain water harvesting techniques. Even today these systems remain viable and cost effective alternatives to rejuvenate depleted ground water aquifers. With the support of the government, these structures could be upgraded and productively combined with modern rainwater saving techniques such as anacuts, percolation tanks, injection wells and subsurface barriers.

"Agricultural Drought Assessment Report" is issued for major States every month by the Mahalanobis National Crop Forecast Centre. Most of the farmers are illiterates and they don't know about this. The government has to bring all this together and operationalize it. We have a National Disaster Management Act of 2005. The National Disaster Policy required under the Disaster Management Act did not exist yet. The Disaster Mitigation Fund proposed under this Act has not been created. National Disaster Response Force did not have any expertise to deal with the drought. We didn't even have the correct count of the number of people affected by the drought. MGNREGS could have been one of the most efficient drought relief measures. At the end of fiscal year 2015-16, the government owed more than Rs. 12,000 crore pending liability to MGNREGS. The government is paying lower than statutory minimal wages to MGNREGS workers.

Immediate drought relief measures have to be taken up for 6 months in the drought-affected areas, such as universal access to food-grain quota, additional 2 kg of dal and 1 litre of edible oil for each household; one egg and glass of milk everyday in the mid-day meal scheme and extension of the scheme during summer vacation; implementation of drought manual on drinking water and fodder and setting up of cattle camps; restructuring of farm loans on the same lines of corporate loans; raising crop loss compensation to cover at least the cost of cultivation.

Our Hon'ble Prime Minister made his strategy clear to achieve the fixed target through a seven-point charter; (1) focus on irrigation; (2) provide quality seeds and increase oil health; (3) avoid post-harvest losses by building warehouses and cold chains, (4) add value through food processing; (5) have a single national market; (6) provide crop insurance coverage; (7) and add ancillary activities like poultry to farming. These initiatives are not new. Our villages have already adopted what our PM has proposed. The only differences are in the way these villages implemented the change

and the principles behind them. Hon'ble PM identified activities to increase the income focused on local planning and the involvement of local communities in development.

Coming to Andhra Pradesh, the Food and Agriculture Organization (FAO) of the United Nations launched a groundwater management programme in 2013 called "Andhra Pradesh Farmer Managed Groundwater Systems" in seven most drought-prone districts. The training given to farmers in groundwater management enabled them to grow crops depending on water availability. They learnt to measure rainfall and groundwater level, based on which they now advance sowing to October, usually done in December, to save costs on irrigation. Farmers shifted from water-intensive to water-efficient crops besides encouraging diversified cropping. It raised the income of the farmers. Under the project, farmers are trained in data collection, soil types, lithology, irrigation systems and water-saving techniques like drip irrigation, mulching, and furrow-irrigation. Besides training, various structures are set up like check dams, percolation tanks and injection wells. Poverty can be defined as lack of access to natural resources. One can call it ecological poverty. Farmers' primary aim is to gain access to local resources like traditional tanks and ponds or the common grazing land. Government agencies, working with a conventional notion of poverty don't see community initiatives as a viable model of employment generation and poverty eradication. Consequently, government policies are not tuned to the local scenario, making all the efforts futile. There should be change in the thinking at the government level. Then only, we can eradicate drought and maintain sustainable growth.

*__श्री रोड़मल नागर (राजगढ़)__ः हमारे लोकसभा क्षेत्र राजगढ़ के अधिकांश किसान ऐसे हैं जिनके लिए मानसून वर्षा सिंचाई का एक मात्र स्रोत है। सूखे और अस्थिर मानसून जैसी जलवायु परिवर्तन संबंधी समस्याओं का सामना नही कर पाने के कारण कृषि क्षेत्र में उनके निवेश में कमी आती है, फलस्वरूप कृषि उत्पादकता में भी कमी आती है।

यू.एन.ओ. के एक अध्ययन से पता चला है कि पूरे विश्व में किसानों के बीच आत्महत्या की दर गैर-कृषि क्षेत्र की जनसंख्या की तुलना में अधिक है। भारत में 1997 और 2005 के बीच प्रत्येक 32 मिनट में एक किसान ने आत्महत्या की है। राष्ट्रीय रिकॉर्ड ब्यूरो ने इस बात पर प्रकाश डाला है कि सूखे की वजह से भारत में फसलों के बर्बाद हो जाने से किसानों द्वारा आत्महत्या का तीसरा सबसे महत्वपूर्ण कारण रहा है। सूखे के परिणामस्वरूप कृषि क्षेत्र में रोज़गार में कमी आती है एवं किसानों और ग्रामीण लोगों की क्रय शक्ति भी कम हो जाती है तथा पेयजल, खाद्यान्नों और पशुचारे का भी अभाव हो जाता है, मुद्रास्फीति विशेष रूप से खाद्यान्नों के मूल्यों में वृद्धि होती है तथा किसानों द्वारा अपने उत्पाद को ओने-पोने दामों पर बेचना और भूमि, आभूषणों और व्यक्तिगत संपत्ति को गिरवी रखना प्रारंभ हो जाता है जिसके कारण आजीविका और भोजन की तलाश में लोगों का सूखा प्रभावित क्षेत्रों से दूसरे क्षेत्रों में पलायन करना मजबूरी हो जाता है।

सूखा अनिवार्यतः अकाल जैसी स्थिति के साथ जुड़ा हुआ है, जिसके अपने सामाजिक और आर्थिक परिणाम होते हैं। अनुभवों और सर्वोत्तम अंतर्राष्ट्रीय कार्य प्रणालियों के आधार पर तदर्थ संकट प्रबंधन के स्थान पर ""अग्रिम सूखा प्रबंधन"" के दृष्टिकोण को अपनाने के लिए गंभीर प्रयास किए जाने की आवश्यकता है। चूंकि भारत में सूखे का आकलन करने की सुदृढ़ क्षमताएंÃ¬ मौजूद हैं। अतः जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को देखते हुए पूर्व चेतावनी देने और प्रभावी निगरानी की क्षमता में बढ़ोतरी करने की आवश्यकता है।

भारतीय संस्कृति में प्रकृति "पृथ्वी" को मां कहा गया है। माता भूमि पुत्रोऽहयं पृथिव्याः अर्थात् पृथ्वी हमारी मां है, हम पृथ्वी के पुत्र हैं। पृथ्वी माता रूप में संपूर्ण ब्रह्मांड के जीवों का पालन-पोषण करती है। अतः इसका संरक्षण करना हमारा नैतिक कर्त्तव्य है, वर्तमान समय में मनुष्य प्रगति की ओर उन्मुख है। वह प्रतिदिन वैज्ञानिक और औद्योगिक क्षेत्र में उन्नति कर विकास की ओर बढ़ता जा रहा है, वहीं दूसरी ओर विकास की गति हमारे लिए कष्टकारी सिद्ध होती जा रही है, वनों की कटाई, वनस्पतियों और जीवों के संबंधों में कमी, औद्योगिक और शहरीकरण में वृद्धि, विज्ञापन तथा तकनीकी का अप्रत्याशित प्रसार और जनसंख्या विस्फोट के रूप में सामने आ रहे हैं, उससे प्रकृति का संतुलन बिगड़ गया है।

अतः इन विकराल परिस्थितियों में भी माननीय मोदी जी के नेतृत्व में बनी सरकार ने दूरगामी सोच का परिचय देते हुए ग्रामीण और कृषि अर्थव्यवस्था में बुनियादी बदलाव लाने के ठोस और व्यापक उपाए किए हैं। देश में सूखे की स्थिति सुधारने के लिए बहुत ही सराहनीय कार्य करते हुए विभिन्न योजनाओं का संचालन किया गया है। जैसे प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के अंतर्गत सिंचाई के अधीन क्षेत्र बढ़ाया जाएगा। लंबित पड़ी सिंचाई परियोजनाआंो को चालू करने के लिए उन्हें फास्ट ट्रैक पर डाला जाएगा। नाबार्ड में समर्पित दीर्घकालीन सिंचाई निधि की स्थापना की भी घोषणा की गई है।

इस समय देश के अधिकांश राज्य सूखे की समस्या से प्रभावित हैं। फिर भी, हमारे मध्यप्रदेश में सूखे से निपटने के लिए अथक सराहनीय कदम उठाए गये हैं, जिसके कारण मध्यप्रदेश राज्य को कृषि के क्षेत्र में पिछले चार वर्षों से कृषि की औसत दर 20 प्रतिशत रही है। पेड़-पौधे लगाकर वनों को सघन करना, जल स्रोतों को अतिक्रमण मुक्त करना, बलरामताल, छोटे-बड़े बांध, खेत के पानी को खेत में रोकने का कार्य किया गया है जिसके कारण मानसून की विपरीत परिस्थितियों में भी मध्यप्रदेश सरकार को कृषि के क्षेत्र में चौथी बार कृषिकर्मण अवार्ड से पुरस्कृत किया गया है। मेरे संसदीय क्षेत्र राजगढ़ में सरकार द्वारा पुनः ""नदी जोड़ो योजना"" के माध्यम से कालीसिंध-पार्वती-चम्बल लिंक परियोजना की स्वीकृति क्षेत्र के लिए वरदान सिद्ध होगी, मैं इसके लिए सरकार को धन्यवाद देता हूँ।

सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना में भी हर बूंद का अधिकाधिक उपयोग करते हुए उन्नत कृषि उत्पादन पर ज़ोर दिया जाना सरकार की नेक नियत को दर्शाता है। इसी प्रकार गांव-गांव में नल-जल योजना को स्वीकृत करना व जल संसाधनों का संरक्षण व रख-रखाव भी स्थानीय स्तर पर करवाया जाना सरकार के सार्थक प्रयासों को दर्शाता है, जो पहले नहीं देखने में आता था।

माननीय प्रधानमंत्री जी का ध्येय ""सबका साथ-सबका विकास"" के अनुरूप ही हमें इस अभियान को समग्र जनान्दोलन का स्वरूप प्रदान करना होगा। तभी हम इस समस्या का प्रभावी हल निकाल सकते हैं। अतः मेरा कहना है कि अगर दिशा सही है तो परिस्थितियां चाहे जो भी हो परिणाम निश्चित ही ठीक होगा।

*__SHRI RABINDRA KUMAR JENA (BALASORE):__ I would initially like to bring the attention of the government to the state of Odisha, which is presently facing a massively devastating heat wave. Certain reports suggest the death toll in the state due to heat wave has risen to 99. According to the Government's representation to the Supreme Court, at least 330 million people are affected by the present drought situation in India. The drought is taking place as a heat wave extends across most of India, with temperatures crossing extremely high levels for days now. Nearly 256 districts across India, home to nearly a quarter of our population, are being impacted by the drought. Schools have been shut down in Odisha and more than 100 deaths due to heatstroke have been reported from across the country. The present situation is akin to a national emergency and it is imperative that parliamentarians from all political parties join hands to collectively find solutions to the devastating problems arising from the present crisis.

Despite rapid economic growth and some entitlements, the rural poor in India continue to live in conditions of appalling deprivation and insecurity. And in some respects, notably water scarcity, the impact of drought may be worse than before. Recent reports from Bundelkhand and elsewhere confirm that without emergency support, drought continues to plunge millions of people into intolerable hardship. The simplest way of preventing starvation in a drought situation today is to intensify permanent income support measures, for instance, by expanding employment under MGNREGS,

providing special food rations under the PDS, and arranging for improved school meals.

Few issues are more important at this time than the successful roll-out of the National Food Security Act, yet it seems to be off the Central government's radar. The Finance Minister's recent Budget speech, for instance, did not make a single reference to it, or for that matter to nutrition in general.

I would now like to highlight the importance of public participation in times of such crisis (though that should never be a substitute for effective governance, and only a complement) - The citizens of Latur, one of the worst-hit in the present water crisis, have formed a public trust to rise Rs. 7.5 crores to widen and deepen the Manjira river that flows through their town. Around Rs. 3 crores is already in the kitty. The people of the nearby Renapur tehsil have also raised Rs.1.23 crores to rejuvenate their local river. There have been other stray examples of such attempts to fund infrastructure through crowd sourcing. In the 1980s, residents of two villages in Maharashtra had raised money through the sale of sand to fund the Baliraja dam in the Sangli district of Maharashtra. There is a similar example in another part of India. Nine villages in Haryana collected money to build a bridge across the Ghaggar river so that it becomes easier for them to bring their farm produce to Sirsa town. They built their own bridge after the state government failed to do so.

Prime Minster Narendra Modi, in a recent speech in Assam, had said (according to reports from The Guardian); "we are working on a big scheme to bring water to farmlands. We need to have a permanent solution to the drought." Does the government even have a time-bound policy solution to the crisis?

It is imperative that the government urgently complete around 312 irrigation projects that are pending for about 25 years, and to formulate both an immediate plan and a long-term plan to tackle drought and provide water for drinking and agriculture. A separate ministry should be created to deal with droughts, floods and other natural calamities.

It is important to note that water shortage in India is not merely because of bad monsoon. Water is now a policy challenge. Several countries have started analysing water demand and supply in the context of agricultural, trade and industrial policies. India and China are the world's biggest countries (in terms of population) and their water policies are the subject of global studies. Studies of Stockholm Water Institute and International Water Institute (available on the internet) show that China is managing its water resources better. Rainfall in India is 50% higher than that in China, but India's water resources are 67% of those of China's and per capita water availability is declining faster than that in China.

Looking at the exploitation of groundwater, river water and other water resources, India needs a comprehensive policy change on its water usage. The 2016 drought has come with a warning to urgently initiate major fundamental policy changes on water usage. Now is the time for water mapping of crops in India, so that the water footprint or the level of consumption of water by different crops can be estimated. Now farming should not be done on the basis of traditional areas of crops, but on the basis of water footprint.

While the government's plans to link water resource is indeed commendable, it is imperative that the implementation is fast-tracked and efficiently monitored, and that Parliament is informed of these efforts of the Government periodically. To tackle India's water crisis, what is required is a large-scale national water infrastructure development program that will not only use Indian public funds but also leverage international aid assistance and other forms of development finance to rapidly build up national water storage capacity. A key part of the solution is to build a much larger network of big water reservoirs as well as regional and local water storage systems.

In parallel, advanced agricultural irrigation systems should be integrated into low rainfall areas of India, utilizing advanced technology that is used in arid areas of countries such as the US, Australia and Israel. Modernization of urban waterworks is also very important in order to prevent large-scale loss of water through leaking and damaged pipes. In the short term, however, the Indian government can take certain pre-emptive and proactive steps to lessen the vulnerability of people. This should entail providing more financial support to farmers, staging awareness raising campaigns that teach people how to conserve water and use it more judiciously, and essentially giving people incentives to use water cautiously, as should be the case with any non-renewable resource.

***SHRI DUSHYANT SINGH (JHALAWAR-BARAN):** I represent the district of Jhalawar-Baran in Rajasthan. Rajasthan, as all of us know, is one of the worst affected states from drought in India. More than half of the districts (19 out of 33) of Rajasthan are declared drought hit in 2015-16. The crops of Kharif season (October 2015) in 2015 were affected from drought whereas those of Rabi (March 2016) were affected by hailstorm. In order to support the crop loss due to natural calamities and water crisis, the state government must be supported by the central government both financially and also in long term sustainable planning to avoid losses to the farmers and agricultural households from these factors.

Following are some of the important concerns of the state government of Rajasthan and I being a representative from a constituency of Rajasthan extends my request to the Government of India, Honourable Minister of Home Affairs and Honourable Minister of Agriculture and Farmers Welfare to look into these issues and hence provide the needful assistance to the state

During the Drought Kharif Samvat 2072 (October 2015), a total of 15,820 villages of 20 districts with 54.49 lac farmers and 39.80 lac hectare area suffered crop damage of 33% or more. Out of which 14,487 villages of 19 districts having crop loss of 50% or more were declared as scarcity affected.

The Government of Rajasthan submitted a Memorandum to GoI amounting to Rs. 10,537 crore for conduct of relief activities for drought Kharif Samvat 2072. An amount of Rs. 1193 crore was sanctioned against the demand. Out of the total 5.77 crore livestock in the State, 1.69 crore livestock have been severely affected. An amount of Rs. 1043.69 crore against the cattle conservation activities were demanded vide Memorandum, whereas, no funds have been sanctioned for the same till now. Therefore, assistance for cattle conservation from NDRF needs to be sanctioned forthwith.

During Hailstorm Rabi Samvat 2072, a total of 657 villages of 15 districts experienced crop loss of 33% or more affecting 1.13 lac farmers and 1.16 lac hectare area in the State. The above farmers are eligible for agriculture input subsidy as per the revised SDRF norms of dated 8-4-2015. The Government of Rajasthan declared 303 villages of 11 districts with crop damage of 50% or more as scarcity affected.

Para-3 of the letter dated 8-4-2015 of MHA, Government of India says "In case the same State faces another severe disaster during the same year, no adjustment will be made while releasing NDRF assistance." Despite the above existing provision, the demand projected in our Memorandum, the HLC has made adjustment of Rs. 282 crore out of the approved amount of NDRF Rs.1193.41 crore. Hence, only Rs.911 crore assistance of has been issued. Therefore, the condition of adjustment needs to be set aside and full amount of Rs. 1193 crore may be issued. Also while releasing assistance for Rabi-2072 the above adjustment needs to be set aside.

The assessment of Kharif damage and the number of actual affected farmers is done through a detailed and transparent process of Khasara Girdawari. This process was highly appreciated during the debriefing on 1-5-2016 by the IMCT on their return after visiting hailstorm affected areas of the State. It is important to state that the HLC has taken into consideration the agriculture census of 2010 as the basis for identification of small and marginal farmers for ascertaining the amount of agriculture input subsidy, which is much less than the present number. As a result, the amount sanctioned against the proposed memorandum for agriculture input subsidy is less against the actual demand. For example, during Rabi (Hailstorm 2071-March 2015) an amount of Rs. 3200 crore was proposed against the agriculture input subsidy but sanction of only Rs. 1446 crore has been received, whereas on the basis of Girdawari report, the State Government had to disburse Rs. 2,479 crore to 29.53 lac farmers in order to avoid the discontentment amongst the farmers. As a result of the above, almost the complete allocation of SDRF was expended for agriculture input subsidy for Samvat 2071. Also, for Kharif damage Samvat 2072 (October, 2015), an amount of Rs. 1178 crore was received against the demand of Rs. 2602 crore for agriculture input subsidy. Hence, the receipt of less amount of agriculture input subsidy leads to possibilities of law and order problem and discontentment amongst the farmers. Also, the State faces practical problems for the disbursement of the agriculture input subsidy owing to the above. Therefore, the sanctions of funds should be considered as per the actual number/figures of the Girdawari report and the actual number of farmers mentioned in the Memorandum and proposed demand for agriculture input subsidy and not as per the agriculture census 2010.

The GoI released 2nd annual installment of SDRF in the month of June, 2015 during Samvat 2071 in the wake of the crop damage due to the hailstorm. Accordingly, due to the successive calamity and huge committed liabilities for relief activities and non availability of funds, the 2nd annual installment may be released in the month of May 2016, instead of December, 2016.

As per the 14th Finance Commission, the allocation of an amount of Rs. 1103 crore of SDRF has been fixed for the year 2015-16. After this fixation, the GoI has revised the SDRF norms on 8-4-2015 and increased the assistance amount from 150-300% in various heads. As per the new norms, the percentage of 50% for agriculture input subsidy has been revised to 33% or more. Whereas, no increase has been provisioned in the new annual allocation of SDRF. Hence, the above revision of SDRF has directly affected the annual expenditure of the State SDRF. Therefore, the proportionate increase in the amount of annual allocation is required to be provisioned as per the increase provisioned in new SDRF norms.

The State of Rajasthan has faced drought in 61 out of the 67 years with prolonged drought conditions of 8-9 months in continuation. The earlier CRF (Calamity Relief Fund) norms empowered the SEC for allowing the conduct of relief activities for more than 9 months as per the actual requirement. This provision has been abandoned in the revised norms vide circular dated 8-4-2015. Another provision which has been provisioned is, that in the normal conditions the relief activities will be run for 90 days and this period will not be extended further except extension only during special conditions beyond 90 days with the condition that the additional expenditure should not exceed the 25% of the annual allocation of the SDRF. Therefore, this condition of 25% expenditure out of the annual allocation of SDRF should be removed and the earlier CRF norms should be restored.

The present maximum limit for agriculture input subsidy as per the existing SDRF norms is 2 hectare, whereas, the geographical condition in Rajasthan are different and the cultivated area also is bigger and un-irrigated per person. Therefore, in context of Rajasthan this limit should be increased to 5 hectare.

Horticulture crop like orange, kinu and cash crops like jeera, isabgol, etc. have higher preliminary expenditure (approx. Rs. 1 lac per hectare), whereas, as per the SDRF norms, the agriculture input subsidy for such crop damage is only Rs. 18,000 per hectare. This limit should be increased up to at least Rs. 50,000 per hectare.

As per the present SDRF norms only 3 large milch or 30 small milch animals or 3 large draught animals or 6 small draught animals per household are permitted for relief assistance in case of death during a disaster. The assistance in respect of the above should be provisioned as per the actual number of cattle loss.

The release of the assistance from NDRF for combating any disaster is decided by the HLC. The representatives of the State are not invited for above HLC meeting and the State does not get the opportunity to present their case effectively. Therefore, the decisions on certain important and desired aspects of the proposed memorandum remain unfocussed/unattended and the State does not get the desired funds. Hence, the State should be permitted to present their case in the HLC.

Therefore, I once again request the central government and the concerned Honourable Ministers to look into these grave issues faced by the State of Rajasthan. Rajasthan is the largest state in terms of total area and a large portion of it faces worst climatic conditions which include concurrent droughts, hailstorm etc.

Hence, I hope that with the blessings of Honourable Prime Minister, Honourable Finance Minister and Honourable Home Minister, the state of Rajasthan will overcome its drought related situations and also drinking water crisis problems. I urge the central government to consider the above requests of the state government of Rajasthan and provide us the needful financial assistance for temporary relief and also bring changes in the policies for a longer term solution. It will benefit the seven crore people of Rajasthan and we will always be obliged to the government and Honourable Ministers for their support.

*श्री बीरेन्द्र कुमार चौधरी (झंझारपुर)ः देश में बाढ़-सुखाड़ से भारी नुकसान होता है। मैं बिहार के झंझारपुर लोकसभा क्षेत्र से आता हूँ और हमारा संसदीय क्षेत्र प्रत्येक साल बाढ़-सुखाड़ से गुजरता है। सुखाड़ के निदान के लिए बहुत उपाय है जैसे-नेपाल से बिहार आने वाली दर्जनों नदियों में बारहों माह पानी रहता है। जिसमें मेरे संसदीय क्षेत्र झंझारपुर में बिहुल नदी, सुगर्वे नदी, कोशी, बछराजा नदी, सलखनिया नदी इत्यादि पर यदि जगह-जगह पर सुलिश गेट बना दिया जाए तो लाखों एकड़ जमीन की सिंचाई हो जाएगी और किसान खुशहाल हो जायेंगे।

बाढ़ की भी स्थिति बहुत ही भयावह मेरे यहां होती है जैसे कोशी, कमला और बागमती नदियों पर यदि डैम की व्यवस्था हो जाए तो बाढ़ से निदान पा सकते हैं।

उल्लेखनीय है कि कमला नदी पर तटबंधों का निर्माण कई दौर में हुआ है। पहले जयनगर से झंझारपुर, फिर झंझारपुर से दर्जिया, दर्जिया से फुहिया तक तटबंध निर्माण का फैसला 1980 में कर्पूरी ठाकुर के जमाने में हुआ। दर्जिया सरकारी फाइलों में वर्णित नाम है। उस तटबंध को लेकर खूब बयानबाजी हुई थी।

यह आज देश के लिए चिंता का एक विषय बन गया है। हर साल ऐसा नहीं होता है कि हम बाढ़ और सुखाड़ पर चर्चा नहीं करते हैं, लेकिन चर्चा का कोई नतीजा निकलना चाहिए। इसीलिए मैं आज देश के सामने जो चुनौती खड़ी है उसकी ओर सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। बाढ़ की जो मौजूदा स्थिति है, वह बहुत ही भयावह और भयानक है।

बिहार की मुख्य खेती धान और गेहूं है, जो बाढ़ और सुखाड़ से नष्ट हो जाते हैं। बिहार के 20 जिलों में बाढ़ की हालत बहुत गंभीर रहती है। बाढ़ से सर्वाधिक प्रभावित जिले मधुबनी, दरभंगा, समस्तीपुर, सीतामढ़ी, सहरसा, पूर्वी चम्पारण, पश्चिमी चम्पारण, सुपौल, कटिहार, मधेपुरा, शिवहर, गोपालगंज, खगड़िया, बेगूसराय, अररिया हैं, जो बाढ़ से बुरी तरह प्रभावित होते हैं।

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, किसानों की फसल को प्राकृतिक आपदाओं के कारण हुई हानि को किसानों को प्रीमियम का भुगतान देकर एक सीमा तक कम कराएगी। बीमा योजना बहुत हद तक प्राकृतिक आपदाओं (सूखा, बाढ़, बारिश आदि) से किसानों को सुरक्षा प्रदान करती है।

मैं आदरणीय प्रधानमंत्री एवं कृषि मंत्री जी को धन्यवाद देना चाहता हूँ कि फसल बीमा योजना के माध्यम से किसानों को बहुत बड़ी राहत दी गई है।

*श्री राकेश सिंह (जबलपुर)ः देश मे भीषण सूखे और पेयजल की समस्याओं की स्थिति पर मैं अपने विचार रखता हूं।

देश के लिए दुर्भाग्य की बात है कि आज़ादी के 67 वर्ष बाद भी आज देश की जनता अपने मौलिक अधिकारों से वंचित है और उनकी मूलभूत सुविधाओं को भी पूरा करने में पूर्व की सरकारें असफल रही हैं।

जहां देश के कई हिस्सों में आज सूखे और पेयजल की समस्या को लेकर त्राहि-त्राहि हो रही है। मैं धन्यवाद करता हूँ अपने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी और रेल मंत्री श्री सुरेश प्रभु जी को जिनकी संवदेनशीलता के कारण महाराष्ट्र के लातूर जिले और देश के अन्य हिस्सों में ट्रेन के द्वारा पानी पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है ताकि पानी की कमी के कारण लोगों का जीवन अस्त-व्यस्त न हो क्योंकि, जब जन-जीवन असामान्य होता है तो लोग अपने घरें से दूसरे शहरों या प्रदेशों की ओर पलायन करते हैं। वैसे लोगों का उनका घर, परिवार, बच्चों की शिक्षा आदि कई कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है।

सूखे की समस्या किसी एक या दो राज्यों की नहीं बल्कि उत्तर से दक्षिण, पूर्व से पश्चिम, कन्याकुमारी से कश्मीर तक दस राज्यों के 256 जनपदों की 33 करोड़ आबादी इस सूखे से प्रभावित है। आज देश में केवल सूखा नहीं बल्कि पेयजल की समस्या भी समानांतर चल रही है।

सूखे और पेयजल की समस्या अपने देश में कोई नई बात नहीं है। वर्ष 2014-15 में 107 जनपद सूखे से प्रभावित थे, आज ये कितनी गंभीर चिंता का विषय है कि वर्ष 2015-16 में 256 जनपद सूखे की समस्या से पीड़ित हैं। मेरा मानना है कि देश में इससे ज्यादा गंभीर परिस्थितियां उत्पन्न हो सकती है, आज तेलंगाना में जल संकट से 257 लोगों की मौतें हो चुकी हैं। लेकिन केवल इस विषय पर सदन में चर्चा मात्र से काम नहीं चलेगा बल्कि समुचित समाधान के लिए सोचना होगा।

हमारे पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी का देश में नदियों को जोड़ने का सपना था। जिससे देश के सभी राज्यों में पानी की समस्या को कम किया जा सके। मैं पूछना चाहूँगा कि क्या किया हमारी पिछली सरकारों ने नदियों को जोड़ने के लिए? देश के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा भी रिवेर्स इन्टरलिंकिंग के लिए तत्कालीन सरकार को टिप्पणी की। मैं बधाई देना चाहूँगा अपने प्रधानमंत्री श्री मोदी जी को जिन्होंने सरकार बनने के उपरांत सितंबर 2014 में स्पेशल कमिटी फॉर द इन्टरलिंकिंग ऑफ़ रिवेर्स का फैसला किया। इसके माध्यम से एक नदी से दूसरी नदी की इंटरलिंकिंग से देश मे पानी की समस्याओं का दूर किया जा सकता है। मुझे उम्मीद है कि हमारी सरकार की इस पहल से देश में पानी के संकट से एक महत्वपूर्ण ढंग से निपटने में कामयाब होगी।

आज कृषि क्षेत्र सबसे महत्वपूर्ण है और कृषि क्षेत्र में अगर सूखा पड़ता है तो निश्चित तौर पर कृषि को प्रभावित करता है। कृषि से आज भी 50 प्रतिशत आबादी को रोज़गार प्राप्त होता है। हमारी जी.डी.पी. पर कहीं न कहीं कृषि का अंश कुछ कम हुआ है, यह भी चिंता का विषय है। आज किसानों के हित के लिए स्वयं हमारे प्रधानमंत्री जी द्वारा सकारात्मक पहल की जा रही है। पहले मानक तय किया गया था कि 50 प्रतिशत से कम फसल की क्षति पर सरकार द्वारा कोई मुआवजा नहीं दिया जाएगा। लेकिन हमारे प्रधानमंत्री जी द्वारा किसानों की फसल की क्षति पर मिलने वाले मुआवजे की सीमा 50 प्रतिशत से घटाकर 33 प्रतिशत कर दी गई है। जिससे किसानों को क्षति का उचित मुआवजा दिया जा सके।

एक महत्वपूर्ण विषय पर सरकार का ध्यान केंद्रित करना चाहूँगा कि आज पूरे विश्व में 17 प्रतिशत आबादी भारत में रहती है, लेकिन विश्व की कुल जमीन का केवल 2.3 प्रतिशत भारत के पास है और पूरी दुनिया में जो पानी की उपलब्धता है, उसका केवल 4.2 भारत में है।

मैं अपने प्रदेश मध्यप्रदेश की बात करूं तो यह प्रदेश तो जल की दृष्टि से समृद्ध रहा है, लेकिन अब हमें कठिनाई दिखने लगी है। मध्य प्रदेश सरकार के प्रदेशव्यापी जलाभिषेक अभियान के तहत सभी 50 जिलों की लगभग 130 ऐसी नदियों और नालों को चिन्हांकित किया गया है, जो अब सूख चुकी है। इन्हें फिर से जीवित करने की दिशा में काम भी प्रांरभ हो चुका है। नदी जोड़ अभियान की शुरूआत करने वाला पहला प्रदेश मध्यप्रदेश ही है। इन्दौर-मालवा, जबलपुर और ग्वालियर और बुंदेलखण्ड जैसे क्षेत्रों की स्थिति दिनों दिन कठिन होती जा रही है।

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के एक सर्वेक्षण में यह खुलासा हुआ है कि बीते एक साल में मालवा-निमाड़ अंचल में भूमिगत जल स्तर में औसत 0.18 से 10 फीट तक की गिरावट दर्ज की गई है। 30 मार्च 2014 तक इंदौर में औसत जल स्तर 29.50 फीट था, जो अब 38.35 तक नीचे उतर गया है। इसी तरह धार में 26.20 से बढ़कर 30.27, बड़वानी 28.03 से बढ़कर 28.95, झाबुआ में 22.33 से 26.40, देवास में 33 से 38, मंदसौर में 33.50 से 35 रतलाम में औसत जल स्तर 33 से 43 फीट तक नीचे उतर गया है।

आज पूरे देश की स्थिति ऐसी ही है, मैं अपने संसदीय क्षेत्र की बात करूं को एक समय में जबलपुर 52 ताल-तलैयों के लिए जाना जाता था। लेकिन बढ़ती जनसंख्या और पूर्व की सरकारों द्वारा उचित जल प्रबंधन न करने के कारण कई तालाब जहां सूखे चुके हैं, वहीं कई पानी के स्रोत बंद हो गए हैं। जबलपुर जल प्रबंधन के क्षेत्र में काफी पहले से अग्रणी रहा है, जबलपुर वीरांगना रानी दुर्गावर्ती की कार्य स्थली रही है। आज भी हमारे यहां संग्राम सागर तालाब में प्राचीन जल-संरक्षण एवं जल प्रबंधन की अनूठी मिसाल देखने को मिलती है।

वास्तव में अब विचार करने का समय आ गया है कि क्या हमारे पूर्वजों ने जल के महत्व को देखते हुए जल प्रबंधन के जो मापदंड तय किये थे उन पर फिर से वापस लौटने की आवश्यकता है।

बिना किसी तकनीकी यंत्रों के कैसे प्राचीन समय में प्राकृतिक जल स्रोतों से तालाबों और पोखरों को गांव के स्तर पर जोड़ने का कार्य उन्होंने किया था, जिनके प्रत्यक्ष प्रमाण-पत्र आज दिखाई देते हैं।

इसलिए हमें फिर से तालाबों, पोखरों, बावड़ियों तथा छोटे-छोटे जल स्रोतों को वापस जीवित करना होगा और जल के प्रति फिर से उन्हीं मर्यादाओं को जागृत करना होगा, समाज के बीच में जिन पर हज़ारों वर्षों से हमारे पूर्वजों का भरोसा रहा है।

अंत में, सरकार से आग्रह करूंगा कि जल्द ही इस ओर उचित कदम उठाया जाये और देश को जल के संकट से निपटने के लिए एक कारगर और दीर्घकालीन व्यवस्था की जाये।

श्री वीरेन्द्र सिंह (भदोही) : माननीय सभापति जी, जब भी सूखा पड़ता है, प्राकृतिक आपदा होती है, बाढ़ आती है तो इस सदन में लोकहित के लिए चर्चा जरूर होती है। देश में सूखा पड़ा है। लोकसभा, राज्य सभा, देश के शासन करने वाली संस्थाओं में इसकी चर्चा जरूर होती होगी और होनी भी चाहिए। भारत कृÂिष प्रधान देश है। सूखा आज ही नहीं पड़ा है, शास्त्रों में इसकी प्रामाणिकता है कि त्रेता में भी एक बार बहुत जबरदस्त सूखा पड़ा था जब जनकपुर के राजा जनक थे। यह देश ऋÂिषयों और परंपराओं का देश है। उस समय ऋÂिषयों ने जनक का मार्गदर्शन किया था कि जब शासक हल चलाएगा, यज्ञ करेगा, तालाबों का संरक्षण करेगा, जल का संरक्षण करेगा तब सृÂिष्ट में वृÂिष्ट होगी और साष्Âिट का संरक्षण होगा। आज तक की प्रमाणिकता में जनक ने हल चलाया, यज्ञ किया, वृÂिष्ट हुई और सृÂिष्ट का संरक्षण हुआ।

महोदय, सूखा प्रकृति की देन है। प्रकृति से जब समाज अपने हक के प्रतिकूल आचरण करता है तो प्रकृति क्रोध करती है। मैं समझता हूं कि प्रकृति के क्रोध का ही प्रकोप सूखा, बाढ़, दैवीय आपदा है। उस समय जनक ने हल चलाया, सृÂिष्ट का संरक्षण किया, वृÂिष्ट हुई। मुझे बहुत से लोग कह सकते हैं कि गांव वाला है, पोंगा पंथी की बात करता है, यज्ञ करने की बात करता है, हल चलाने की बात करता है। जनक ने उस समय शासन में होने के नाते राज धर्म का निर्वाह किया था। अब साढ़े छः लाख तालाबों की रचना करके माननीय मोदी जी, देश के प्रधानमंत्री राज धर्म का निर्वाह कर रहे हैं। हम एक दूसरे को आरोपित करते रहेंगे कि तुमने सूखे के लिए कुछ नहीं किया, शासन करने वालों ने नहीं किया, शासन करने वाले अगस्ता का घोटाला करते हैं, सूखे के लिए कुछ नहीं किया।

माननीय सभापति जी, मेरा किसान होने के नाते मानना है कि केवल शासन से ही किसी चीज का सामना नहीं किया जा सकता है। समाज शासन को बनाता है, शासन और समाज मिलकर ही सूखे, दैवीय आपदा का सामना कर सकते हैं इसलिए समाज को जागरुक करने की जरूरत है। पहाड़ों पर पेड़ कटे हैं, तालाबों पर कब्जा हो रहा है। जब भी भौतिक विकास होगा तब प्रकृति क्रोध करेगी। मैं नहीं कहता हूं कि भौतिक विकास नहीं होना चाहिए लेकिन प्रकृति का संरक्षण करके भौतिक विकास होना चाहिए। ऋÂिष और कृÂिष परंपरा का देश है, यज्ञ होना चाहिए, योगी जी यहां बैठे हैं, यज्ञ की आध्यात्मिक और वैज्ञानिक परंपरा है। आप यह मत समझिए कि इस देश में ऋष्Âि◌ायों की परंपरा केवल आध्यात्मिक रही है। आज के वैज्ञानिकों ने जो अन्वेÂषण किए हैं, सब ऋÂिषयों के अन्वेÂाण के आधार पर ही हुए हैं। आज मुझे चर्चा करने की जरूरत नहीं है, मैं इस बात को सदन में दर्ज करा रहा हूं।

मैं सब संसद सदस्यों से निवेदन करूंगा कि अपने क्षेत्र में यज्ञ करिए, बारिश जरूर होगी क्योंकि यज्ञ का धुंआ आसमान में जाता है, बादल बनते हैं, वृÂिष्ट होती है, वृÂिष्ट से सृÂिष्ट का संरक्षण होता है। मैं इसकी प्रामाणिकता इसलिए दे रहा हूं कि यज्ञ को होते हुए देखा है, यज्ञ होने के बाद वाष्Âिट होते हुए देखी है। उसकी एक आध्यात्मिक परम्परा है लेकिन एक वैज्ञानिक परम्परा भी है। जब तालाबों का संरक्षण होगा, तो इस समस्या से निजात पाने में हम सफल हो सकते हैं। देश में कोई ऐसा जनपद नहीं है, जहां बड़ी नदियां नहीं हैं, उसके साथ छोटी नदियां नहीं हैं। मेरे संसदीय क्षेत्र में मोरवा नदी है। मैंने पिछले साल उसकी तलहटी खुदवाई थी। मेरे यहां तीन विकास खंड डार्क जोन में थे, जहां पानी नीचे था। एक साल के बाद उस जोन के सारे डार्क जोन खत्म हो गए और मैं चाहता रह गया लेकिन मेरा संसदीय क्षेत्र सूखाग्रस्त घाष्Âि◌ात नहीं हुआ। इस साल इस नदी की तलहटी और ज्यादा खुदवा रहा हूं। मैं प्रमाणिकता के साथ कह रहा हूं कि जितने भी छोटे नदी नाले हैं, प्राकृतिक स्रोत हैं उन्हें मनरेगा के पैसे से, भूमि सुधार के पैसे से, लघु सिंचाई के पैसे से खुदवा दीजिए, नीचे से तलहटी खुदवाने से प्राकृतिक रूप से पानी ऊपर आ जाता है और वाटर लैवल ऊपर आ जाता है। मैंने इस बात की प्रमाणिकता स्वयं अपने क्षेत्र में देखी है।

सभापति जी, नदियों को जोड़ने की बात बहुत पुरानी है शायद वÂर्ष 1879 का अनुमेÂाण बताते हैं। मैं कहना चाहता हूं कि इसका प्रचार अटल जी की सरकार में हुआ और इस सरकार ने नदी जोड़ने की योजना को बनाया है। नदी जोड़ने की योजना में चाहे जितना भी धन खर्च हो, वह देश हित में होगा। हर नदी कहीं न कहीं दूसरी नदी से मिलती है, संगम होता है। जहां संगम होता है, वहां देखना चाहिए कि उसके अंतिम छोर को कैसे दूसरी नदी के छोर से मिला सकें। एक तो नदी प्राकृतिक तौर पर दूसरी नदी से मिलती है, दूसरा हमारा प्रयास होना चाहिए कि अंतिम छोर पर दूसरी नदी से उसे जोड़ा जाए।

इसके अलावा हर जनपद में जो छोटी-छोटी नहर, नदियां हैं, जल के स्रोत हैं, उन्हें बड़ी नदियों से काट कर मिलाने की जरूरत है। यह काम स्थानीय स्तर पर हो सकता है। पहले के जमाने में धन कमाने वाले जो बड़े किसान होते थे, बड़े व्यापारी होते थे उनको शासन द्वारा निवेदन किया जाता था कि कुआं, तालाब खुदवाओ तो बहुत पुन्य मिलेगा। मैं कहना चाहता हूं कि हम आज इस तरह का निवेदन क्यों नहीं कर सकते हैं। शासन की तरफ से निवेदन होना चाहिए। जैसे इस देश के प्रधानमंत्री ने निवेदन किया कि जितने सम्पन्न लोग हैं, वे गैस की सब्सिडी छोड़ दें, तो करोड़ों लोगों ने गैस की सब्सिडी छोड़ दी और आज गरीबों के खाते में उसके पैसे जा रहे हैं। शासन के लोग अपने क्षेत्रों में निवेदन कर सकते हैं कि कुओं का संरक्षण करो, तालाब का संरक्षण करो। खेत में सिंचाई के लिए जहां तक पानी की बात है, खेत की अगर बैसाख और जेठ के महीने में जुताई हो जाएगी तो इसमें पानी से सिंचाई की कम जरूरत होगी। हरित क्रांति ने उन फसलों को बढ़ावा दिया है, जहां पानी की जरूरत ज्यादा नहीं होती थी। मुझे आश्चर्य होता है कि सूखा वहां पड़ता है, जहां समुद्र का किनारा है। भारी मात्रा में जल को देखते हुए लोग सूखे से बिलबिला रहे हैं तो क्या कोई वैज्ञानिक अनुमेÂाण नहीं हो सकता है कि समुद्र के किनारे जहां भारी मात्रा में जल है, उस जल का प्रयोग हम सूखे के समाधान के लिए कर सकते हैं।

महोदय, मैं अपनी बात समाप्त करने से पहले एक बात कहना चाहता हूं। मैं कल दिल्ली में अपने पूर्वी उत्तर प्रदेश के लोगों से मिलने गया था। वे सूखे से पीड़ित हैं। मैंने उनसे कारण पूछा कि शासन यहां क्या कर रहा है। तो उन्होंने कहा कि शासन तो यहां रोज फर्जी प्रचार कर रहा है। मैंने कहा कि इसके लिए क्या करना चाहिए। तब मेरे पूर्वी उत्तर प्रदेश के लोगों ने कहा कि गांव में दो तरह के देवता होते हैं एक बात के देवता और...*यह कहते हुए मैं अपनी बात समाप्त करता हूं।

SHRI MALLIKARJUN KHARGE (GULBARGA): Sir, I have an objection. He has used an unparliamentary word. ...(*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: If it is unparliamentary, it will be definitely removed.

...(*Interruptions*)

SHRI MALLIKARJUN KHARGE: No, Sir. We have to respect each other. We may have differences. ...(*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: I will go through the records, Khargeji.

...(*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: Please continue, Chautalaji.

श्री दुÂष्यंत चौटाला (हिसार) : सभापति महोदय, आज मैं यहाँ पर सूखे पर चर्चा करने के लिए खड़ा हुआ हूँ।

जिस तरीके से देश के 13 राज्यों में आज पानी की किल्लत है, केवल सिंचाई के लिए ही नहीं, बल्कि आधे ऐसे प्रदेश हैं, जहाँ पीने के पानी की भी किल्लत है। लातूर में जो पीने के पानी की ट्रेन गयी, उसे टीवी और अखबार के माध्यम से दिखाया जा रहा था। मगर इस देश में ऐसे अन्य इलाके भी हैं, जहाँ न ही केन्द्र सरकार की तरफ से और न ही प्रदेश सरकारों की तरफ से पानी पहुंचा सके हैं।

हरियाणा प्रदेश में महेन्द्रगढ़ ऐसा जिला है, भिवानी में शिवानी ऐसी तहसील है, जहाँ आज भी पीने के पानी की किल्लत है। मैं केन्द्र सरकार से आग्रह करूँगा कि जिस पूकार से आज हम लोग यहाँ इस विÂाय पर चर्चा कर रहे हैं, उसी पूकार से हमें इसके लिए गंभीरता से कदम उठाने की आवश्यकता है। इसका क्या समाधान हो सकता है? सभी साथीगण कहते हैं कि इसका समाधान इंटरलिंकेजेज़ ऑफ रिवर है। यह एक बहुत बड़ा प्रोजेक्ट है। इसमें करोड़ों रुपये की लागत लगेगी। यदि उससे सस्ते में सरकार इस काम को करना चाहती है तो हमारे जितनी बारिश की ड्रेन्स हैं, हम उनके ऊपर क्यों नहीं चेक डैम्स बनाने का काम करें? चौधरी देवी लाल जी ने घग्घर नदी के ऊपर ओटोहेड बनाया। आज उसी के कारण सिरसा जिले में, जहाँ की धरती रेतीली थी, वहाँ आज खेती-बाड़ी होती है, चावल जैसी फसल उपजाने का काम किया जाता है।

आज हमें कनाल्स को बढ़ावा देना होगा। इसके लिए नाबार्ड द्वारा अधिकतम राशि को किसानों के खेतों में लगाने का काम करें। लेकिन मुझे दुख भी होता है, एक ओर तो पार्लियामेंट की एग्रीकल्चर कमेटी लिखकर देती है कि हरियाणा में सूखा है। यहाँ पर मंत्री जी बैठे हैं। कल चौधरी वीरेन्द्र सिंह जी ने भी अपने जवाब में कहा कि हरियाणा सरकार ने अब तक लिखकर नहीं दिया है कि हरियाणा प्रदेश में सूखा पड़ा है। आज हरियाणा के ऐसे 13 जिले हैं, जहाँ सूखे का प्रभाव है और पूर्ण रूप से फसल बर्बाद हो गयी है। दूसरी ओर, केन्द्र सरकार ने भी पिछले साल सभी 21 जिलों को सूखाग्रस्त घाष्Âिात किया था। हरियाणा सरकार ने इसके लिए 4,800 करोड़ रुपये केन्द्र सरकार से मांगा, लेकिन केन्द्र सरकार हरियाणा पर इतनी मेहरबान थी कि केवल 172 करोड़ करोड़ रुपये ही प्रदेश सरकार को दे पायी। जितनी राशि की डिमांड थी, उसका केवल चार प्रतिशत राशि ही प्रदेश सरकार को दे पायी। मैं आग्रह करूँगा कि हरियाणा को सूखे के प्रभाव से निकालने के लिए पूर्ण राशि उपलब्ध कराने का काम करें।

आज हम न्यूक्लीयर वार की चर्चा करते हैं। लेकिन मुझे तो ऐसा लगता है कि पिछले दो सालों में जिस तरह की स्थिति बनी है, उसके कारण आने वाले समय में पानी के लिए लड़ाई होगी। एसवाईएल पर फैसला ले लीजिए। हमारे पंजाब के साथी हरियाणा से लड़ेंगे। वे कहेंगे कि हमारा पानी छीनकर ले गये। हम क्यों नहीं ऐसी पॉलिसी बनाते हैं, जिसके तहत पानी को देश की प्रोपर्टी बनाने का काम हो। हमने जिस दिन पानी को देश की प्रॉपर्टी बना ली, हम इस देश के किसान को पीने का पानी और सिंचाई के लिए पानी मुहैया करा पाएंगे। आप अमेरिका और इंग्लैंड को देखिए, वहां पानी नेशनल प्रॉपर्टी है, लेकिन हमारे यहां इसे स्टेट सब्जेक्ट के रूप में छोड़कर इससे किनारा काटने का काम किया गया है।

अगर हम हरियाणा प्रदेश के बारे में चर्चा करें, वहां केन्द्र सरकार के जो आर्टिफिशियल रिचार्ज प्रोजेक्ट्स थे, हरियाणा सरकार ने प्रावधान भेजा था, लेकिन आपकी ओर से पिछले साल में एक भी प्रोजेक्ट हरियाणा प्रदेश में लागू नहीं हुआ। क्या हरियाणा में हम वाटरशेड प्रोग्राम के तहत ग्राउण्ड वाटर रिचार्ज करेंगे? आज हमें भी रेन वाटर हार्वेस्टिंग एवं अन्य साधनों के माध्यम से भी इसे करना होगा क्योंकि हमारा पूरा प्रदेश डार्क जोन में आ गया है।...(व्यवधान) सभापति जी, मैं एक मिनट में अपनी बात समाप्त करूंगा। पूरा हरियाणा प्रदेश डार्क जोन में आ गया है, लेकिन उस प्रदेश के लिए आपकी ओर से इसके लिए एक रुपया भी नहीं दिया गया है। मैं मंत्री जी से इस पर भी जवाब चाहूंगा।

मैं सरकार के संज्ञान में लाना चाहूंगा कि यह हरियाणा सरकार का नोटिफिकेशन है। इसमें हरियाणा सरकार कहती है कि जिस भी किसान की जमीन बर्बाद होती है, उसको मुआवजा केवल पांच एकड़ पर दिया जाएगा। देश में सीलिंग एक्ट लागू है, हमने किसान को बांध दिया और उसके अंदर भी किसान पर सीलिंग लगाने का काम कर रहे हैं। सिवानी ऐसा ब्लॉक है, जहां 100 प्रतिशत बर्बादी के बाद भी प्रदेश सरकार किसानों को 3500 रुपये मुआवजे के तौर पर देती है। एक ओर प्रधानमंत्री जी कहते थे कि 13000 रुपये मुआवजा दिया जाएगा, लेकिन हरियाणा प्रदेश के किसानों को आप मात्र 3500 रुपये देने का काम करते हैं। एक लाइन पढ़कर मैं अपनी बात समाप्त करना चाहूंगा। मैं सरकार से यही आग्रह करूंगा:

"जमीन जल चुकी है, आसमान बाकी है, दरख्तों तुम्हारा इम्तिहान बाकी है।

वे जो खेतों की मेड़ों पर उदास बैठे हैं, उनकी आंखों में अभिमान बाकी है।

बादलों अब तो बरस जाओ, किसी का मकान गिरवी है, किसी का लगान बाकी है।"

उम्मीद करूंगा कि आप बादल बनकर हमारे लोगों पर बरसने का काम करेंगे। धन्यवाद।

श्री कौशलेन्द्र कुमार (नालंदा) : सभापति महोदय, आज सूखा और पेयजल के संकट को दूर करने के लिए इस सदन में चर्चा हो रही है। आपने मुझे इस विÂषय पर बोलने के लिए मौका दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं।

महोदय, इस वष्Âान देश के लगभग 13 राज्यों में सूखाड़ है और यह चर्चा बहुत समय से चल रही है। मैं बिहार से आता हूं। बिहार में भी आज पेयजल का संकट है। लगातार उत्तरी बिहार बाढ़ की चपेट में रहता है और दक्षिणी बिहार सूखाड़ की चपेट में रहता है। माननीय कृÂिष मंत्री जी बैठे हैं, पिछले साल भी इस सदन में इस पर चर्चा हुई। उससे पहले यूपीए की सरकार थी, उस समय भी चर्चा हुई थी, लेकिन किसानों के सवाल पर जब चर्चा होती है तो जवाब मिलता है, उससे लगता है कि हम लोग किसान के हित की रक्षा करने नहीं आए हैं, बल्कि किसान की जो उपेक्षाएं हैं, उन पर चर्चा करके हम लोग सो जाते हैं।

सभापति जी, मैं माननीय मंत्री जी से अनुरोध करूंगा कि देश में हर प्रदेश और हर जिले की बनावट का सर्वे करने की जरूरत है। हर जगह नदियां नहीं हैं, अभी वीरेन्द्र जी बोल रहे थे कि ऐसा कोई जिला नहीं है, जहां नदी नहीं हो। कई ऐसे जिले हैं जहां नदी नहीं है और नदी से दूरी बढ़ जाती है। हर जिले की बनावट अलग है, हर प्रदेश की बनावट अलग है। माननीय मंत्री जी, हर क्षेत्र के सांसद को साथ बैठाकर इस पर पहल होनी चाहिए कि हर खेत को पानी कैसे मिले। माननीय प्रधानमंत्री जी ने कहा है, इस पर भी हमें अमल करना चाहिए। हम लोग किसान परिवार से आते हैं। आजादी के 67 साल हो गए, हमने आज तक यह महसूस नहीं किया कि चाहे तालाब हों, डैम्स हों, जो बड़े-बड़े लोग हैं, गांव में रहने वाले लोग हैं, लगातार उनका कब्जा होता जा रहा है। जो सरकार के अहार हैं, पैन हैं, डैम्स हैं, चेक डैम्स हैं, उन पर भी कब्जा होता जा रहा है। कल माननीय ग्रामीण विकास मंत्री जी का जवाब आया कि उसके लिए चेक डैम्स बनाकर, मनरेगा के माध्यम से हम यह काम करने जा रहे हैं। यूपीए की सरकार थी, तब हम लोग थे। पहले हम लोग भी एनडीए के साथ थे, सभी ने यही बोली थी कि मनरेगा से कभी भी मिट्टी का कोई बड़ा काम नहीं हो सकता है, तालाब नहीं खोदे जा सकते हैं, चेक डैम नहीं बन सकते हैं, फिर भी एनडीए की सरकार वही काम कर रही है। हम मंत्री जी से अनुरोध करेंगे कि आप मनरेगा से न तो कोई बड़ा डैम बना सकते हैं, न कोई बड़ा चैक डैम बना सकते हैं, न किसी पूकार से पानी की व्यवस्था कर सकते हैं। मनरेगा गरीबों को काम देने की एक योजना है, उससे हम कोई बड़ा काम नहीं कर सकते हैं। बिना मशीन के खुदाई नहीं हो सकती है। बड़ी-बड़ी नदियां हैं, जहां 20 से 40 फीट तक हमें बांध बांधना होता है। यह सम्भव नहीं है कि उसको मनरेगा से कराया जाए। माननीय मंत्री जी बैठे हैं और हम चाहेंगे कि हर जिले को पैकेज दिया जाए। हम लोगों को जो सांसद निधि मिलती है, इसको समाप्त कर देना चाहिए और बड़े-बड़े चेक डैम और डैम का निर्माण करना चाहिए।

महोदय, मैं बिहार से आता हूं तो वहां की बात करना चाहता हूं। उत्तरी बिहार लगातार बाढ़ की चपेट में रहता है और नेपाल से जो पानी आता है, उससे उत्तरी बिहार बाढ़ की चपेट में आ जाता है। मेरा सरकार से अनुरोध है कि वह नेपाल सरकार से बात करके इसका स्थायी निदान करे ताकि बिहार के जो 12-13 उत्तरी बिहार के जिले हैं, उनको राहत मिल सके।

महोदय, किसानों की हालत को देखते हुए हर पंचायत में ट्यूबवेल की व्यवस्था भारत सरकार और राज्य सरकार मिलकर करे। लेकिन हम लोग चर्चा कर लेते हैं, लेकिन बात आगे नहीं बढ़ पाती है। इसलिए मेरा कहना है कि इस को गम्भीरता से लेते हुए हर सांसद को डीप बोरिंग के लिए पैसा दें ताकि वह अपने क्षेत्र में डीप बोरिंग कराकर कम से कम पटवन की और पीने के पानी की व्यवस्था करे।

महोदय, आज देश के जो हालात हैं, उसको सरकार को गम्भीरता से लेना चाहिए। मैं माननीय मंत्री जी से चाहूंगा कि वे अपना जवाब देते समय इन दो-तीन बातों का जिक्र अवश्य करें। आखिर किसानों की समस्या, सुखाड की समस्या, पीन के पानी की समस्या का आप किस तरह से समाधान करेंगे? आप हर सांसद की अध्यक्षता में एक कमेटी बना दीजिए। वह अपने क्षेत्र के विधायकों के साथ बैठकर इन समस्याओं का समाधान करेगा। इसके लिए आप धन की व्यवस्था करें। धन्यवाद।

15.42 hours

श्री राजेश रंजन (मधेपुरा) : सभापति महोदय, मार्क ट्वेन ने कहा था कि पूरा विश्व विÂा पीएगा और पानी के लिए युद्ध लड़ेगा। उनका यह कथन इतने वÂर्ष बाद भी उतना ही प्रासंगिक है। मशहूर फ्रेंच भविÂष्यवक्ता नॉस्त्रेदेमस की एक भविÂष्यवाणी जिसमें दो विश्व युद्ध, नेपोलियन का उदय और नाजी तानाशाह हिटलर का वजूद शामिल है। नेपोलियन और हिटलर को नॉस्त्रेदेमस ने ईश्वर विरोधी कहा था और कहा था कि तीसरा ईश्वर विरोधी जब आएगा तो तीसरे विश्व युद्ध के साथ दुनिया समाप्त हो जाएगी। इसमें दो बात उन्होंने कही थी, एक वॉटर की और दूसरी अबू बकर की। इस तरह से ग्लोबल फॉरेस्ट वॉच को शुरू करने वाले डर्ट ब्रायन कहते हैं कि सिर्फ 20 सालों के अंदर दुनिया भर के 40 प्रतिशत जंगल काट दिए गए। खास तौर पर ओकी-फिनोकी के जंगल भी इससे जुदा नहीं हैं। वष्Â◌ान् 1965-66 के बाद से जो स्थिति है, उस वक्त एक तिहाई भारत की ट्यूबवेल से सिंचाई होती थी। वÂर्ष 1997 के बाद से यह आधे से कम हो चुका है।

सुदूर संवेदी उपग्रह से लिये गये चित्रों में साफ बताया गया है कि भारत में प्रति वष्Â◌ान् 13 लाख हैक्टेअर भूमि से वन नÂट कर दिये गये। कहने का मतलब यह है कि छाया चित्रों के अनुसार 19.5 प्रतिशत भूभाग जंगल थे और इन जंगलों के वन घटकर मात्र आठ प्रतिशत रह गये हैं। इसमें ब्राजील का 17000, म्यांमार का 18000, इंडोनेशिया 12000, मैक्सिको 7000, कोलंबिया 6000 हैक्टेअर भूमि का जंगल नÂष्ट हो गया। इस तरीके से 2040 तक 17 से 35 फीसदी तक घने जंगल मिट जायेंगे। 2040 में विकराल स्थिति होगी जबकि 20 से 75 प्रतिशत दुर्लभ प्रजातियां भी इस दुनिया से नÂष्ट हो जायेंगी।

महोदय, हमारे एक मित्र प्रकृति, परमात्मा और नेचर की बात कह रहे थे। यह जंगल और पानी कहां से आयेगा। जब हम प्रकृति के दुश्मन हो जायेंगे, जब हम परमात्मा को बनाने लगेंगे। जहां परमात्मा और प्रकृति दोनों को चलाने में आदमी आगे बढ़ेगा और विकास की प्रगति के लिए, भौतिकवादी सुख के लिए यदि हम दुनिया की सारी चीजों को मिटाने का प्रयास करेंगे तो एक बात स्पÂष्ट है कि 49 करोड़ 46 लाख हैक्टेअर खेती योग्य भूमि में से सिर्फ 9 करोड़ 75 यानी लगभग 25 प्रतिशत भूमि पर ही मात्र सिंचाई होती है और 75 प्रतिशत काष्Â◌ा भूमि सिंचाई मानसून पर निर्भर करती है। वÂर्ष 1995 से लगभग 2 लाख 70 हजार किसान मर चुके हैं। मंत्री जी आपको आश्चर्य होगा कि आप यहां से जा रहे हैं और सिंचाई और वाटर पर लम्बी-लम्बी बात कर रहे हैं। मुझे समझ में नहीं आता कि विश्व बैंक से कर्जा लेकर जहां आप 112 करोड़ डालर खर्च करने की बात करते हैं, आप दुनिया को क्या बताना चाह रहे हैं। जहां युवा भूख से बचने के लिए आतंक और अपराध कर रहे हैं। मेरा आपसे बहुत विनम्रता के साथ आग्रह है कि 54 हजार करोड़ रुपये, 2001-02 में सरकारी आर्थिक सर्वे के अनुसार परियोजना की कुल लागत भारत से सकल घरेलू उत्पाद 54 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा है। इतनी बड़ी रकम कहां से आयेगी और पांच हजार रुपये का कर्जदार हर किसान हो जायेगा और औसतन वार्Âिषक आय 20 फीसदी होगी। कर्ज का वाष्Âिा क ब्याज 20 से 30 हजार करोड़ रुपये होगा। ऐसे में सवाल उठता है कि इस कर्ज को कौन चुकायेगा और इतने बड़े कर्ज की गारंटी कौन देगा।

माननीय सभापति : अब आप अपनी बात समाप्त कीजिए।

श्री राजेश रंजन: सभापति जी, मैं अपनी बात खत्म कर रहा हूं। पानी का संग्रह किया जाए, जगह-जगह डैम, नदी के पानी को समुद्र में न ले जाकर चैनल बनायें, बरसात का पानी के संग्रह के लिए घर के बगल में टैंकर, तालाब, पोखर बनाकर संग्रह, छोटी-छोटी नदियों को बाढ़, झरना बनने के बाद उसे इकट्ठा करना, राजस्थान में ऐसा पहले भी किया गया है। पानी को स्टोर करने के लिए मेरा आग्रह है कि पानी समुद्र में न जाए और 120 करोड़ में एक व्यक्ति को कम से कम बीस पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किया जाए, इसके लिए कैसे सामाजिक चेतना हो और सरकार इस जिम्मेदारी को समझे। मेरा आग्रह है कि प्रकृति को नÂष्ट होने से बचाया जाए। धन्यवाद।

श्री जनार्दन सिंह सीग्रीवाल (महाराजगंज) : सभापति महोदय, एक गम्भीर मसले पर सदन चर्चा कर रहा है और मैं यह समझता हूं कि यह जो गम्भीर विÂषय है, यह कोई आज नहीं आया है। अपने देश में हर एक साल के बाद कभी बाढ़ और कभी सुखाड़ आता है और कभी-कभी इस देश का कुछ हिस्सा सुखाड़ और कुछ हिस्सा बाढ़ से प्रभावित रहता है। इसका दंश इस देश के सवा सौ करोड़ लोगों को कहीं न कहीं किसी न किसी रूप में भोगना पड़ता है। हमारा देश मानसून की अनियमितता के कारण भी आज परेशान हो रहा है और मानसून की अनियमितता के कारण कहीं बाढ़ और सुखाड़ आ रहा है और इसका कारण हमारे देशवासी स्वयं हैं।

प्रकृति से हम छेड़छाड़ कर रहे हैं, हम जंगलों की कटाई कर रहे हैं, पहाड़ों को तोड़ रहे हैं। प्रकृति से छेड़छाड़ करने की वजह से मानसून भी अनियमित हो गया है। इसका भुक्तभोगी आज हमें होना पड़ रहा है। महोदय, दुनिया में जितना जल है, उसका चार फीसदी स्वच्छ जल भारत में है। लेकिन दुनिया की जो आबादी है, उसका 18 फीसदी आबादी भारत के पास है। यानि चार फीसदी जल में 18 फीसदी आबादी के लिए काम चलाना कितना कठिन है। हम सोच सकते हैं। आज भी उसमें हमें लगता है कि कहीं न कहीं इसलिए भी कठिनाई हो रही है कि हमारी ब्रह्मपुत्र नदी, गंगा नदी और इसका जो अतिरिक्त जल है समुद्र में जा कर मिल जाता है। इसकी वजह से भी हमें इस सूखा और बाढ़ की समस्या को झेलना पड़ता है।

सभापति महोदय, सूखे की समस्या के स्थायी निदान पर हमने कभी कोई योजना नहीं बनाई। हम आज इस सदन के माध्यम से माननीय अटल बिहारी वाजपेयी जी और उनकी सरकार को बधाई देना चाहते हैं कि उन्होंने सूखे के निदान के लिए, बाढ़ के निदान के लिए नदियों को जोड़ने की योजना बनाई। लेकिन जब उनकी सरकार नहीं रही तो उसके बाद आने वाली सरकार ने इसलिए उस योजना को आगे नहीं बढ़ाया क्योंकि वह अटल जी की दी हुई योजना थी, अटल जी के द्वारा चयनित योजना था। अगर यह योजना आगे बढ़ गई होती तो हमें लगता है कि बाढ़ और सुखाड़ दोनों से हमें निजात मिलती। जो इन लोगों ने होने नहीं दिया।

महोदय, ये बातें तो लंबी चौड़ी करते हैं। कभी इन लोगों द्वारा सूखे पर चिंता व्यक्त की जाती है, कभी पत्रकारों के द्वारा, अन्य लेखकों द्वारा कलम चलाई जाती है, कभी शासन-प्रशासन कठघरे में खड़ा होता है, कभी न्यायपालिका का दरवाजा खटखटाने का काम भी हम करते हैं। लेकिन जो काम हमें करना चाहिए था, नदियों को जोड़ने का उस काम को हमने करने का प्रयास नहीं किया। मैं आपके माध्यम से मैं सरकार से विनती करना चाहता हूँ, पुनः इस सरकार ने उस योजना को आगे बढ़ाने का काम किया है, हमें नदियों के जोड़ने की योजना को, उस प्रोजेक्ट को, चाहे जितना भी धन लगे, इस देश को सूखा और बाढ़ से बचाने के लिए, इस योजना को हमें आगे करना चाहिए। महोदय, मैं आपके सामने कुछ ऐसी व्यवस्थाओं का जिक्र करन चाहूंगा, जिन्हें यह सरकार सूखे से प्रभावित लोगों को बचाने के लिए कर रहीं है, चाहे वह जल एक्सप्रेस ट्रेन हो, चाहे वह लातूर और बुंदेलखण्ड जाने की बात हो, चाहे सिंचाई के लिए अलग से योजना बनाने की बात हो, हर खेत को पानी और हर हाथ को काम देने की बात हो, उस पर यह सरकार अमल करने का काम कर रही है। आज वापाकल सूख रहे हैं। ...(व्यवधान) देहातों में लोग वापाकल पर आधारित हैं। चूंकि यह कृषि प्रधान देश है, यह ग्राम प्रधान देश है, इसकी ज्यादा संख्या ग्रामों में रहती है, उन्हें वापाकल के पानी पर निर्भर रहना पड़ता है। लेकिन आज वापाकल सूख रहे हैं और उन्हें पानी नहीं मिल रहा

है। इसलिए मैं विनती करना चाहता हूँ कि एक राÂष्ट्रीय जल नीति बननी चाहिए। हमारे पूर्व के वक्ताओं ने भी इस पर जोर दिया है और जब राÂष्ट्रीय जल नीति बनेगी तो हम जल का संचय करने का भी काम करेंगे।

महोदय, हम लोक लेखा समिति के माध्यम से स्थल अध्ययन के लिए महाराÂष्ट्र गए थे, वहां एक मीठी नदी नाम से नदी देखी। लेकिन जब मैंने उसकी दशा को देखा तो आज वह मीठी नदी, जहरीली नदी के रूप में परिवर्तित हो गई है। महोदय, इस चीज़ के भुक्तभोगी हम सब हैं। इसलिए मैं आपसे निवेदन कर रहा हूँ कि आज हम चर्चाएं चाहे जो भी करें, नदियों को जोड़ना, जल संचय करने का हम काम करेंगे तो कहीं बाढ़ और कहीं सुखाड़ से हम निजात पा सकते हैं। महोदय, आपने मुझे समय दिया, उसके लिए मैं आपका धन्यवाद करता हूँ।

DR. MAMTAZ SANGHAMITA (BARDHMAN DURGAPUR): Mr. Chairman, Sir, drought is a disaster which leads to unthinkable loss, huge economic burden, environmental turmoil and mass scale human as well as animal loss. It also leads to human and animal migration in search of food and job which ultimately leads to famine, malnutrition and death. So, it is a serious disaster.

We know about these things for many years or centuries. Drought India affects India through centuries around. There was drought in the 19th century, 20th century and we are now in 21st century. India experiences varying degree of drought each year. Severe drought prevailed in 2002, 2004 and 2009. It shows that within three to five years interval, there is a severe drought in our country.

नर्मदा नहर के आने से जालौर-सांचौर के घर-घर में पानी की पाइपलाइन से पानी पहुंच चुका है। नहर के आने से सांचौर सहित जिलों में अनेक स्थानों पर किसानों को सिंचाई की समस्या का हल मिल गया है। यहां के किसान सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध होने से कृषि क्षेत्र में नित्य नये कीर्तिमान बना रहे हैं। अभी नर्मदा नहर से पूरे जिले को पानी मिल सके, इसके लिए इ.आर और एफ.आर. प्रोजेक्ट को जल्द से जल्द पूरा करने की आवश्यकता है। नर्मदा परियोजना ई.आर. प्रोजेक्ट के तहत पालड़ी सोलकियान से रामसीन वाया भीनमाल तक पाइपलाइन के जरिए पानी पहुंचाने के साथ पालड़ी में डिग्गी और खारा, भीनमाल, रामसीन में पंपिंग स्टेशन का निर्माण करवाना प्रस्तावित है। इसके बाद पाईपलाइन से भीनमाल शहर के 307 गांवों के करीब 1000 ढाणियों के लिए चार-चार लाख लीटर पानी की प्रस्तावित ई.एस.आर. (उच्च जलाशय) करीब 1910 किलोमीटर लंबी पाइपलाइन बिछाने के लिए 533 करोड़ रूपए की आवश्यकता है। इस योजना के तहत 12 स्थानों पर पंपिंग स्टेशन बनाना प्रस्तावित है, जिसके माध्यम से उच्च जलाशयों तक पानी पहुंचाया जाएगा। इन उच्च जलाशयों से गांवों की ढाणियों में पानी की आपूर्ति होगी।

आज मेरे क्षेत्र सिरोही में अनेक बावड़ियां हैं, जिनके संरक्षण की आवश्यकता है। वहीं राजस्थान का हिल स्टेशन माउण्ट आबू पेयजल की गंभीर समस्या का सामना कर रहा है। पेयजल के लिए यह जरूरी है कि पहाड़ों के पानी को वहीं पर रोका जाए। पर्वतीय पर्यटन स्थल माउण्ट आबू की अहम पेयजल समस्या के एकमात्र निदान के लिए सालगांव परियोजना तीन दशक पूर्व आरंभ की गयी थी। तीन दशक बीतने के बाद यहां की आबादी एयरफोर्स, आर्मी, सी.आर.पी.एफ. होस्टल में अध्ययनरत स्कूली बच्चों के अतिरिक्त प्रतिवर्ष 22 लाख से अधिक देश और विदेश से पर्यटक भी आते हैं। प्रतिवर्ष जिनमें लगभग दो लाख की संख्या की वृद्धि का अनुमान है। वर्तमान समय में शहर की जलापूर्ति के लिए पी.एच.ई.डी. के पास अपर कोदरा बांध व लोअर कोदरा बांध ही उपलब्ध हैं जिनमें कुल मिलाकर लगभग 41 एम.सी.एफ.टी. जल भंडारण क्षमता उपलब्ध है। जबकि वर्तमान मे शहर की जलापूर्ति की आवश्यकता कम से कम 112 एम.सी.एफ.टी. की है। यदि बारिश समय पर नहीं होती है तो जल संकट गहरा हो जाता है। माउंट आबू में भूमिगत पानी का भयंकर अभाव है जिससे कुंए व हैण्डपंप आदि में भी पानी की उपलब्धता नहीं के बराबर रह जाती है जिससे पेयजल संकट और गहरा जाता है। ऐसी स्थिति में भविष्य में माउंट आबू को खाली करने जैसी भयावह स्थिति उत्पन्न हो सकती है।

सिरोही जिले के पेयजल के लिए ग्राम देलदर तहसील आबूरोड में बत्तीसा नाला बांध परियोजना प्रस्तावित है। परियोजना का प्रारंभिक सर्वे कार्य किया गया, जिसके तहत परियोजना हेतु 659.53 मी.घ.फु. पानी उपलब्ध है जिसमें से 573.18 मि.घ.फु. पानी का उपयोग किया जा सकता है। सिरोही जिला में 500 मि.घ.फु. पेयजल की उपलब्धता चाहिए। बांध के बन जाने से हमारे सिरोही जिला के पेयजल व सिंचाई की समस्या का समाधान हो जाएगा।

हमारे संसदीय क्षेत्र में माही नदी का पानी जालोर-सिरोही के नागिरकों को सुलभ कराने की महत्वाकांक्षी योजना 25 साल से कागज़ों में दफन है। ऐसे में आमजन के साथ ही भूमिपुत्रों की उम्मीदें भी टूटने लगी है। दरअसल वर्ष 1966 में राजस्थान व गुजरात सरकार में हुए समझौते के अनुरूप माही परियोजना की कवायद शुरू हुई। इसके बाद गुजरात सरकार ने राज्य को पानी की आवश्यकता का हवाला देते हुए पानी देने से मना कर दिया। बाद में समझौता कमेटी के ज़रिए इस पर सहमति बनाने के प्रयास किए गए। वर्ष 1988 में आखिरी बार इस पर मंथन किया गया। इसके बाद से यह परियोजना कागज़ों में दफन है। परियोजना के तहत बांसवाड़ा से सुरंग बनाकर जालौर-सिरोही-बाड़मेर के अनेक गांवों को माही नदी से पानी दिया जा सकता है। परियोजना को माही क्रॉसिंग पर अनास पिकविय्र व चैनल के ज़रिए डूंगरपुर जिले के टिमरूआ गांव के पास माही नदी से शुरू कर जालौर के बागोड़ा उपखंड अंतर्गत बिशाला गांव तक प्रस्तावित किया जा सकता है। योजना से समानांतर 5.94 लाख एवं 7.11 लाख एकड़ भूमि को लिफ्ट से सिंचित किया जाना प्रस्तावित था। माही बज़ाज परियोजना की सोसता कमेटी एवं राजस्थान-गुजरात समझौते के अनुसार पानी की मात्रा 40 टी.एम.सी. है। निष्पादित अनुबंध के अनुसार गुजरात राज्य से राजस्थान में उपयोग के लिए सहमति प्राप्त करने एवं इस जल उपयोग के माही बेसिन मास्टर प्लान का कार्य राज्य सरकार के स्तर पर नेशनल वाटर डेवलपमेंट एजेंसी, नई दिल्ली को आवंटित किया हुआ है। गिरते भू-जल स्तर के स्थाई समाधान व जिले को हरा-भरा बनाने के लिए माही बांध की वर्षों पुरानी प्रस्तावित योजना को मूर्त रूप देने की आवश्यकता है।

सिरोही क्षेत्र में अनेक पहाड़ी और प्राकृतिक नाले हैं, इन सबका संरक्षण करने की आवश्यकता है। पहाड़ों के नीचे व ढलान पर चैक डैम का निर्माण कर बरसात का पानी व्यर्थ बहने से रोका जा सकता है जिससे भूजल स्तर को ऊपर लाया जा सकता है। इस उपाय से हम मौसम की दोहरी मार से बच सकते हैं।

मैं सिरोही जिले की पेयजल व सिंचाई के लिए 500 करोड़ रूपए के अतिरिक्त विशेष पैकेज तथा सूखे से लड़ने से किसानों की पूरी फसल का मुआवजा दिए जाने का अनुरोध करता हूँ।

*__DR. THOKCHOM MEINYA (INNER MANIPUR):__ Our country is so vast. Natural calamities of opposite kinds do occur simultaneously in different parts of the country. Say, for example, now there is a severe drought situation in the central and southern parts of the country whereas there is rains and floods in northern, eastern and north-eastern parts of the country. In both cases, inter-linking of rivers and proper water resource management remain the only tangible solution to this acute problem of natural calamities. Since the problem is seasonable, the government can always think of workable plan and put in place the proper implementation of the same.

The present day technology is quite advanced. There are means to forecast these natural calamities well in advance so that disaster response and rehabilitation can be made fast before more damage is done. Inter-state river-linking may have some difficulties. However, intra-state river-linking should never have any difficulty. Once the system is in place, it can serve both purposes of flood as well as drought. The same holds good for proper water resource management programmes.

At the moment, the present government is doing only lip service. It does not take up these programmes seriously and at the same time the budget provided for these programmes is also too minimal. I think the government has some other compulsions than the problems of farmers. Many farmers are dying of suicides. Because this government does not have a tangible and sustainable solution to mitigate the crisis. I would very respectfully put in this way that this government has no direction in so far as its policy towards the farmers.

Unless this government change its mind-set and develop a pro-farmer policy, it will be extremely difficult to face these natural calamities, may be flood or drought. The government should always keep in mind that this country lives in villages and our economy is purely dependent on agriculture. Hence, I urge upon the Union Government, Ministry of Agriculture, in particular, to be more pro-active and farmer friendly in all its activities.

*__SHRI BALBHADRA MAJHI (NABARANGPUR):__ I beg lay on the Table the following with regard to drought, drinking water crisis and water management. There is a saying that water is life (Jal hi jeevan). There is also a saying that too much of anything is bad. In the same way too less of anything is also bad.

Nature is nature and it is difficult to charge nature. If someone attempts to change nature then there is every chance of fatality. This has been proved tine and again.

According to the position of Earth on its axis, there are different seasons in a year. Rainy season is one of those. The intensity and duration of rain is dependent on so many factors. Different regions have different amount of rain based on geography, latitude and longitude. When there is summer in Northern hemisphere it is winter in Southern hemisphere and vice-versa.

Amount of rain in India is affected by Al Nino phenomenon. For last two seasons the amount of rain over India is less than the average. Thus many States are affected by drought situation. It is a fact that we have not been able to harvest major quantity of the rain water irrespective of drought or no drought. It is also observed that while there may be drought in one region, the other region is surplus with water.

To overcome such situation, inter-linking of rivers has been thought of for quite some time. There have been cases where some regions are always water deficit and other regions are always water surplus. In either case, interlinking of river will help the country in equitable distribution of water.

The only aspect to be considered is cost benefit analysis. We have almost come to conclusion that interlinking of rivers is technically feasible and economically viable. Thus, the Centre and the States must come forward and take up this work on priority.

Of late, it is observed that some areas are short of drinking water. Due to continuous use of ground water, tube wells and hand pumps are also becoming defunct as the drawdown level of the water was gone down far below. Thus, there is a need to rationalize ground water usage i.e. how much should be used for agriculture and how much for drinking purpose.

In the old days there were lots of ponds in the villages as well as in towns. These were used for bathing, drinking as well as recharging underground water. Thus, there is a need to reclaim the ponds and dig more ponds. It well be of multipurpose use including fishery. I had a chance to see one statistics that as on 1995 we had 17 million km of canal system which has reduced to 16 million km. The reason is inadequate allotment of fund for its repair and maintenance. It is estimated that about Rs. 20,000/- crore is required annually for this purpose. We should think of curtailing subsidy in some schemes and use that money for this purpose. Unlined canals also cause wastage of large quantity of water through seepage. Therefore, we must line all the canals on priority so that more fields are irrigated and the aim of recharging the ground is also fulfilled.

In addition to interlinking of rivers, many more dams are required to be constructed as our irrigation coverage is hardly 35%. We should try to achieve 70% - 80% irrigation of land. This way, we can produce more crops as well as recharge the ground water and cover more area with matter. We must be judicious in utilization of water. There is a tendency to waste water wherever there is abundance. We must educate the people to use water to the extant required.

In some towns water harvesting has been made compulsory for building construction. This provision should be made mandatory for all buildings over all towns and villages. In Singapore, 80% of used water is recycled and used for industries as well as for domestic purpose. 25% of their requirement is met through desalination of sea water. Even though desalination has been tried in some places, in India we have not taken up of recycling of used water. This will save lot of water our water requirement. Recycling of water must be made compulsory to all cities.

Odisha is having so many rivers but most of the water flows to the Bay of Bengal while south and western Odisha is perennially affected by drought eastern - coastal area suffers from flood. Constructing dams over rivers in southern and western Odisha will solve the problem of drought and flood simultaneously. Some of the projects under process are Tel Integrated Project in Nabarangpur District, Middle Kolab in Koraput District and Saptadhara in Malkangiri District. Government should expedite its processing.

In the water cycle, trees and forest play a major role. Each grown tree gives a cooling effect to the atmosphere equivalent to 15 (1.5 Ton) ACs and produces oxygen worth more than Rs. 10 crore had it been produced in a factory. In one statistics, it is seen that while Canada is having more than 8000 trees per person, USA has 712, while India is having only about 70 trees per person. There is a need to plant more trees. Government must encourage people to plant trees. If required, people should be paid incentive to plant tree and for its survival. Even though carbon emission may not be a big problem for India we should encourage and provide more public transport, control carbon and dust emission from factories. All factories must have affluent treatment plants. If we can take these precautions, I am hopeful we can solve the drought and drinking water problem to a large extent.

श्रीमती रेखा वर्मा (धौरहरा) : माननीय सभापति जी, आज बहुत ही महत्वपूर्ण विष्य पर चर्चा हो रही है। सूखे का सबसे बुरा प्रभाव किसानों पर पड़ता है। उनकी फसलें नÂष्ट हो जाती हैं जिसके कारण वे अपना ऋण भी नहीं चुका पाते हैं। सूखे के कारण पानी की समस्या उत्पन्न हो जाती है इसलिए सैंट्रल वाटर बोर्ड और सैंट्रल वाटर कमीशन को 2000 करोड़ रुपए आबंटित किए गए हैं। इसमें कृÂिष सिंचाई योजना भी शामिल है। सूखे से निपटने के लिए अल्पकालीन, मध्यकालीन और दीर्घकालीन नीतियों पर चलना होगा। ग्राम समितियों में पंचायत के सदस्य और गांव में रहने वाली सभी जातियों के प्रतिनिधि शामिल होने चाहिए। महिलाओं सहित सभी समूहों के हितों का प्रतिनिधित्व होना चाहिए। ये समितियां सूखा प्रबंधन के लिए उत्तरदायी होंगी। गांव वालों की सहायता से सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि पानी पीने योग्य हो और सबको उपलब्ध हो। पानी को साफ करके भोजन बनाने योग्य बनाया जाना चाहिए। लोग पशुओं के लिए पर्याप्त व्यवस्था नहीं कर पाते हैं इसलिए इन्हें बेचने या छोड़ देने के लिए बाध्य हो जाते हैं। इन पशुओं के लिए शिविरों की व्यवस्था की जा सकती है।

महात्मा गांधी राÂष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना आबंटित निधियों का उपयोग जल संरक्षण ढांचों की स्थापना करने और इनको पुनर्जीवित करने के लिए किया जाना चाहिए। गांव वालों के लिए निधियों का तत्काल और सुचारु अंतरण किए जाने की आवश्यकता है। लगभग सभी गांवों में कम से कम एक बावड़ी तालाब, नाला या नदी होनी चाहिए। भूमिगत जल के पुनः भरण के प्रतिशत में कम से कम दो गुना वृद्धि की जानी चाहिए। वष्Âाजल का रुख प्राकृतिक और कृत्रिम ढंग से भूमिगत जल परत की ओर मोड़ने का काम आसानी से किया जा सकता है। कुछ समय बाद भूजल और भूमिगत जल के बीच संतुलन स्थापित हो जाएगा जिससे नदियां बारहमासी हो जाएंगी। भूमिगत जल परत में पानी भी रहेगा।

महोदय, केवल उन्हीं योजनाओं के लिए अनुमति दी जानी चाहिए जो उपलब्ध जल संसाधनों के लिए उपयुक्त हों और इससे अन्य जल संबंधी जल आवश्यकताएं प्रभावित न हों। उदाहरण के लिए गन्ने और चावल जैसी फसलों के लिए बहुत अधिक जल की आवश्यकता होती है। इन्हें केवल ऐसे क्षेत्रों में उगाया जाना चाहिए जहां पर्याप्त जल हो। स्थानीय किस्म की फसलों को बढ़ावा दिया जाना और इनके लिए न्यूनतम मूल्य बाजार की व्यवस्था की जानी चाहिए। उद्योग जगत के साथ नियमित रूप से बैठकें होनी चाहिए जो जल उपयोग के बारे में जानकारी दें तथा विभिन्न उपायों के माध्यम से जल के कम उपयोग के लिए प्रतिबद्धता व्यक्त करें।

श्री बदरुद्दीन अजमल (धुबरी): माननीय सभापति जी, मैं अपने सारे भाइयों के लिए शेर कहना चाहता हूं, मैं चाहता हूं कि इसे जरूर सुनें और सीरियसली सुनें।

झील में पानी बरस रहा है मेरे देश में,

खेत पानी को तरस रहा है मेरे देश में,

खून बेचकर रोटियां खा रहे हैं लोग,

पानी-पानी को बच्चा तरस रहा है, मेरे देश में।

महोदय, खून बेचकर रोटियां खा रहे हैं, माल्या जैसे लोग। सूखे के मामले में पोलिटिक्स न की जाए तो पूरे मुल्क के लोगों पर बड़ा रहम होगा। हमारे देश के इकोनामी किसानों पर निर्भर है। अगर किसान टूट गया तो हमारे मुल्क की इकोनामी टूट जाएगी। हमारे देश में बड़े नेता ने नारा दिया था - जय जवान, जय किसान। आज किसान पानी की एक-एक बूंद को तरस रहा है। उनके बच्चे

तरस रहे हैं। मैं कल पूरा दिन यहीं था, कल हमने जिस तरह से दोनों तरफ लड़ाई देखी। मैं महाराÂष्ट्र, मुम्बई से आता हूं, मैं महाराÂष्ट्र का हूं, मैं इलैक्शन असम से लड़कर आया हूं। मुझे महाराÂष्ट्र, कर्नाटक के लोगों से हमदर्दी है। लेकिन जिस तरह से यहां डिबेट हो रही थी, मेरा बैठे-बैठे दिल रो रहा था। मैं दोनों तरफ के लोगों से कहूंगा कि कम से कम ऐसे मुद्दे पर पोलिटिक्स न की जाए, जो मसला है, जो असल इश्यू है, उसे हल करने की कोशिश की जाए। कृÂिष मंत्री जी यहां बैठे हैं, उनका दिल बड़ा है। मैं समझता हूं कि सब लोग इस समस्या को हल करने की कोशिश करेंगे। यह बहुत बड़ा मसला है क्योंकि एक तरफ आधा मुल्क पानी की एक-एक बूंद को तरस रहा है। उस मां की आंखों को देखिए, जो अपने बच्चे को बिलखते हुए, मरते हुए देख रही है।

वह उस बच्चे के मुंह में एक कतरा पानी नहीं दे सकती है। आप उस नवयुवक को देखिए जिसके माँ-बाप पानी के कतरे के लिए मर रहे हैं, लेकिन उनके मुंह में पानी नहीं डाल सकता। अगर ऐसे मामलात पर भी हम राजनीति करेंगे तो मैं समझता हूं कि यह हमारे मुल्क के लिए बहुत दुर्भाग्य की बात होगी। मेरी सभी सांसदों से हाथ जोड़ कर प्रार्थना करता हूं कि यह बहुत महत्वपूर्ण विष्Âाय है। हम सभी को एक साथ इस गंभीर विÂषय पर सोचने की जरूरत है। हमारा आधा मुल्क सैलाब में डूब जाता है और आधा सूखे की चपेट में आ जाता है।

सभापति जी, मैं असम से आता हूं और इस समय वहां सैलाब आया हुआ है। लाखों लोग बेघर हो चुके हैं, उनकी जमीनें बरबाद हो चुकी हैं। हमारे यहां आर्सेनिक का भी इश्यु है और पानी भी दिन-प्रतिदिन नीचे जा रहा है। इंडस्ट्रीयलाइजेशन की गलत पालिसी की वजह से जमीन के नीचे पानी में जहर फैलता जा रहा है। यूनीसेफ की रिपोर्ट के अनुसार से पूरे देश में सात करोड़ से ज्यादा लोग इसकी चपेट में हैं। मेरा बेटा जमुना से विधायक का चुनाव लड़ता है और इस मर्तबा भी वहां से जीतकर आएगा। उसके यहां 15 हजार की आबादी में से 10 हजार से ज्यादा लोग आर्सेनिक की बीमारी से ग्रस्त हैं। यह बहुत गंभीर विषय है। मैं देश की जनता को पैगाम देना चाहता हूं कि उनका जो काम है वह एहले सियासत जानें, मेरा पैगाम मोहब्बत है, जहां तक भी पहुंचे।

***श्री रामचरण बोहरा (जयपुर शहर)**ः आज पूरा देश सूखे की मार झेल रहा है। लोगों की फसलें नष्ट हो गई हैं और जलाशयों में पानी खत्म हो गया है। बड़े-बड़े जलाशयों में भी 10 प्रतिशत के आस-पास पानी रह गया है। सूखे के साथ-साथ पीने के पानी की भी भारी समस्या हो गई है और कई जगह तो पानी लेने के लिए धारा 144 लगानी पड़ी है।

राजस्थान प्रदेश में तो वैसे भी बारिश कम होती है, लेकिन इस बार तो हालत बद से बदतर है। राजस्थान की यशस्वी मुख्यमंत्री माननीया वसुंधरा राजे इस समस्या के समाधान के लिए भरपूर प्रयास कर रही है। वह चम्बल बेसिन के अतिरिक्त पानी को बनास, बाणगंगा, पार्वती एवं गंभीरी आदि नदियों के पानी से विभिन्न बांधों में कमी की आपूर्ति के लिए अलग-अलग लिंक चैनल बनाने की महती परियोजना के लिए भरपूर प्रयास कर रही हैं ताकि लोगों को कम से कम पीने के पानी के लिए तरसना नहीं पड़े। साथ ही, माननीया मुख्यमंत्री जी ने जल संसाधन मंत्रालय से मांग की है कि पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना को राष्ट्रीय महत्व की परियोजना का दर्जा प्रदान किया जाये ताकि सूखे व पेयजल संकट से जूझ रहे राजस्थान के कसेड़ें लोगों को पेयजल संकट से शीघ्र राहत मिल सके।

मैं राजस्थान के जयपुर शहर लोकसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करता हूँ। राजस्थान एक ऐसा प्रदेश है जो प्रतिवर्ष सर्वाधिक रूप से भयंकर सूखे के कारण प्रभावित होता है। (वर्ष 2015-16) वर्तमान में भी 33 जिलों में से 19 जिले सूखे से प्रभावित हैं। राजस्थान की माननीया मुख्यमंत्री इस गंभीर समस्या से प्रभावित जिलों में राहत पहुंचाने का भरसक प्रयास कर रही है। सरकार जल संचय के लिए जल स्वावलंबन जैसी योजनाओं पर कार्य करते हुए प्राकृतिक जल स्रोतों को भी पुनर्जीवित करने का प्रयास कर रही है।

इस बार गर्मी ने भी अपना विकराल रूप ले रखा है, इस भयंकर गर्मी की वजह से देश में सैकड़ों मौतें हो चुकी है। इस समस्या का भयावह रूप देखते हुए माननीया अध्यक्ष महोदया ने भी एक गोष्ठी का 4-5 मई को आयोजन किया था, जिसमें करीब 150 माननीय सदस्यों ने भाग लिया था। इस गोष्ठी में माननीय सदस्यों व अन्य उपस्थित महानुभावें ने अच्छे सुझाव दिये हैं, जिन पर माननीय मंत्री को संज्ञान लेना चाहिए। इस समस्या के समाधान के लिए सरकार को अल्पकालीन और दीर्घकालीन उपायों की तरफ ध्यान देना होगा। मेरा सुझाव है कि अल्पकालीन समस्याओं का समाधान है कि हमें हर गांव में तालाबों और बावड़ियों का निर्माण करना होगा। पहले गांवों में तालाब होते थे, जिनमें हमेशा वर्षा का पानी भरा रहता था। धीरे-धीरे जैसे जनसंख्या की वृद्धि हुई वैसे-वैसे गांवों में सभी तालाब खत्म हो गये। अब हमें इन तालाबें और बावड़ियों को पुनर्जीवित करना होगा। इसके अतिरिक्त, हमें तहसील स्तर पर छोटे-छोटे बांधों का निर्माण करना होगा जिनमें वर्षा के पानी को रोका जा सके और जरूरत के समय उस पानी का उपयोग किया जा सके। ऐसा करने से हम सूखे की समस्या और पेयजल की समस्या से निज़ात पा सकेंगे। इसके अलावा, नगरें/शहरों में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम को बढ़ावा देना होगा।

दीर्घकालीन उपायों में, मेरा सुझाव है कि हमारी एन.डी.ए. की पहली सरकार जिसके प्रधानमंत्री हमारे श्रद्धेय वरिष्ठ नेता श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी ने उस समय कहा था कि सभी बड़ी-बड़ी नदियें को एक-दूसरे से जोड़ दिया जाये। यही सोच हमारे माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की भी है। उन्होंने भी इस सोच को सार्वजनिक रूप से दोहराया है। अब समय आ गया है कि इस महत्वपूर्ण सोच को हमें क्रियान्वयन की ओर ले जाना होगा। इससे हमें दो फायदे होंगे। एक तो हम नदियों से आने वाली बाढ़ की समस्या से निज़ात पा सकेंगे। दूसरा, सूखा और पेयजल की समस्या का समाधान कर पायेंगे।

मैं माननीय मंत्री महोदय से आग्रह करूंगा कि मेरे इन दोनों सुझावों पर गंभीरता से विचार करें।

श्रीमती कृÂष्णा राज (शाहजहाँपुर): महोदय, वर्षों वर्ष से सूखे पर चर्चा चल रही है, लगभग 150 साल पहले भी नदियों को जोड़नें का प्रावधान बना, लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि हम नदियों को जोड़ने की बात कहते रहे लेकिन हम नदियों से नहीं जुड़ पाए। यह हमारा सबसे बड़ा संकट है जो हमने जीवनदायनी नदियों को अपने से दूर कर दिया और अपनी आदतों की वजह से हम आज पानी पीने से मोहताज हैं। हम चन्दूमां पर जल को ढूंढ़ते हैं क्योंकि जल से ही जीवन के प्रमाण मिलेंगे। हमारा जीवन तब था जब हमारा बसेरा नदियों की तरफ हुआ करता था। आज हम इस पर चर्चा करते हैं लेकिन कहीं भी हमारी समझदारी की बात नहीं आती है कि उन पटी हुई नदियों को फिर से जीवित किया जाए। अगर सीवरेज का या उद्योगों का गंदा पानी नदियों में न छोड़ा जाए तो इन नदियों का अस्तित्व कभी खत्म न हो।

महोदय, मेरा सुझाव है कि नदियों को जोड़ने के साथ-साथ जब तक नदियों में सिल्ट की सफाई नहीं होती है, तब तक हम नदियों को गहरा करने का काम आगे नहीं बढ़ा सकते। अटल जी के समय हमारी सरकार ने वÂर्ष 2002 में नदियों को जोड़ने का प्रावधान किया जिसके लिए छह हजार करोड़ रुपयों का बजट रखा गया और तीस नदियों को जोड़ने की बात आई थी लेकिन हमारा अपना अनुभव कहता है कि नदियां स्वतः चलने वाली हैं, उनकी अपनी धारा है तथा वह अपना रास्ता समय-समय पर बनाती हैं। आज हम सभी पानी के लिए मोहताज हैं और हमारे खेत सूख रहे हैं। आप देख सकते हैं कि हमारी ऐतिहासिक इमारतें बताती हैं कि हर घर में कुएं हुआ करते थे। हमें स्वच्छ पानी मिलता था। आज हमने कुओं को पाट दिया है और इंडिया मार्का हैंड पाइप पर आधारित हो गए। हम अपने माननीय प्रधानमंत्री जी को बधाई देते हैं जिन्होंने इस दिशा में काम किया और गांव का जो परम्परागत तालाब था, उसे मनरेगा से मजदूर लगाकर खोदा, उसे गहरा किया गया, उसका सौंदर्यीकरण किया गया। जब तक हम यह काम नहीं करेंगे तब तक हम इसी तरह बहस करते रहेंगे। हम सभी लोग साइंस, वैज्ञानिक और मौसम विज्ञान पर निर्भर हैं। मैं कहना चाहती हूं कि हमारे एक कवि घाघ थे। उनकी कविताएं मुझे याद हैं। उनकी एक कविता है - " लाल पियर जब हुए आकाशा, समझो वर्षा की नहीं आशा। " हमारे लोग जानवरों की आवाज से अंदाज लगाया करते थे। एक और कविता है " बोली लोमड़ी, फूली कांसा, समझो वर्षा की नहीं आशा। " ये घाघ की कहावतें हैं। घाघ तो घाघ रहे, उनके सामने आज के साइंटिस्ट फेल हैं। घाघ ने संकेत दिया था, उसके आधार पर जब वÂाान की आशा नहीं होती थी, जिस समय हम दलहन, तिलहन की पैदावार करते थे, जो आज बाजारों से गायब हैं, हमारी थालियों से गायब हैं। जो चीजें टके के भाव से बिकती थीं, उन्हें आज हम अमूल्य भाव पर खरीदते हैं, आज वे जन-जन की थालियों से दूर होती जा रही हैं।

मैं ज्यादा समय नहीं लूँगी। मैं केवल इतना ही कहना चाहूँगी कि हम अपनी परम्परागत खेती को अपनाते हुए, जैविक खेती को अपनाएँ। रासायनिक खेती हमारे खेत की मिट्टी को पत्थर बना देती है। उसके कारण हमारे जैविक मित्र- केंचुए मर गये। जब पानी बरसता था, तो वे पानी को अवशोÂिषत करते थे। उनके द्वारा हमारे खेत वाले हुए होते थे। कीट-पतंगें हुआ करते थे। आज रसायनों के उपयोग के कारण बरसात का पानी इधर-उधर बह जाता है और उसका वाष्Âिपत हो जाता है। इस ब्रह्माण्ड में न पानी कभी कम हुआ है और न ही कभी कम होगा। केवल उसका स्वरूप बदल जाने के कारण आज हम लोगों को इन तमाम दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

मैं आपसे आग्रह करूँगी एक गाय 25-30 एकड़ खेती के लिए पर्याप्त है। मैं स्वयं ऐसा करके देखती हूँ। मैं अपने सांसद साथियों से कहना चाहूंगी कि वे इस ओर अपने कदम बढ़ाएं और परम्परागत खेती, जैविक खेती को बढ़ावा दें। इससे बाढ़ और सूखा से भी बचेंगे और नदियों को भी गहरा किया जाए।

मैं माननीय मंत्री जी को बहुत-बहुत धन्यवाद देती हूँ। उन्होंने उत्तर प्रदेश में बुंदेलखण्ड की दयनीय स्थिति को देखते हुए, वहाँ के लिए धनराशि आबंटित की है। वहाँ जो भी धनराशि भेजी जा रही है, मैं अपने साथी सदस्य से कहूँगी कि वे इस पर राजनीति न करें।

*SHRI SANKAR PRASAD DATTA (TRIPURA WEST): I would like to draw the attention of the Government that drought and scarcity of water have become so acute, in India now-a-days that even the Supreme Court urged the Central Government and expressed "if you are not releasing the funds, then no one will like to work. States will say they have no funds, so they can not pay any one for MGNREGA work. No State will make any commitment to the people. Relief has to be given immediately and not after one year. Temperature is soaring at 45 degree celsius, there is no drinking water, nothing is there. You have to do something and provide relief on time

I quote such an important finding of the Supreme Court, as because what our Hon. Supreme Court could understand is not being understood by our Central Government which is voted in by the people, who had given the Government to see the interest of the people of the whole country.

302 out of 614 districts of our country are under the attack of severe drought, highest since 2009. Children and old persons are worst affected due to drought. People have to walk ten to twelve kilometer to collect drinking water. Cattle and other kinds of animals are also in very bad condition. Agricultural fields are not getting sufficient water for producing our food.

In these circumstances, I urge upon the Central Government to go through the problem seriously and take appropriate decision to fight out the serious problem.

***श्री चन्द्र प्रकाश जोशी (चित्तौड़गढ़)**: आज हमारे देश के कई इलाके सूखे की मार से प्रभावित है जिसके कारण पीने के पानी की समस्या हो या किसानों की फसल की बात हो, हमारे देश के अधिकतर किसान आज भी मानसून पर निर्भर हैं। हम पिछले कुछ वर्षों से मानसून की अनियमितता से बुरी तरह प्रभावित है। वर्ष 2015-2016 में 251 जिलों को और दस राज्यों को सूखा प्रभावित घोषित किया गया है, वैसे ही 2014-2015 में 107 जिलों और 5 राज्यों को सूखा प्रभावित घोषित किया गया था, जिसके कारण किसानों और गरीबों की स्थिति दयनीय हो गई है। इस समय पूरा राजस्थान सूखा और पानी की समस्या से जूझ रहा है। वर्ष 2015-16 में प्रदेश के 19 जिलों को सूखा प्रभावित घोषित किया गया था, जिसमें अजमेर, बांसवाड़ा, बारा, बाड़मेर, भीलवाड़ा एवं मेरा संसदीय क्षेत्र चित्तौड़गढ़, उदयपुर एवं प्रतापगढ़ भी सूखा से प्रभावित रहा है। सूखे के प्रभाव से निपटने के लिए राज्य सरकार ने राष्ट्रीय आपदा अनुक्रिया कोष (एन.डी.आर.एफ.) से 10537.02 करोड़ की राशि मांगी गई थी जिसमें से 1193.41 करोड़ रूपया राज्य सरकार को अनुमोदित किया गया था, इसके लिए मैं राजस्थान की जनता की ओर से माननीय गृहमंत्रा,ळ श्री राजनाथ सिंह जी का आभार करता हँ एवं इस वर्ष भी सूखे से प्रभावित क्षेत्र के लिए राज्य सरकार द्वारा मांगी गई राशि के अनुरूप प्रमुखता से अनुमोदित करने की मांग करता हँ।

जब देश में सूखा पड़ता है तो इसका प्रभाव कई क्षेत्रों में पड़ता है, सबसे ज्यादा तो उस अन्नदाता पर पड़ता है, एक तो उसकी फसल को नुकसान हुआ है, उससे परेशान रहता है, अपनी गरीबी से परेशान रहता है, ऊपर से ऐसे में महंगाई बढ़ जाती है, किसान अपनी फसल को उगाने के लिए जो कर्ज लिया करता है, उसमें दब जाता है। ऐसे में वह अन्नदाता आत्महत्या करने पर भी मजबूर हो जाता है, अभी लगातार दो वर्षों से मानसून अच्छा नहीं होने के कारण भी आत्महत्या जैसे कृत्य करने के लिए मजबूर हो जाता है।

ऐसा भी नहीं है कि जब सूखा पड़ता है तो सिर्फ किसान इससे प्रभावित होता है बल्कि इस क्षेत्र से संबंधित लोग जैसे एग्रो बेस्ड इंडस्ट्रीज को भी भारी नुकसान होता है, खाद उत्पादक दवाईयों एवं खाद्य ट्रांसपोर्टेशन के क्षेत्र पर भी भारी प्रभाव पड़ता है। इसका देश की अर्थव्यवस्था पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

सूखे से निपटना केंद्र और राज्य सरकार दोनों की प्राथमिकता है। सूखे से निपटने के लिए दोनों को मिलकर प्रयास करने होंगे। पिछले कई वर्षों से सूखे की स्थिति से निपटने के लिए सरकार द्वारा अनेक पॉलिसी बनाई गई हैं, जिनसे कि किसानों को कहीं पलायन न करना पड़े। अपने जीवन को चलाने के लिए किसान बाहर जाकर कुछ और कार्य करता है, मजदूरी करता है और अपना और अपने परिवार का जीविकोपार्जन करता है। सूखे के कारण ही राजस्थान प्रदेश के सबसे अधिक किसान सदियों से पलायन कर रहे हैं। इन परेशानियों से किसान मुक्त हो, इसके लिए सरकार 2005 से किसानों को रिलीफ देने के लिए योजना बना रही है। 2007 से 2027 तक इंटीग्रेटेड वाटर वेस्ट मैनेजमेंट प्रोग्राम के द्वारा 75 मिलियन हैक्टेयर क्षेत्र को सिंचित करने का लक्ष्य रखा गया है। इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए त्वरित कार्यवाही करने की आवश्यकता है।

इसके अलावा, 2012 में नेशनल वाटर पॉलिसी बनाई गई है, जिसका उद्देश्य पानी की कमी, इसके वितरण में विषमताओं की सही प्लानिंग और प्रबंध करना है। इसके अतिरिक्त, सूखा प्रभावित क्षेत्रों के लोगों को नेशनल हॉर्टीकल्चर मिशन एंड राष्ट्रीय कृषि योजना, नेशनल मिशन ऑन माइक्रो इरीगेशन एवं वर्तमान में माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा लांच की गयी प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री जी ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की शुरूआत की है और यह पहले की तुलना में बहुत ही कम प्रीमियम पर किसानों को उपलब्ध होगी, जिससे किसान लाभान्वित होंगे और कम से कम अभी जो किसान आत्महत्या करने पर मजबूर होते थे, उसमें निश्चित ही कमी आएगी।

जल संचयन और जल संरक्षण कर ही जल समस्या की कमी से निपटा जा सकता है जैसे नदी विकास और गंगा संरक्षण एवं पुराने तरीकों से जल भण्डारण की क्षमता को बढ़ाने के लिए प्रयास करने होंगे। ग्रामीण क्षेत्र में पेयजल की समस्या कम करने का प्रयास करने होंगे। निश्चित ही सरकार इस ओर कदम बढ़ा रही है और ग्रामीण क्षेत्रों में जल संचयन को बढ़ाने के लिए नेशनल रूरल ड्रिंकिंग वाटर प्रोग्राम के तहत कार्य कर रही है जिससे कि ग्रामीण क्षेत्र के सरफेस वाटर और ग्राउंड वाटर के स्रोतों को बढ़ाया जा सके, लेकिन मेरा ऐसा मत है कि इस ओर पूरे मन से एक लक्ष्य के साथ कार्य करने की आवश्यकता है तभी यह कार्य संभव हो पाएगा।

इसके अतिरिक्त, जल समस्या से निपटने के लिए हमें कुछ और भी प्रयास करने की जरूरत है, जिनमें मुख्य रूप से कुंओं का रख-रखाव एवं विकास करना, इस समय हमारे देश में 520000 इरीगेशन टैंक्स (कुंए) हैं, जिनकी क्षमता 3000 क्यूबिक मीटर है, जिसे बढ़ाने की आवश्यकता है। क्षमता को बढ़ाने के लिए मनरेगा, राज्यों, किसानों और स्थानीय लोगों को प्रोत्साहन देकर बढ़ाया जा सकता है। इसके लिए सरकार को एक व्यापक कार्य योजना बनाने की आवश्यकता है। सभी कुंओं को वाष्पीकरण से बचाने के लिए कुंओं को ढक कर रखने के लिए प्रेरित करना ताकि वाष्पीकरण और पानी को गंदा होने से बचाया जा सके।

जल संरक्षण का पूरा फायदा तभी मिल सकता है, जब हम तालाबों की साफ-सफाई और उनकी क्षमता को बढ़ाया, अभी इस समय देशभर में लगभग 8.77 लाख तालाब हैं, इनका संरक्षण कर क्षमता को बढ़ाने पर ज़ोर देने की आवश्यकता है। हमें हर किसान को उनके खुले कुंओं में सुधार हेतु प्रेरित करना, अधिक से अधिक चैक डैम का निर्माण, सड़क के किनारे पौधारोपण, जल संसाधनों के महत्व को बढ़ावा देने के लिए अधिक से अधिक जागरूकता अभियान चलाना चाहे यह स्वयं सेवी संस्थान के माध्यम से हो या सरकार की अपनी एजेंसी के द्वारा हो।

शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्र के परिवारों को जल संसाधन, जल संचय के महत्व को समझाते हुए रेन वाटर हार्वेस्टिंग, रूफ टॉप रेन वाटर हार्वेस्टिंग एवं पानी का पूरा उपयोग कैसे हो, इसके लिए रिसाईकिल के लिए प्रेरित कर भी पानी की समस्या को कुछ कम किया जा सकता है। ड्रिप इरीगेशन से भी वाटर वेस्टेज को कम किया जा सकता है। इन सबके अलावा, सबसे महत्वपूर्ण आवश्यकता इस बात की है कि जल प्रबंधन के लिए नदियों से नदियों को जोड़ने के लिए राज्य सरकारों के बीच सामंजस्य स्थापित करना। हमारी सरकार इस दिशा में बहुत तेजी से प्रयास कर रही है और इसके लिए एक टॉस्क फोर्स का गठन भी किया गया है। 13.04.2015 को टॉस्क फोर्स फॉर इंटरलिंकिंग ऑफ रिवर का गठन किया गया है। समिति द्वारा 23 अप्रैल, 2015, 05 नवंबर, 2015 व 28 अप्रैल, 2016 को अब तक तीन बैठक हुई है, लेकिन इसमें कुछ प्रमुख चुनौती हमारे सामने उभर कर आई हैं। सबसे पहले तो राज्यों का इसके प्रति उदासीनता, कई राज्य अपने सरप्लस वाटर को शेयर नहीं करना चाहते। दोनों राज्यों के बीच लेने वाले और देने वाले के बीच कोई समझौता नहीं हो पा रहा है, पर्यावरण भी एक मुद्दा है, इस पर भी कोई विस्तृत स्टडी नहीं की गयी है। कुछ अंतर्राष्ट्रीय परेशानी भी है, क्योंकि 6 हिमालयन लिंक प्रोजेक्ट नेपाल में है। भूटान में इस कारण भी परियोजना में कोई खास प्रगति नहीं हुई है, लेकिन देश और समाज के हितों को ध्यान में रखते

हुए राज्यों को भी देशहित में कुछ फैसले लेने की आवश्यकता है, इसके लिए सिर्फ अपने राज्यों के हितों तक ही राज्य अपनी सोच को सीमित न रखे और देशहित में शीघ्र फैसला करें। हम एक राष्ट्र है और हमें पूरे देश के लिए सोचने की जरूरत है। देशहित में फैसला लेने की आवश्यकता है, जैसाकि हम सब जानते हैं कि देश के भू-भाग का सिर्फ एक प्रतिशत पानी राजस्थान में है जबकि देश का 10.4 प्रतिशत भू-भाग राजस्थान का है। हमारा प्रदेश पानी के महत्व को समझता है, इसलिए मैं राजस्थान की जनता की तरफ से मांग करता हूं कि राजस्थान से संबंधित, सम्बन्धित राज्य, उत्तर प्रदेश, गुजरात, हरियाणा एवं राजस्थान एवं राजस्थानी-साबरमती लिंक जिसकी ड्राफ्ट फिजिबिलिटी रिपोर्ट कम्पलीट है, उसकी शीघ्र ही डी.पी.आर. बनवाई जाए, जिससे कि राजस्थान में पानी की समस्या को कुछ हद तक कम किया जा सके और राजस्थान में पीने के पानी और खेती के लिए किसानों को पर्याप्त पानी मिल सके।

वर्तमान में राजस्थान में मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे जी द्वारा मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन योजना आरंभ की गई है। राजस्थान सरकार द्वारा की गई इस पहल पर आज राजस्थान में गांव-गांव में यह अभियान आंदोलन का रूप ले चुका है। इस अभियान में तालाब को गहरा करना, कुंओं की मरम्मत, एनीकट आदि कई कार्य हो रहे हैं। साथ ही, इसमें जनसहभागिता भी हो रही है। वहां के जनप्रतिनिधि, राजकीय सेवक, आम नागरिक आदि भाग ले रहे हैं एवं श्रमदान के माध्यम से अपना दायित्व निभा रहे हैं। जल स्वावलंबन के साथ-साथ राजस्थान में पीने की समस्या बहुत अधिक होने के कारण सरकार को विशेष सहयोग की आवश्यकता है एवं इसके लिए केंद्र सरकार से ये अनुरोध करूंगा कि राजस्थान को जल संकट एवं संरक्षण के लिए विशेष आर्थिक पैकेज सहायता भी प्रदान करें।

श्री एस.एस.अहलुवालिया (दार्जिलिंग): माननीय सभापति महोदय, कल से नियम 193 के तहत यह चर्चा चल रही है। मैं उस सदन और इस सदन में करीब 26 वÂर्षों से देख रहा हूँ कि हर वÂर्ष दो बार सूखा और बाढ़ की चर्चा होती है, जिसमें मैं भाग लेता रहा हूँ। लेकिन परिणाम ढ़ाक के तीन पात ही रहे। समस्या हर वÂर्ष बढ़ती गयी। यह आज इतना विकराल रूप धारण कर रही है, हमारे बहुत-से विद्वान साथी बहुत सारी बातें कहकर गये हैं। मेरा कहना है कि जिस देश में गंगा-यमुना-कृÂणा-कावेरी-सरस्वती-व्यास-सतलज और एक मातृ पुलिंग नदी ब्रह्मपुत्र पूजी जाती हो, उस देश में सूखे पर चर्चा हो और उस देश में बाढ़ पर चर्चा हो, उस देश का जन-मानस परेशान हो। पृथ्वी का तीन भाग जल है और एक भाग स्थल है। उसके बावजूद जल-संकट है। इन संकटों के क्या कारण हैं? हर डिपार्टमेंट के लिए या हर काम के लिए, कारोबार के लिए, कारखाने के लिए, एक कंटीजेंसी प्रोग्राम होता है कि यदि यह फेल होगा, तो यह चला लेंगे। यदि बिजली फेल होगी, तो जेनरेटर चला लेंगे यानी काम बंद नहीं होगा। किन्तु कृÂिष का क्या है? हम कहते हैं कि हमारा देश कृÂिष प्रधान है। हम कृÂिष पर आधारित हैं, आश्रित हैं, किन्तु हम वÂर्षा पर भी आश्रित हैं।

उन राज्यों का और उन खेतों का हाल देखिए, जहाँ पर सिंचाई की व्यवस्था नहीं है। वह सिर्फ आकाश को देखता है। हमारी कृष्Âणा बहन बोल रही थीं कि घाघ की वाणी को सुनकर और पढ़कर किसान बुआई शुरू करता था। आकाश की भाÂषा को समझता था। ओड़िशा, बंगाल और असम के लोग स्वाँना के क्वन पढ़कर समझते थे। आज हमारा मदर कम्प्यूटर, मेट्रोलॉजिकल डिपार्टमेंट सब फेल हो जाते हैं। पहाड़ों में ग्लेशियर्स गलते हैं, झरने बनते हैं, झरनों से नदियों का उत्सर्ग होता है, नदियों में नाले मिलते हैं, बरसाती नाले मिलते हैं, बरसाती नदियां मिलती हैं, बाढ़ आती है और समुद्र में पानी चला जाता है। बहन कविता ने बहुत अच्छा विश्लेÂषण करके आंकड़े बताए हैं। उन आंकड़ों को सामने रखकर, उनका आकलन करके सरकार को योजनाएं बनानी चाहिए, लेकिन हम हर वÂर्ष चर्चा करते हैं और निÂष्कÂर्ष कुछ नहीं निकलता है।

महोदय, अभी मेरे विद्वान साथी कह रहे थे कि राजा जनक ने यज्ञ किया। मैं कहता हूं कि इस देश में यज्ञ के माध्यम से, संगीत के माध्यम से बारिश होती है। आपको पता होगा कि अकबर बादशाह की बेटी बहुत बीमार हो गयी थी। उसका सिर्फ एक ही इलाज था कि राग दीपक गाया जाए और तभी वह ठीक होगी। राष्ट्र संगीतज्ञ तानसेन ही वह राग गा सकते थे, लेकिन उन्होंने मना कर दिया। अकबर बादशाह अपनी झोली पसारकर तानसेन के दरबार में हाजिर हुए, उनके घर गए, बोले कि मेरी बेटी की जिन्दगी का सवाल है, राग दीपक गाकर उसे निरोग बना दो। तानसेन को पता था कि अगर मैं राग दीपक गाऊंगा तो मैं कुएं का पानी या झरने का पानी पीकर नहीं बच सकता, वÂर्षा का पानी मेरे शरीर पर पड़ेगा, तभी वे फफोले मरेंगे। मेघ मल्हार गाने वाली सिर्फ एक महिला थी - तानी, जिसकी शादी हो गयी थी। जब उन्होंने राग दीपक गाया तो अकबर बादशाह की बेटी ठीक हो गयी, पर तानसेन के बदन पर फफोले आ गए और वह पानी को ढूंढता हुआ तानी के ससुराल पहुंचा। उसके ससुराल में जाकर, कुएं के पास जहां पनिहारिनें पानी भर रही थीं, वहां पर जाकर पानी मांगने लगा तो वे पनिहारिनें उसे कोढ़ी समझकर पीछे हटने लगीं। तब उसने कहा कि यह तो राग दीपक का मारा हुआ है। राग दीपक के मारे हुए को मेघ मल्हार ही बचा सकता है और मेघ मल्हार गाने वाली तानी थी। तानी ने उसी कुएं की बनेर पर बैठकर मेघ मल्हार गाया, वÂर्षा हुई और तानसेन की जान बची। जिस देश में संगीत के माध्यम से, यज्ञ के माध्यम से बारिश होती हो, उस जगह पर आज पानी के लिए तरस रहे हैं?

महोदय, मैं दार्जिलिंग से आता हूं। दार्जिलिंग में वाष्Âिट नहीं हो तो सूखा पड़ता है, चाय के बागान सूख जाते हैं, अनारस के खेत सूख जाते हैं, संतरे के बागान सूख जाते हैं। हमारे लोग वहां पीने के पानी के लिए तरसते हैं, पानी नहीं रहता, पर्यटन बिजनेस बन्द हो जाता है, होटलों में पानी नहीं रहता। अमीर आदमी तो बॉटल्ड पानी खरीद सकता है, लेकिन गरीब आदमी क्या करे। जो झरने के पानी पर आश्रित है, जो तालाब के पानी पर आश्रित है, जो वापाकल के पानी पर आश्रित है, उसका क्या होगा? क्या उसके बारे में कभी सोचा गया है? यह चर्चा कल से चल रही है, मैं देख रहा हूं कि जल संसाधन मंत्री, ग्रामीण विकास मंत्री और कृÂिष मंत्री, इन तीन मंत्रियों को बुलाया गया है, किन्तु सूखे के कारण ये तीन विभाग ही ग्रसित नहीं होते हैं। सूखे के कारण पूरी आर्थिक नीति ही चरमरा जाती है, उसको सुधारने के लिए यहां वित मंत्री जी को रहना चाहिए, गृह मंत्री जी को रहना चाहिए, एनडीआरएफ की व्यवस्था होनी चाहिए, एसडीआरएफ की व्यवस्था होनी चाहिए।

महोदय, जून, 2015 में अतिवाष्Âिट होने के कारण हमारे यहां लैण्ड स्लाइड हुई, हजारों करोड़ रुपये का नुकसान हुआ, अभी तक उसकी भरपाई एसडीआरएफ के माध्यम से नहीं की गयी है। वहां के लोग अभी भी तरस रहे हैं। मेट्रोलॉजिकल डिपार्टमेंट कह रहा है कि इस बार फिर अतिवृÂिष्ट हो सकती है। दार्जिलिंग के पहाड़ों के लोग, कलिम्पोंग के लोग, दर्शयांग के लोग और सिक्किम-गंगटोक के लोग परेशान हैं कि इस बार क्या होगा।...(व्यवधान)

माननीय सभापति : अब अपना भाÂषण समाप्त कीजिए। समय नहीं है।

श्री एस.एस.अहलुवालिया: महोदय, मैं अपनी बात समाप्त कर रहा हूं।...(व्यवधान) वष्Âान 2010 में भूकम्प के बाद लैण्ड स्लाइड हुई। एनएच-55 वÂर्ष 2010 से बन्द है। सर, मैं सिक्किम पर हूं। अगर कल चीन से युद्ध शुरू हो जाए तो हमारी फौजें नहीं जा सकतीं। वहां पर उसकी कार्रवाई होनी चाहिए। इन रास्तों को छोड़कर, सिर्फ इसका जवाब आने से नहीं होता है, इसका उपाय भी होना चाहिए। ...(व्यवधान)

-

*SHRI RAJU SHETTY (HATKANANGLE): Hon. Chairman Sir, kindly allow me to speak in Marathi. There is a drought condition in different parts of India. Sir, in our Maharashtra, people are fighting with each other for water in dry region of Marathwada. Now, we are supplying water through trains. All the people are praying that it should be the last drought of their life. I think this a man-made drought. There had been drought conditions for 12 years even in Shivaji's era. But, nobody had to commit suicide during those days. On one hand, no water is available to drink and cattle are also starving.

17.02 hours (Shri Hukum Singh *in the Chair*)

But on the other hand, milk is available at cheaper rates than water. We should have to change our approach towards the farmers, farming and the entire rural life. In fact, farmers have been facing many natural calamities like drought, scanty rainfall, heavy downpour, hailstorm, cloud-bursting etc. in the last 5-6 years. Due to this, a farmer has to suffer a lot. I think, global warming and climate change are responsible for it. Those who have harmed our nature are safe but only farmers are suffering and incurring losses. Emission of carbon dioxide and carbon monoxide is accountable for this increase in temperature. But our helpless farmers are badly affected by this climate change.

In this way, the farmers are facing dual problem. On one hand he is not able to save his crops due to scarcity of water and on the other hand,

even if he succeeds to save his crops, he would not get the remunerative price for his products. So, this is the plight of our farmers and that is why he is not in the position to repay his loans. The loans not serviced by corporates are considered as NPAs. You have our land as collateral but still you are not willing to provide loans to poor and needy farmers. This is very unfortunate. Corporates are leaving this country after looting thousands of crores in the name of bad loans and you are not in a position to recover that money. Though our honest farmers leave this world but do not desert their motherland in any case. Their integrity is beyond doubt. Hence it is my request to you to save these honest farmers through complete loan-waiver. Thank you.

*SHRI RAMESHWAR TELI (DIBRUGARH): The drought situation prevaling in the various part of the country is really a matter of serious concern for all of us. In the absence of availability of water, people are suffering a lot. As reported in a section of print media drought in at least 10 States is estimated to impact the economy by at least Rs 6,50,000 crore as about 33 crore people across 256 districts are facing the grave situation. As a matter of fact, the drought situation in the States like Maharashtra and Karnataka is really very alarming. While the Government has taken various measures to tackle the situation, more needs to be done in this regard. Inter-linking of rivers, water conservation and management, rain water harvesting are some of the steps that should be taken. Pending irrigation projects should be completed at the earliest to boost water supply for drinking purposes. I urge upon the Government to make all out effort to give succor to the drought effected people, particularly to the farmers.

* SHRIMATI RAKSHATAI KHADSE (RAVER): Hon. Chairman Sir, thank you. Please allow me to speak in Marathi. We have been discussing the drought condition here for the last two days and many Hon. Members have expressed their views on drought condition.

Many experts had warned us 20-25 years ago, about this drought condition if we fail to conserve water through water management. I think their words come true. Today, we are witnessing the same situation what they had forecasted for Maharashtra and the country. Had we been conserved water through water management, we would not have to discuss this issue here today. We could not take care of climate change that time and that is why we are facing these problems. Today, 20000 to 25000 villages are suffering from drought in Maharashtra. Some good steps are being taken up by the State and Central Government. In 14 districts, which are worst affected, Government is providing foodgrains at cheaper rates. Government is also giving 50% discount in education fees to the students of these drought affected areas. To provide Government aid to the maximum number of farmers, Government has reduced the assessment ratio from 50% to 33%. Earlier the assessment used to be done circle-wise but now the Government has started 'Aanewari' village-wise to cover even the less affected villages.

Many members have criticized the Government but in my opinion, Government has provided timely help and did even better than the previous Governments. Maharashtra Government is implementing 'Jalyukt Shivar Yojna' successfully. It is also doing a lot of work through NREGA like, canal digging, desilting of ponds and lakes, construction of dams along the rivers etc.

Government is also ensuring the timely completion of drought related work – and also taking stock of the situation through the MPs and MLAs. Government is extending all kinds of help to give relief to the distressed people and also to create goodwill. Along with drought conditions we are also discussing about inter-linking of rivers. It was started during Atalji's regime under the able guidance of Hon. Suresh Prabhu ji.

Central ground water board had conducted a survey for an artificial recharge and this kind of survey is also done in Banjara zone, at Satpuda range base in Jalgaon district (where Bazada zone is in existence). When our party came to power, Hon. Uma Bharti ji resumed that work immediately. She has allotted more funds for this 'Mega Recharge' survey work and DPR work is also prepared for it.

I think, the inter-linking of rivers, the Mega Recharge is the largest project in the world of this kind of artificial recharge. Through this Mega Recharge Project, we would be able to divert the flood water in the rainy season to flow through this canal by artificially recharging the Bazada zone to raise the ground water level and it would help to irrigate 2.5 lac hector of land there.

I would also like to request Hon. Environment Minister to cover the small dams, ponds and lakes in forest sea under Jalyukta Shivar Yojna so that the people residing in and around nearby would also get benefitted. I am very thankful to Maharashtra Government. I would also like to thank you for giving me an opportunity to speak.

Thank you.

श्री हरीश मीना (दौसा) : सभापति महोदय, आपने मुझे इस महत्वपूर्ण विÂषय पर बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं। मैं ऐसे क्षेत्र से आता हूं, जो रेगिस्तान नहीं है। आज से बीस साल पहले वहां नहरों से खेती होती थी, डबल क्रॉप एरिया था। पता नहीं क्या हुआ वहां पीने के लिए पानी नहीं है। मैं सिर्फ एक शहर दौसा, जो मेरे निर्वाचन क्षेत्र का जिला मुख्यालय है, उसका जिक्र करना चाहता हूं। जिला मुख्यालय में सात दिन में एक बार पीने का पानी 15 मिनट के लिए मिलता है। अब आप गांवों की स्थिति के बारे में सोच सकते हैं कि गांवों की स्थिति क्या होगी।

आज कहीं भी हम क्षेत्र में दौरा करने जाते हैं, कोई भी मास्टर के लिए नहीं कहता, कोई अस्पताल के लिए नहीं कहता, सभी कहते हैं कि साहब, पीने का पाना दे दीजिए। मैं दो दिन से इस सदन में सूखे और अकाल पर चर्चा सुन रहा हूँ। कोई उसका उपाय नहीं बता रहा है। कोई कहता है कि यह पार्टी जिम्मेदार है, कोई कहता है वह जिम्मेदार है। यह राÂष्ट्रीय समस्या है, कोई पार्टियों की समस्या नहीं है। जो कोई भी जिम्मेदार हो, लेकिन भुगत हमारे देश की गरीब जनता रही है। कभी हमने पार्टियों से ऊपर उठ कर सोचा है कि देश की इस समस्या का निराकरण कैसे होगा?

सर, सन् 1982 में दिल्ली में एशियन गेम्स हुए थे। एशियन गेम्स में जो रोइंग का ईवेंट होता है, वह जयपुर में हुआ था। वह जिस बांध में हुआ था, वहां से पानी मेरे यहां पर आता था। अब पता नहीं वह पानी कहां चला गया है। हमारे यहां जल का अभाव नहीं है। जल वितरण नीति नहीं है। मैं रेगिस्थानी क्षेत्र का नहीं हूँ। मैं जैसलमेर या बाड़मेर से सांसद नहीं हूँ, मैं दौसा से हूँ और दौसा जयपुर से 45 किलोमीटर दूर है। वहां ओपन वैल्स थे, हमारे यहां ट्युबवेल्स भी नहीं थे, इतना पानी था, आज वह पानी कहां चला गया?

मेरा आपसे एक ही आग्रह है, कोई भी सरकार हो, केंद्र सरकार हो या राज्य सरकार हो, जल के लिए एक नीति होनी चाहिए, जितना जल है, उसका किस तरह से वितरण किया जाए। कितनी हमारी आवश्यकता है, कितनी उपलब्धता है। इसका हल हो सकता है। अभी मैंने इज़राइल का उदाहरण दिया था। इज़राइल एक रेगिस्थानी क्षेत्र था। उसने अपनी जनता को पीने का पानी और खेती का पानी उपलब्ध कराया। मेरा आग्रह सभी पार्टियों से है कि कृपया इसे राजनीति का विÂषय न बनाएं। अगर राजनीति करनी है तो विकास की राजनीति करें। गरीबी उन्मूलन की राजनीति करें, परंतु एक-दूसरे पर दोÂषारोपण करना कि यह जिम्मेदार है, वह जिम्मेदार है, इस राजनीति में हमारी जनता भुगत रही है।

मैं एक पिछड़े हुए क्षेत्र से आता हूँ और दौसा एक ऐसा क्षेत्र, जिसे लोगों ने जबरदस्ती पिछड़ा बना दिया है। वहां पिछले 25-30 साल से जो भी एम.पी. आया एम.एल.ए. आया सभी केंद्र या राज्य में मंत्री रहे हैं। वे खुद तरक्की करते चले गए, उनके परिवार आगे बढ़ते चले गए, लेकिन वह जनता वहीं की वहीं रह गई। मैं तो पहली बार आया हूँ। यहां सभी वरिÂष्ठ लोग बैठे हैं, मेरा सदन से यही निवेदन है कि समस्या का विचार-विमर्श करें और उसका निराकरण करें ताकि हमारे देश को उसका लाभ मिल सके।

माननीय सभापति : साध्वी सावित्री बाई फूले।

अभी समय का ध्यान रखिए, चार मिनट में आपको अपना समाप्त करना है।

साध्वी सावित्री बाई फूले (बहराइच) : सभापति महोदय, आपने बहुत महत्वपूर्ण विÂषय पर चर्चा करने का मौका दिया है। इसके लिए मैं आपका आभार व्यक्त करती हूँ। हमारा देश का अधिकतर भाग सूखे से जूझ रहा है। महोदय, हमारे देश के किसान, गरीब, मज़दूर, पानी के लिए ....(व्यवधान)

महोदय, हमारा बी.पी. लो हो गया है, मैं थोड़ी परेशान हूँ।

माननीय सभापति : आप बाद में कंटिन्यु करना। अभी आप आराम से बैठ जाइए।

***SHRI KARADI SANGANNA AMARAPPA (KOPPAL):** Drought is a very complex term and not so easy to define. Even the Indian Meteorological Department is scared of the word drought and is replacing it with the word "deficient" entirely. If there is a flood one can see when it starts and when it ends, and it is also practical to measure the losses and provide targeted relief. Whereas drought is a very different situation, where it starts slowly and unknowingly and by the time you realize it is already big.

I want to tell a very small experience of one of our citizens where you can only try to understand the plight of our people by the current drought situation. One Mr. Rahul Kulkarni, was traveling in a train and suddenly everyone in the train experienced a sudden jerk and there were a lot of screaming noises. Someone pulled the chain and the train slowed down and came to a halt. The passenger sees a small mob consisting of elderly people, women and children running towards the train with empty buckets and bottles. These women and children climb up the train and reach the train toilets to fill their empty buckets and bottles. By the time the TC and railway police come to chase, they have filled their containers, jump and runaway. This is how severe the situation is in some places and I urge the honourable Railway Minister to call every such train a water train and be more generous.

In India, the monsoon months of June to September provide three-quarters of total rainfall, average of 89 cm (35 inches). But in four out of ten years it proves erratic. Evidence from the past quarter-century suggests the Indian monsoon is growing less stable. Signs are tentative and predicting monsoon behaviour is difficult. A lack of devices for recording and sharing data has hampered scientists' work.

The Inter-governmental Panel on Climate Change (IPCC) in its latest report on the scientific consensus on the Indian monsoon, says "future increase in precipitation extremes related to the monsoon is very likely" and estimates for South Asia, "normal monsoon years are like to become less frequent in the future". It recalls "abrupt shifts" in the Indian monsoon in the past 1,000 years that gave rise to "prolonged and intense droughts".

Climate change should mean more rain for India. Over the past six decades its land mass has been warming. Orchards are being planted on higher slopes than before; Himalayan glaciers are retreating. In theory, more heat means more evaporated water in the air, drawn in from the seas, and thus wetter, longer monsoons. Scientists talk of a 10% increase in downpours good for recharging reservoirs, rivers and groundwater, though it won't necessarily arrive at the right time, place or intensity.

What if monsoons failed today? Indian farmers rarely have insurance and their savings are typically low. A single bad monsoon would be nasty, but two or three in a row could spread enormous disquiet and spur migration into cities. And if such upheaval were to happen in India, it would probably also affect Pakistan and Bangladesh (together with another 350 million people or so) that depend on the same monsoon. Potentially a fifth of the world's population would be directly affected.

Better technology, improved weather forecasting and more capacity for assessing climate data mean warnings of bad weather are improving. In the long run, farmers can adapt. India could invest more in reservoirs, small-scale water harvesting, drip irrigation and crops (including genetically modified ones) better able to withstand droughts or grow in brackish water. And India must one day get to grips with terrible air pollution. Reducing that could yet mean more rain in the monsoon.

The vast Indian hinterland has long faced water shortages, especially in the torrid months from April to June, before the annual monsoon rains bring some relief. The showers, which normally run from June to September, are crucial in a country where 60 percent of the 1.25 billion population works in agriculture and less than half the farmland is irrigated. But decades of groundwater abuse, flawed water policies and poor monsoons have turned large parts of central India into an arid dust bowl.

Hundreds of millions of people in at least 13 states are reeling from severe drought, a situation that is expected to worsen in the coming months. Last month, a power plant was shut down for 10 days in West Bengal after running out of water to cool the coal-fired plant's hating pipes. Sizzling temperatures touching nearly 43 degree Celsius (110 Fahrenheit) this week have led to more than 130 heat-related deaths in Orissa, Andhra Pradesh and Telangana states.

Maharashtra's water crisis had been exacerbated by a recent agricultural shift from growing crops of millet, sorghum and other cereals to growing water-guzzling sugarcane.

"It's time we took a longer view and stop the wastage of water with sugarcane," he said accusing big sugarcane interests and politicians of ignoring the region's naturally dry climate in pursuit of profits from the lucrative crop. Failed harvest force poor farmers to borrow money at high interest rates for buying seeds, fertilizers and even food for themselves and their cattle. They often mortgage their lands and as borrowings mount, many are driven to suicide.

Last year, 3,228 farmers in Maharashtra alone committed suicide, according to government data. In the first three months of this year, 273 farmers took their lives just in Marathwada, the state's worst-affected region. Scientists and activists have warned that relentless and unchecked groundwater extraction has led to a precipitous drop in water tables across India-the world's fastest rate of groundwater decline. Unless the country drastically curtails consumption and pollution, they warn, India will only have half the water it needs for residential use, industry and agriculture by 2030.

Drought is a many faceted natural disaster that leads to serious socio-economic impacts particularly affecting agricultural production and water supplies. There are two distinct phases in which the application of the knowledge of weather and climate can reduce the impact of drought on the communities. The first is the long term planning in which strategies can be devised, and precautions taken to reduce impact. The second phase is the action taken during the onset of the event to reduce adverse effect. Efforts were made to stabilize dryland agriculture by evolving contingent crop production strategies in rainfed areas of India. Drought management policies included agricultural planning and practices with consideration of overall water requirement within the individual agro-climatic zones.

The ill effects of drought, to a considerable extent, can be alleviated by adopting proper management strategies. These strategies may vary from moisture conservation to manipulation of plant population, and even mid-season corrections. Rainfall also can be harvested in either farm ponds or in village tanks and can be recycled. In case of drought mitigation, it was recommended that economies diversify to include agro-industry or various tertiary products, which could create new forms of income. The focus in mitigation should be on measures like improvement in agriculture, management of rangeland, development of water resources and animal husbandry. There is an urgent need to develop appropriate policy and strengthen institutional mechanisms for drought preparedness and mitigation accompanied by concrete programs.

Practice to alleviate drought impacts several of the Programmes of the GoI, help build resilience of communities against drought. Since 2005, there has been a paradigm shift from the erstwhile relief-centric response to a proactive prevention, mitigation and preparedness driven approach for conserving developmental gains and also to minimise loss of life, livelihood and property (GoI 2010). The National Mission for Green India, one of the eight missions under India's National Action Plan on Climate Change, aims at improving the quality of forest cover in 5 mha and creating new forest cover in another 5 mha over 10 year period with project cost of about US$ 8 Billion. Currently, there is an outlay of US$ 2.14 billion, for a period of 2012-17, to address 2.8 mha of predominantly degraded lands and help restore multiple ecosystem services as well as enhance livelihoods of the households dependent on these lands.

The Mahatma Gandhi National Rural Employment Guarantee Scheme (MGNEGS), a flagship employment guarantee program with an annual outlay of approximately US$ 8.23 billion has a strong focus on land, water and afforestation activities. Similarly, the Integrated Watershed Management Programme (IWMP) has targeted development of 75 million hectares of rain fed/degraded area in a phased manner during 2007-2027. For 2013-14, IWMP has an outlay of US$ 0.88 billion. India's draft National Water Policy (MoWR 2012) seeks to address issues such as the scarcity of water, inequities in its distribution and the lack of a unified perspective in planning, management and use of water resources. Other key programmes of the GOI that help build resilience of drought affected people include the National Watershed Development Project for Rainfed Areas, National Food Security Mission, National Horticulture Mission and Rashtriya Krishi Vikas Yojana, National Mission on Micro Irrigation. The possibility of reorienting regular development programmes of the Central and State governments is also being explored.

There is tremendous potential for harnessing the Indigenous Technical Knowledge (ITK) for alleviating drought impacts. India is endowed with a rich repository of knowledge related to cloud formation, lightning, wind direction, rains and drought which has evolved over centuries to perceive and manage natural disasters and extreme weather events by disaster prediction, response, mitigation, and effects of weather on crops (Gupta & Singh and Pareek & Trivedi 2011). This vast and time-tested ITK on natural resource management be extrapolated to understand the modern concepts of disaster risk management in terms of early warning, preparedness, mitigation, response and relief (Gupta & Singh 2011). There is need for knowledge and skills on drought management. While India has strong drought assessment capabilities, there is need to enhance capacity for early warning and impact monitoring particularly in the light of climate change impacts, which can further compound the challenge of drought monitoring for early warnings because of wide variability in rainfall pattern at local levels,. lack of adequate drought monitoring systems and the capacity to respond at appropriate political, institutional, and technological frameworks, inhibit the development of integrated drought management plans or early warning systems.

There is need of top-down approach to provide national real-time drought monitoring and seasonal forecasting bottom-up approach that builds upon existing regional and local systems to provide national coverage. Drought management capabilities can also be further strengthened and several studies suggest measures for this purpose. For example Prabhakar et al. (2007) highlighted although agromet advisories to help farmers adopt appropriate agricultural practices, issued on a weekly and bi-weekly by the local governments, there is a need to enhance medium and long range forecast capabilities. Effective and timely coordination between various Ministries/Departments/Organisations can enhance the drought management result (GoI 2010).

The measures that can be undertaken at the national and regional level are as follows:

National Level

1. Further strengthening of the observational network for drought monitoring to bridge the gap between the existing and desired meteorological and hydrological monitoring networks;

2. Improvement in information and communication technologies in an integrated manner for tackling the multifaceted challenge of drought at various spatial scales;

3. Capacity enhancement for medium and long range drought forecasting;

4. Better coordination among ministries and departments;

5. Developing mechanism for context specific and need based forecasting including the language for better understanding.

Regional Level

6. Enhancement of real time monitoring capabilities at a regional level through training and joint monitoring programmes;

7. Improvement in methodologies and analytical tools for drought analysis and vulnerability assessment at local and regional level;

8. Organization of joint training programmes to build human capacity in improved steps towards drought.

9. Effective and collaborative implementation of drought relief programmes;

10. Strengthening effective water and commodities supply system.

Lastly, the rich retreat under air-conditioners or inside cooled cars. Middle classes can at least afford fans. it is those who labour in temperatures well above 40˚C who most risk heart and heat-stroke. Who will look after them?

*__श्री पी.पी. चौधरी (पाली)__ः आज़ादी को 67 वर्ष पूरे होने वाले हैं और आज तक हर बार लोकसभा में सूखे और बाढ़ पर चर्चा होती आई है। बाढ़ व सूखाग्रस्त क्षेत्रों में प्रतिवर्ष राहत हेतु लगभग 1 लाख करोड़ रूपये की धनराशि खर्च की जाती है। देश के आधे राज्य सूखे तथा आधे राज्य बाढ़ से पीड़ित रहते हैं। इन दोनों समस्याओं से सफरिंग बहुत होती है, जिसकी गणना करना संभव नहीं

होता। इस समस्या का स्थाई समाधान करने के लिए विस्तृत चर्चा का समय आ गया है। श्री अटल बिहारी वाजपेयी, तत्कालीन प्रधानमंत्री जी ने अपने कार्यकाल के समय सड़कों और नदियों को जोड़ने का सपना देखा था, सड़कें तो जुड़ गई अब समय है कि नदियों को जोड़ने की योजना बनाने का। इस योजना में मोटे रूप से लगभग 5 लाख 60 हज़ार करोड़ की धनराशि खर्च होनी है, जिसके लिए 10 वर्ष की योजना बनाना भारत जैसे देश के लिए कोई बड़ी बात नहीं है। धन जुटाने के लिए विदेशी सहायता ली जा सकती है, जिसे किश्तों के माध्यम से चुकाया जा सकता है।

नदियों को जोड़ना सूखा व बाढ़ की समस्या का ही हल नहीं बल्कि इसके माध्यम से आर्थिक स्थिति में सुधार होने के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में रोज़गार उपलब्ध करवाने के साधन भी उपलब्ध होंगे, कृषि हेतु सिंचाई के लिए उपयुक्त मात्रा में जल उपलब्ध करवाकर कृषि क्षेत्र का विकास किया जा सकेगा। कृषि में विकास होने पर जी.डी.पी. में कृषि का योगदान बढ़ेगा और देश तेजी से विकास के मार्ग की ओर बढ़ेगा।

हमारे देश में 60 प्रतिशत से ज्यादा खेती मानसून पर निर्भर रहती है। यह सर्वविदित है कि मानसून 5 वर्षों में लगभग 2 बार ही ठीक रहता है, जिसका किसान पूरा-पूरा लाभ ले पाता है। वर्षा का जल संचय करने में भी हमारा देश काफी पीछे है, हमारे देश में वर्षा के जल का 6 प्रतिशत हिस्सा ही काम में लिया जाता है बाकी 94 प्रतिशत पानी बहकर समुद्र में मिल जाता है। यदि इस 94 प्रतिशत पानी का बांधों के माध्यम से संचय किया जाता है तो इसके माध्यम से 25 मिलियन हैक्टेयर पर सिंचाई की जा सकेगी, 24000 मेगावाट विद्युत उत्पादन किया जा सकेगा तथा 10 मि.ली. हैक्टयर क्षेत्र के ग्राउण्ड वाटर में बढ़ोत्तरी की जा सकेगी। इसके साथ-साथ देश खाद्यान्न, फल, सब्जी के क्षेत्र में आत्मनिर्भर ही नहीं बल्कि बड़ा निर्यातक देश भी हो सकता है और हम बड़ी मात्रा में विदेशी मुद्रा भी अर्जित कर सकते हैं। देश के किसान को खेती व युवाओं को बेहतर रोज़गार के अवसर उपलब्ध होने लगेंगे तो देश को फूड सिक्योरिटी व मनरेगा जैसी योजनाएं चलाने की आवश्यकता नहीं रहेगी, जिसके माध्यम से लाखों करोड़ों रूपये बचाकर इंफ्रास्ट्रक्चर पर खर्च किया जा सकता है, ताकि देश में शिक्षा, चिकित्सा, सड़क आदि के क्षेत्र में भरपूर विकास किया जा सकेगा।

अतः आपसे अनुरोध है कि नदियों को जोड़कर सूखे व बाढ़ की स्थिति से जूझ रहे राज्यों को राहत देने की योजना तैयार करने की कृपा करें।

भारत देश कृषि प्रधान देश है, हमारे देश में 60 प्रतिशत से ज्यादा खेती मानसून पर निर्भर रहती है। यह सर्वविदित है कि मानसून 5 वर्षों में लगभग 2 बार ही ठीक रहता है, जिसका किसान पूरा-पूरा लाभ ले पाता है। किसानों को खेतों में अत्याधिक उर्वरक प्रयोग पर रोक लगाना चाहिए एवं जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए किसानों को प्रोत्साहित करके जलवायु में सुधार किया जा सकता है।

दुग्ध उत्पादक संघ के विशेषज्ञ उत्तरी-पश्चिमी राजस्थान का पूरा सर्वेक्षण करके इस नतीजे पर पहुंचे हैं कि प्राकृतिक वनस्पति जिसमें घास एवं पारंपरिक खेती के साथ पशुपालक कृषकों का उत्थान होगा और इससे रोज़गार के नये स्रोत खुलेंगे, जिससे आम नागरिक को फायदा होगा। उत्तरी-पश्चिमी राजस्थान का जीवन-आधार पशुपालन एवं पारंपरिक खेती के साथ घास उत्पादन किया जाना था। स्वतंत्रता के पश्चात् नई तकनीकी अपना कर सेवण घस, भूरट, डाभ, गडिया, पाला इत्यादि को पूर्णतया नष्ट कर दिया गया है और पारंपरिक खेती नाममात्र की रह गई है, जो बरानी बरसात होने पर की जाती है। इस क्षेत्र के किसानों का पशुओं के लिए उत्तम घास सेवण, भूरट, पाला, डाभ इत्यादि उगाकर पशुपालन करने से किसानों को अधिक लाभ होगा, इसके साथ पारंपरिक खेती करने से अच्छी गुणवत्ता वाला अनाज पैदा होगा।

इंदिरा गांधी नहर परियोजना व अन्य नहर परियोजनाओं से राजस्थान के पश्चिमी क्षेत्र में सेवण घास उगाकर पशुपालन किये जाने पर प्रति मुरबे की आय में 10 गुणा तक बढ़ोत्तरी होना निश्चित है। मूंगफली, गेहूं, नरमा उगाने के अनुपात में सेवण घास उगाने पर खर्चा आधे से भी कम होगा एवं पच्चीस बीघे में तीस गाय एवं 100 भेड़, बकरियों का चारा उत्पादित होगा। इसके साथ ही, पारंपरिक खेती का लाभ भी वर्तमान खेती से कम नहीं होगा और तीस गायों का दुग्ध रोज 300 ली. उत्पादित होगा जिसका मूल्य 4500 रू. प्रतिदिन होगा। साथ ही, 450 किलो गोबर प्रतिदिन प्राप्त होगा, जिसकी 2250 रू. प्रतिदिन आय है। इसके अतिरिक्त, भेड़, बकरियों से आय 100 रू. प्रतिदिन होगी। इन पशुओं के लिए चारा खेत से ही उगाकर दिया जायेगा एवं पानी की व्यवस्था सिंचित क्षेत्र में उपलब्ध है। मात्र चारा एवं रख-रखाव का पैसा ही व्यय होगा। पारंपरिक खेती की आय खरीफ व रबी दोनों फसलों को मिलाकर 10,000 रू . प्रति बीघा निश्चित है। सेवण घास एवं पारंपरिक खेती के लिए सिंचाई का पानी मात्र 2 क्यूसिक प्रति हैक्टेयर लगाकर उत्तम खेती प्राप्त की जा सकती है।

उत्तरी-पश्चिमी राजस्थान में लाखों हैक्टेयर भूमि को नकारा करार देकर छोड़ रखा है, जो थोड़े से ही सोना उगलेगी और लगभग 2 करोड़ गायें एवं 20 करोड़ भेड़-बकरियों को आसानी से चारा उपलब्ध करवाया जा सकता है। 2 करोड़ गायों का दुग्ध 20 करोड़ लीटर प्रतिदिन होना निश्चित है, जिसकी आय 300 करोड़ प्रतिदिन होगी। साथ ही, 3 लाख टन गोबर प्रतिदिन मिलेगा जिसकी आय 150 करोड़ प्रतिदिन होगी। जिसमें बकरियों का दुग्ध, भेड़ों की ऊन व खाद के रूप में मिगणियों को मिलाकर अनुपात निकाला गया है। इसके अतिरिक्त, इनकी बढ़ोत्तरी भी प्रतिवर्ष तीन गुणा होती है क्योंकि भेड़, बकरी साल में दो बार ब्याहती हैं और इन पर खर्चा मात्र देख-रेख एवं रखवाली का ही होता है।

इस क्षेत्र में बरसाती पानी को एकत्रित करने का पिछले साठ वर्षों से कोई प्रयास नहीं किया गया है, जिसके फलस्वरूप इंदिरा गांधी नहर एवं कुओं के पानी पर ही निर्भर रहना महंगा साबित हो रहा है। मेरा इस संबंध में सुझाव है कि राजस्थान राज्य की विशेष परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक किसान के लिए एक लाख लीटर क्षमता वाला वाटर टैंक बनाने की अनुमति किसान के स्वयं के खेत में दी जाये, जिससे ग्रामीण क्षेत्र मे पानी की उपलब्धता के लिए बेहतर आधारभूत ढाँचा विकसित हो सके एवं किसान अपने स्वयं के खेत में खेती के साथ-साथ बागवानी के लिए भी अग्रसर हो सके एवं आय के अतिरिक्त स्रोत भी विकसित हो सकें। प्रथमतः राजस्थान के सभ मरूस्थली जिलों में सभी 5 लाख लघु एवं सीमांत कृषकों को इस कार्यक्रम में सम्मिलित किया जाये। इसके लिए तकनीकी दृष्टि से 15 फुट व्यास एवं 20 फुट गहरा टांका बनाना आवश्यक है, जिसके चारों और प्रत्येक जिले की औसत वर्षा के आधार पर कम से कम 60 से 80 फुट व्यास का जलग्रहण क्षेत्र (आगौर) बनाया जाए। इस योजना के क्रियान्वयन में हमारा यह भी सुझाव है कि जलग्रहण क्षेत्र स्थानीय मुरड़ या अन्य सामग्री से कुटाई कर पक्का बनाया जाए जिससे एक ही अच्छी वर्षा से टांका पूरा भर जाए। इस माप के टांके एवं आगौर के निर्माण पर तकनीकी आंकलन के आधार पर लगभग 80,000/- रूपए का खर्चा आएगा। जिसमें लगभग 50 प्रतिशत श्रम पेटे एवं 50 प्रतिशत राशि सामग्री पेटे आवश्यक होगी। टांकों का निर्माण सभी की सहभागिता से कृषकों द्वारा स्वयं ही अपने-अपने खेत में किया जाएगा। जिससे उसके परिवार के सदस्य एवं गांव में उपलब्ध भूमिहीन श्रमिक एवं अन्य बेरोज़गार श्रमिकों को भारी संख्या में श्रम रोज़गार भी उपलब्ध हो सकेगा।

पूरे पश्चिमी राजस्थान के क्षेत्र में पशुपालन को बढ़ावा देकर प्रत्येक किसान को किसान की रूचि के अनुसार कम से कम पांच पशु उपलब्ध करवाकर किसानों के बीच ए.पी.एल./बी.पी.एल. का भेद मिटाकर प्रत्येक किसान के खेत में 1 लाख लीटर क्षमता का कुण्ड बनाकर खेती के साथ-साथ पशुपालन, दुग्ध व्यवसाय, मेडिसनल प्लांट, होर्टीकल्चर आदि को बढ़ावा देकर कृषि का समग्र विकास किया जा सकता है एवं किसानों की माली हालत का सुधार किया जा सकता है।

मैं सरकार का ध्यान किसानों को दिए जाने वाले केमिकल फर्टीलाईजर अर्थात् यूरिया और पेस्टीसाईड्स एण्ड कैमिकल पर सब्सिडी हेतु पिछले 3 वर्षों में कुल यूरिया पर 168788.04 करोड़ रूपए की सब्सिडी उर्वरक कम्पनियों को जारी की गई है, जिसमें 66270.27 आयातित कंपनी तथा 102517.77 करोड़ रूपए स्वदेशी यूरिया की कंपनियों को दिए गए हैं। इसी प्रकार आयातित पेस्टीसाईड्स एण्ड कैमिकल 52780.87 विदेशी तथा 63355.65 करोड़ रूपए स्वदेशी पेस्टीसाईड्स एण्ड कैमिकल की कंपनियों को सब्सिडी के रूप में जारी किये गये हैं।

मैं सरकार को यह भी बताना चाहूंगा कि कैमिकल फर्टीलाईजर के रूप में तो सब्सिडी जारी की जाती है, लेकिन प्राकृतिक उर्वरक (नेचुरल फर्टीलाईजर) पर किसी प्रकार की कोई सब्सिडी जारी नहीं की जाती है, जिसके चलते किसान जैविक खेती की ओर आकर्षित नहीं होते।

रासायनिक खाद का प्रयोग पारंपरिक प्राकृतिक खाद के तरीके को जड़ से खत्म करता जा रहा है। रसायनों के प्रभाव से जमीन भी धीरे-धीरे बंजर होने लगती है और कीड़ों के अधिक पनपने की संभावना बनी रहती है, जिससे बचने के लिए किसान अत्याधिक मात्रा में कीटनाशकों का प्रयोग करने लगते हैं। कुछ कीटनाशक तो सिस्टमेटिक होते हैं, जो पानी या खाद के साथ घोलकर प्रयोग में लिए जाते हैं, जिसका असर प्लांट के अंदर और उपज के अंदर तक हो जाता है, ये कीटनाशक ऊपर से प्रे किए जाने वाले कीटनाशकों से कहीं अधिक हानिकारक होते हैं। ऐसे कीटनाशक मानव शरीर के लिए अत्यंत हानिकारक होते हैं। हमारे माननीय प्रधानमंत्री जी ने इस समस्या से किसान को निज़ात दिलाने के लिए हाल ही में राजस्थान से भूमि स्वास्थ्य कार्ड स्कीम जारी की है, जोकि अपने आप में पहला निर्णय है, जिससे किसानों को अपनी जमीन में रासायनिक खाद के प्रयोग की जानकारी मिल सकेगी और किसान कम लागत में अधिक उत्पादन कर सकेगा। इसके साथ-साथ आमजन को सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध करवाई जा सकेगी। किसान चाहते हुए भी जैविक खाद और प्रे का प्रयोग नहीं कर पा रहा क्योंकि ये कैमिकल खाद व प्रे से अधिक महंगे हैं। जैविक खाद पर सब्सिडी नहीं दी गई तो हम चाहते हुए भी जैविक खेती को प्रोत्साहन नहीं दे पाएंगे।

मानसून की अनिश्चितता एवं सूखे के कारण महंगाई और बढ़ने की संभावना है। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के वैज्ञानिकों को निर्देशित करें की सूखे एवं मानसून की अनिश्चितता से बचने के

लिए वैकल्पिक व्यवस्था के बारे में सुझाव दें। इनमें ऐसे कुछ सुझाव हो सकते हैं, जैसे जैविक खाद का ज्यादा प्रयोग, ड्रिप एवं माइक्रो इरिगेशन का ज्यादा प्रयोग, ऑर्गेनिक फार्मिंग को बढ़ावा, चारा उत्पादन के क्षेत्र में नवीन तकनीक का प्रयोग करके हरा चारा अधिक से अधिक उगाने का प्रयास किया जाना चाहिए, जिससे पशुधन को भी बचाया जा सके एवं वैकल्पिक व्यवस्था के जरिये अनाज का भी उत्पादन संभव हो सके।

कृषि क्षेत्र को सिंचाई हेतु जल उपलब्धता के अलावा कृषि को संरक्षण की भी आवश्कता है। सरकार द्वारा औद्योगिक घरानों को पिछले तीन सालों में 2.5 लाख करोड़ की प्रोत्साहन राशि तथा 2.5 लाख करोड़ की विभिन्न छूटें प्रदान की गई हैं। कृषि क्षेत्र को भी इसी तर्ज पर प्रोत्साहन राशि व छूट देने की आवश्यकता है।

जिस देश की 70 प्रतिशत जनसंख्या कृषि और उसके संलग्न कार्यों में लगी हो और देश की जी.डी.पी. का केवल 15 प्रतिशत हिस्सा देते हो इसी आंकड़ें से कृषि की माली हालत को समझा जा सकता है। कृषि क्षेत्र का विकास पिछले कई पंचवर्षीय योजनाओं में लगातार गिरता जा रहा है, जहां 8वीं पंचवर्षीय योजना में कृषि विकास दर 4.8 थी, वहीं 12वीं पंचवर्षीय योजना में 3.5 ही रह गई और इन दिनों 2.2 ही है। जहां एक और किसान खेती छोड़ शहरों की ओर पलायन कर रहे हैं और दूसरी ओर जो किसान खेती में लगे हुए भी है, उनकी आत्महत्याओं की खबरें समाचार-पत्रों में प्रकाशित हो रही है।

इस स्थिति के कारणों पर गंभीरता से विचार किया जाना चाहिए। अधिकतर किसानों को कृषि संबंधी सूचनाओं, लाभदायक फसलों, वैज्ञानिक तरीके से कृषि और अपनी जमीन के उपजाऊपन के बारे में जानकारी नहीं होती, जिसकी वजह से वह पुरानी तकनीक के आधार पर कृषि करते रहते हैं, जिससे उन्हें हानि ही होती है। विकसित देशों में खेती में, जिन अत्याधुनिक तकनीकों का प्रयोग किया जाता है, वे अभी भारतीय किसानों की पहुंच से मीलों दूर है। देश के किसान अभी भी उच्च उत्पादक बीजों, विशेष प्रकार के उर्वरकों के बारे में अनभिज्ञ हैं। प्रतिवर्ष बारिश की कमी, सूखा और बाढ़ से हमारे देश का अधिकांश भाग प्रभावित होता रहता है, जिससे प्रभावित किसानों की कमर ही टूट जाती है।

भारत सरकार द्वारा कृषि संबंधी योजनाओं में समय-समय पर काफी सुधार किया गया है पर फिर भी बैंक से लोन हो या वैज्ञानिक तरीके से कृषि करना हो, अभी भी इनसे संबंधित योजनाओं में काफी कुछ किया जाना बाकी है। किसान और सरकार के बीच में बैठे बिचौलिये किसानों का शोषण करते आए हैं और आज भी कर रहे हैं। किसान को मिलने वाला सारा लाभ लूट रहे हैं।

मेरा सुझाव है कि किसानों को छोटी और महत्वपूर्ण राहत देने के लिए देश के प्रत्येक किसान को सोलर कृषि पम्प दिया जाए, ताकि वह आसानी से कृषि की लागत कम करते हुए खेती कर सके। मैं सरकार से अनुरोध करता हूँ कि देश के छोटे किसानों के बच्चों को उच्च माध्यमिक स्तर की शिक्षा नःशुल्क दी जाए, ताकि किसान का बेटा-बेटी आत्मनिर्भर बन सके। मेरा यह भी सुझाव है कि एन.डी.आर.एफ. की उच्च स्तरीय समिति में राजस्थान को प्रतिनिधित्व दिया जाये।

*SHRI GOPAL SHETTY (MUMBAI NORTH): I would like to put on record my statement regarding drought situation in various States across the country.

It is most necessary to inter-link rivers across the States on a war footing basis. As we all know the then Prime Minister Shri Atal Bihari Vajpayee took keen interest in the subject matter when he was in power. But it is sad to say that UPA one and UPA two Government did nothing in last the 10 years. It is surprising that the world has taken a global shape. Most of the countries have signed WTO agreement to increase trade facilities and our great country has also signed WTO agreement but we have failed to take into consideration our own people belonging to various States.

Under the leadership of our great Prime Minister Shri Narendraji who is working hard for "Sabka Saath Sabka Vikas", it is the right time to inter-link the rivers so we can fight the drought situation.

As far as Maharashtra is concerned, Chief Minister Shri Devendraji is making his best efforts by implementing Jai Shivar Yojna since last one and half years. Through public participantion he has got dugged water ponds in maximum places spending more than 400 crores contributed from public and through Government revenue also huge. The people of Maharasthra will witness the results very shortly.

I would like to speak something about Mumbai city where 1.25 crore people are enjoying water facility by Municipal Corporation of Mumbai City, where water is supplied through pipelines. I was a three time Municipal Councillor of the great Mumbai city and also enjoyed the chair as a Deputy Mayor. For the last 15-20 years elected people from different parties are demanding that the sea water to be taken into use by making usable. But all the time bureaucrats ignored the same by saying that the cost to make sea water will not be affordable to the people in large. I, too agree, but at the same time considering the drought situation today or tomorrow, we will have to go for the other options and the option is only the sea water. In all city area, people use Bislery distilled water by paying 10 to 15 rupees per litre. The 3 star, 5 star, 7 star hotels are charging above 100 rupees per litre. Industries and other commercial users are paying more charges to the corporation. Under the circumstances why can we not ask such users to go for sea distilled water by paying more? This will give a big relief to our existing water distribution system.

*SHRIMATI PRATIMA MONDAL (JAYANAGAR): Drought is a grave natural calamity that affects Indian life, its agriculture, industry and economy. Wells, tanks and canals get dried and even the cattle die without water. Farmers and daily wage-earners leave their homes and migrate into other parts of the country in search of employment.

Famine breaks out people face untold miseries and hardships. The cruelty of angry rain god as most of the people in rural areas are prone to believe makes them suffer from disease and starvation. Poverty and squalor become their inseparable companions. Sometimes their tales of sadness and sorrow grow beyond proportion when they find the sowing of seeds for growing Rabi crops become impossible due to drought condition.

Industry suffers a setback due to the scarcity of raw material produced by agriculture. Already there is a substantial shortfall in industrial production. This combined with the demand of increased wages by the workers, puts the industrialists on the horns of a dilemma. Some industries face closure.

The impact of drought is there even in the social field. Faced by hunger and frustrated by uncertain future, many of our people indulge illegal practices creating law and order problem for the Government.

It is high time that the Government mobilized all its resources to provide succor to the people in this hour and fight the monster of drought with determination. It has not yet devised ways and means to face and fight natural calamities.

*SHRI MD. BADARUDDOZA KHAN (MURSHIDABAD): This year in our country, we are very much suffering with drought. Almost one fourth of total population and more than 300 districts are badly affected by drought. India is a country blessed with monsoon every year. But every year in some parts of our country we are facing shortage of rainfall during monsoon. As a result we are facing drought in some parts of our country. So, it is a regular phenomenon in our country. So we should think over the permanent solution of this problem otherwise we will fail to provide drinking water and food for all. Very soon the country will face hunger, suicide, human trafficking and so on. Just now in India one person is committing suicide in every 32 minutes. Girl and child trafficking is also a serious problem in our country now. To combat this situation, Government must take some short term as well as long term projects. There is no proper planning of water harvesting during rainy season in our country. Sometimes Flood is also big problem to us. So, we have some excess water in rainy season which we can use properly through inter-linking of rivers to fight against drought. But it should be done after taking careful consideration of expert committee. There should be planning and system of rain water harvesting in every new house and housing estates also. If we store water in our small rivers and canals by constructing bridges with sluice gates, it will help us in communication, irrigation, fishery and drinking water also. Desilting of dams, canals and reserves is also necessary now.

Due to uplifting of more and more ground water now, we are facing Arsenic and Fluoride contamination in many areas of our country. Such type of ground water lifting should be controlled strictly by the Government. Government should also arrange some awareness programme among the common people of our country about these problems.

We need proper action, not discussion only. With this, I conclude.

***श्री बोध सिंह भगत (बालाघाट)**: देश इस समय अभूतपूर्व सूखे के संकट का सामना कर रहा है। इस वर्ष देश में 10 राज्यों के 256 जिले सूखे की चपेट में हैं। करीब 33 करोड़ लोग सूखे से प्रभावित हैं, जिसके कारण पेयजल की कमी हो गई है, फसलें नष्ट हो गई हैं, चारे की कमी हो गयी है और पारिवारिक आय, स्वास्थ्य तथा जीवन स्तर पर प्रतिकूल सामाजिक आर्थिक प्रभाव पड़ा है। सूखे की स्थिति से निपटने हेतु केंद्र और राज्य सरकारों की ओर से तत्काल कार्यवाही किए जाने की जरूरत है। मध्य प्रदेश मे सूखे के कारण 45 जिलों मे खरीफ की फसल, सोयाबीन, धान, उड़द, मूंग इत्यादि व्यापक रूप से प्रभावित हुई है। इसके अतिरिक्त, कीट, इल्ली, पीला मौजेक रोग एवं सूखा से भी प्रभावित हुई है। यह स्थिति तब है जब प्रदेश में पिछले 3 वर्षों से अतिवृष्टि, ओला, पाला, बाढ़ आदि से प्रभावित रहा है। निश्चित ही इस वर्ष के सूखे ने किसानों की कमर तोड़ कर रख दी है। मध्य प्रदेश में सूखे से प्रभावित कृषकों की संख्या 59.22 लाख है जिसका प्रभावित रकबा 56.68 लाख हैक्टेयर है। राहत राशि की मांग भारत सरकार से 5114.53 करोड़ रूपय की गई थी। भारत सरकार द्वारा 2032.68 करोड़ राशि दी गई जो कि पिछली सरकारों द्वारा दी गई राशि से सर्वाधिक है। फिर भी मेरा सुझाव है कि सूखे की स्थिति का देखते हुए मांग के अनुरूप राशि देना उचित होगा। वर्तमान में आर.बी.सी. 6-4 में राहत राशि वितरण का प्रावधान है। वह 25 से 33 प्रतिशत नुकसान होने पर 4500 रूपये प्रति हैक्टेयर तथा 33 प्रतिशत से अधिक क्षति होने पर 6800/-प्रति हैक्टेयर देने का प्रावधान है जोकि पर्याप्त नहीं है, जिसे बढ़ाने की आवश्यकता है। मेरे संसदीय क्षेत्र सिवनी बालाघाट के अंतर्गत सिवनी जिले की 8 तहसीलें तथा बालाघाट जिले की 1 तहसील सूखाग्रस्त है किंतु पटवारी, तहसीलदार द्वारा ठीक ढंग से फसल के नुकसान का सर्वे नहीं कर पाने के कारण कई कृषक मुआवजा पाने से वंचित हो गये हैं। कई कृषकों के प्रभावितों की सूची में नाम प्रकाशित होने के बावजूद भी आज तक सहायता राशि पाने से वंचित रह गये हैं, उन्हें राहत राशि प्रदान की जाये। वर्तमान सूखे की स्थिति से निपटने हेतु जल के दुरूपयोग को रोके जाने की आवश्यकता है जैसे शहरों में पानी का स्रोत नहीं है, शहरीकरण का विस्तार हो रहा है, बाहर के नदी नालों का पानी लोकर शहरों को पानी उपलब्ध कराया जा रहा है। शहरों की आधुनिक जीवन शैली में पानी की खपत बहुत है। शौच जाने पर ही फ्लश का बटन दबाते ही 20 लीटर पानी बला जाता है, पढ़ा-लिखा तबका बागवानी का शौकीन होता है। घर में ही जंगल उगाना चाहता है। इसमें पानी की खपत ज्यादा होती है। दूसरी तरफ, शहर का गरीब तबका पानी के लिए लड़ते-झगड़ते दिखाई देता है। अब तो मारपीट, हत्याएं होने लगी हैं। आखिर पानी गया कहां? धरती पी गयी या आसमान निगल गया, न हीं लगातार जंगल कट रहे हैं। ये जंगल पानी को स्पंज की तरह सोखकर रखते थे, वे नहीं रहे तो पानी कम हो गया। परंपरागत जल स्रोतों के खात्मे से यह समस्या खड़ी हुई है। विशेषज्ञों का कहना है कि सागर और बूंद अलग हो जाए तो न सागर बचा रहेगा न ही बूंद बचेगी और देश में सूखे की यह बड़ी वजह है। हमारे देश में लाखों की तादाद में तालाब थे, कुंए थे लेकिन हमें उन्हें रहने नहीं दिया, इसका परिणाम हमारे सामने हैं। जल संभरण संवनाओं के निर्माण जैसे अग्रिम निदान की दिशा में पहल की जाये। एक कहावत है, आग लगने के बाद कुंआ खोदने से क्या लाभ। इस संकट की घड़ी में सूखे से प्रभावित कृषकों को बीज, खाद, चारा तथा कृषि मज़दूरों के लिए सूखा राहत कार्य खोला जाये ताकि उन्हें उन्हें काम मिल सके।

*DR. RATNA DE (NAG) (HOOGHLY): Drought is a complex, slow-onset phenomenon that affects people more than any other natural hazards by causing serious economic, social and environmental losses in the country. According to the Government statement placed before the Supreme Court 678 districts in the country are under the spell of drought. The worst hit State is U.P. where 9.88 crore people are affected due to rain deficient in 50 districts. And also the worst hit States are Madhya Pradesh, Maharashtra, Jharkhand, Karnataka and parts of West Bengal, Rajasthan.

Drought is affecting the people at large especially the rural and weaker sections. Our agriculture is highly dependent on monsoon. Consecutive drought of 2 years, three crop failures and a severe scarcity of water have made life miserable in major parts of the country particularly in rural areas. Due to deficient rainfall, there were significant shortfall in agricultural production in the country. It has caused agricultural distress, farmer suicides, speculation and hoarding thereby affecting the rural poor the most.

According to the National Drought Crisis Management Plan 2015 brought out by Drought Management Division of the Ministry of Agriculture, a total of 68 per cent of country's sown area is subject to drought in varying degrees and 16 per cent of country's total area is drought prone. Drought has a direct impact on agriculture, thought it affects all aspects of society. Now India is one of the fastest growing economies in the world, we still bank on monsoon for agriculture. Drought decreases agricultural production increases prices of agricultural commodities and affects their demand. During drought benefits of higher prices are not passed on to the majority of farmers, especially small and marginal farmers but are seized by the middle men and traders. A UN study finds that the suicide rate among farmers throughout the world is higher than that among the non-farming population. The National Crime Record Bureau highlights that while

bankruptcy or indebtedness and family problems are major causes of suicide, failure of crop is the third prominent cause of farmer's suicide in India.

We have in place Integrated Watershed Management Programme. The National Water Policy, National Horticulrue Mission, Rashtriya Krishi Vikas Yojana recently launched Pradhan Mantri Krishi Sinchayee Yojana. But there is a need to enhance capacity for early working and impact monitoring about severe drought like situation in many parts of the country. Drought mitigation requires careful attention at policy level and effective action on ground. There should be better monsoon forecast, promotion of drought proofing mechanisms- saving on seeds and grains and easy loans to farmers

to tide over the problems of drought.

India has 17% of population of the world but only 4% of water resources and 2.3% of geographical area of the world. The country is dependent on rainfall and 56% of precipitation falls in just 15 days. We have limited storage capacity. The wastage and inefficient water supply systems spoils nearly 50% of usable water. At present per capita water availability is expected to decrease. The ground water table is depleting in many parts of the country. Water quality issues are also serious. There is a need to recharge ground water through rainwater harvesting.

In most countries now all relevant information hydrological performance, planning is available publicly on the web. But India has been slow in adopting to this changed information environment.

There is a need to conserve water through rain water harvesting. In our State West Bengal, the Chief Minister has made it by making 1 lac30 thousands water reservoirs by the method of rain water harvesting.

Adequate flood cushion should be provided in reservoirs while undertaking construction of dams. To promote river basin organization, there is a need to release adequate funds to States under Rural Employment Scheme (MGNREGA). If there is no fund, no one will like to work. West Bengal under the financial burden can not pay any one for MGNREGA.

Water management will be crucial in determining whether the country achieves the sustainable development Goal and aspiration for reducing poverty. Smart Water Policy is fundamental.

The National Water Development Authority after a thorough study indicated that Himalayan rivers, especially Brahmputra and Ganga have exceedingly surplus quantum and hence, proposed transfer of water from these surplus basin to deficit basins in peninsular region.

The linking of rivers is more problematic for socio-economic cultural relations to the society. The river changes its course and direction? It may change the density in Bay of Bengal which impact on cyclonic rains. Would The floods have occurred in Uttarakhant if inter-linking of rivers was done earlier? Will not it affect the eco system of individual rivers? Is it possible to maintain reasonable supply of water to vast area for drinking and irrigation after inter-linking of rivers. Would the interlinking of rivers solve the issues of flooding and scarcity?

What are the financial viability of the project. There is a need to have a mechanism, a permanent one to ensure that drought is tackled effectively and efficiently every year and farmers and people are not put to any hardship. There is a need to set up Farmer's Fund so that those farmers who are affected due to severe drought are taken care of. The fund should also help poor farmers who have no means to pay back their loans due to drought or crop failure and also help those families whose head of family, a farmer committed suicide.

I would request the Central Government to act swiftly on the above lines and be generous in extending financial assistance to States to tide over severe drought situation.

***श्री दहन मिश्रा (श्रावस्ती)**ः सुजलां सुफलां मलयज शीतलां शस्य श्यामलां मांतरम्...। ये पंक्ति एक ऐसे राष्ट्र की गौरव गाथा बयान करती है, जो लहलहाते खेतों, हरी-भरी वादियों, जलाशयों, झीलों और नदियों से भरा है। हालांकि वर्तमान समय में इसी देश की तस्वीर इस वाक्य से बिल्कुल उलट हो चुकी है। देश में भारी सूखे की स्थिति पैदा हो गई, जिससे 11 राज्य प्रभावित हैं। सबसे ज्यादा प्रभाव महाराष्ट्र के विदर्भ और मराठवाड़ा, बुंदेलखण्ड, तेलंगाना और मध्यप्रदेश जैसे राज्यों में दिखने को मिल रहा है। सूखे की भयावहता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इन इलाकों में रहने वाले लोगों को पीने का पानी भी नसीब नहीं हो रहा। बर्बाद हुई फसलों की अपनी ही कहानी है। जमीन के अंदर पानी का जल स्तर नीचे जा चुका है, कुंए और हैंडपंप सूख गए हैं। तालाबों और नदियों का वजूद भी नज़र नहीं आ रहा है। इस भयावह स्थिति का सामना करने के लिए सरकार की ओर से कुछ कदम उठाए जा रहे हैं, लेकिन वे पर्याप्त और दीर्घकालिक नहीं हैं। वैसे भी सूखे की समस्या से पहली बार देश का सामना नहीं हुआ है। इससे पहले भी कई बार देश को सूखे की मार झेलनी पड़ी है। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या हमने पिछले सूखे से हुई तबाहियों से कोई सबक नहीं लिया या अगर सीखा है तो फिर हमने उससे निपटने के लिए कोई ठोस कदम अब तक क्यों नहीं उठाया? और अगर उठाया भी है कि उसका लाभ जनता को क्यों नहीं मिला? देश को सूखे की मार से बचाने के लिए जल प्रबंधन जैसी चीज़ों की सख्त जरूरत है और पिछले कई दशकों से जल प्रबंधन के क्षेत्र में नई कामयाबियां हासिल करने का पिछली सरकारें दावा भी करती रही हैं।

भविष्य का सबसे डरावना सच अगर आज कोई है तो वह है जल का अभाव। शहरी क्षेत्रों में दम तोड़ते जल स्तरों वाले जल स्रोतों के पास लंबी कतारें और पानी के लिए आपस में झगड़ते लोगों का देखा जा सकता है। ग्रामीण क्षेत्रों में दृश्य और अधिक भयावह होते हैं। वहां मिट्टी और रेत में गढ़े बनाकर और गहरी खाइयों में उतर कर जान जोखिम में डाल कर जिंदा रहने लायक पानी मिल जाता है। दुख तो यह है कि पानी और सूखे के जिस पारस्परिक संबंध के बारे में हम अपने बचपन से पढ़ते, सुनते और समझते आ रहे हैं, उसे ही भुला बैठे हैं। पानी नहीं रहेगा तो सूखा पड़ेगा और सूखा पड़ेगा तो पानी उपलब्ध होने का प्रश्न ही नहीं उठता। स्थिति भयावह है। मौसम विज्ञानी भविष्यवाणी कर रहे हैं क आगामी मानसून बहुत अच्छा रहेगा और अच्छी बारिश होगी, लेकिन यदि हमने जल प्रबंधन पर समय रहते ध्यान नहीं दिया तो अच्छी बारिश का लाभ भी हम नहीं ले सकेंगे। अभी हाल ही में "मन की बात" के 19वें कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सूखे के संकट पर अपने विचार रखे और कहा कि जल संकट से निपटने के लिए सामूहिक प्रयत्नों की जरूरत है। आज भारत ही नहीं, तीसरी दुनिया के अनेक देश सूखा और जल संकट की पीड़ा से त्रस्त हैं। भारत सहित अनेक विकासशील देशों के अनेक गांवों में आज भी पीने योग्य शुद्ध जल उपलब्ध नहीं है। आर्थिक विकास, औद्योगिकीकरण और जनसंख्या विस्फोट से जल का प्रदूषण और जल की खपत बढ़ने के कारण सब कुछ गड़बड़ा गया है। पर्यावरण की क्षति तथा जल प्रबंधन के प्रति लापरवाही के कारण देश के महाराष्ट्र, तेलंगाना और मध्यप्रदेश जैसे कई राज्य जल संकट की त्रासदी से गुज़र रहे हैं। उचित जल प्रबंधन न होने के कारण बारिश के जल को हम इस तरह नहीं सहेज पाए हैं कि वह आज हमारे काम आ पाता। हैंडपंप, कुंओं और बावड़ियों का रख-रखाव सही ढंग से न होने के कारण या तो वे सूख गई हैं या फिर उनका पानी इतना दूषित हो गया है कि हम उसे काम में ही नहीं ला पा रहे हैं। हमारे देश में 15 प्रतिशत वर्षा जल का उपयोग होता है, शेष जल बहकर समुद्र में चला जाता है। उस पर शहरों एवं उद्योगों से निकलने वाले अपशिष्ट पदार्थ नदियों के जल को प्रदूषित करके पीने योग्य नहीं रहने देते। जल की मांग निरंतर बढ़ती जा रही है। प्रति व्यक्ति मीठे जल की उपलब्धि जो सन् 1994 में 6000 घन मीटर थी, घटकर सन् 2000 में मात्र 2300 घन मीटर रह गई है और यही उपलब्धता सन् 2014 में लगभग 1600 रह गई। अब तो यह भविष्यवाणी की जाने लगी है कि यदि उपयोगी जल की उपलब्धता इसी तरह कम होती गई तो सन् 2050 में देश को विदेशों से पेयजल आयातित करना पड़ेगा। जब देश में पानी गरीबों को देखने को नसीब होगा भी या नहीं, इसमें संदेह है।

राष्ट्रीय जल नीति 1987 में जल को प्रमुख प्राकृतिक संसाधन माना गया। इस राष्ट्रीय जल नीति में स्पष्ट कहा गया कि पानी मनुष्य की बुनियादी आवश्यकता है और बहुमूल्य संपदा है। संभावित जल संकट को ध्यान में रखते हुए बारहवीं पंचवर्षीय योजना (2012-2017) में बढ़ती जनसंख्या की उभरने वाले पानी से जुड़ी चुनौतियों पर भी ध्यान दिया गया है। बारहवीं पंचवर्षीय योजना के

मुताबिक शहरी विकास के बावजूद देश के महानगरों में ज्यादातर लोग नाली व्यवस्था से जुड़े नहीं हैं। योजना के मुताबिक शहरों का विकास करते वक्त शौचालयों और अपशिष्ट जल प्रशोधन व्यवस्था को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। इसके अलावा, बारहवीं पंचवर्षीय योजना में भूजल के घटते स्तर पर चिंता जताई गई है। योजना में भूजल स्तर बढ़ाने के लिए उचित कदमों को उठाए जाने की सिफारिश की गई है, जिसमें भूजल जमा करने वाले पत्थरों का इस्तेमाल भी शामिल है। संभावना है कि वर्ष 2031 में पानी की मांग वर्तमान मांग से 50 फीसदी अधिक हो जाएगी। अगर देश को आर्थिक विकास के अनुमानित लक्ष्य को हासिल करना है तो पानी की इस बढ़ती मांग को पूरा करना जरूरी है। पानी के अतिरिक्त भंडारण और भूजल स्तर को कायम रखने के लिए उचित कदम उठाये जाने से 20 फीसदी मांग को पूरा किया जा सकता है। बाकी मांग को पूरा करने के लिए पानी का संयम से उपयोग करना होगा। कुछ ऐसे कारण है जो जल के संरक्षण और संवर्द्धन में बाधा बने हुए हैं, जैसाकि हमारे देश में भूमि के स्वामी को उसकी भूमि पर मौजूद जल स्रोत का स्वामित्व रहता है, जो जल उपलब्ध है, वह प्रदूषण का शिकार होता जा रहा है। दरअसल जल संरक्षण, जल का उचित उपयोग और भूजल की रिचार्जिंग भी जरूरी है। अतिदोहन के कारण भूजल स्तर जो वर्ष 1984 में 9 मीटर था, अब 17 मीटर हो चुका है। वहीं वर्ष 1984 में भूजल के मात्र 17 प्रतिशत दोहन की तुलना में आज हम 138 प्रतिशत दोहन कर रहे हैं। यदि यही स्थिति रही तो वर्ष 2020 तक भूजल भंडारण रीत जाएंगे। इस स्थिति को उचित भूजल प्रबंधन के द्वारा नियंत्रित किया जा सकता है। ये प्रबंधन घरेलू, कृषि, औद्योगिक और सामुदायिक स्तर पर किया जा सकता है।

घरेलू क्षेत्र में वर्षा जल संचयन संरचना बनाकर, पेयजल के उचित प्रयोग एवं निष्कासित जल का अन्य कार्यों में प्रयोग कर, कृषि में बूंद-बूंद सिंचाई, कम जल में होने वाली फसलें एवं उचित मात्रा में खाद और कीटनाशकों का प्रयोग कर, उद्योगों में जल को रिसाईकिल कर तथा भूजल पुनर्भरण संरचनाएं बनाकर एवं सामुदायिक स्तर पर जल संरक्षण के प्राचीन स्रोतों का जीर्णोद्धार कर इस गंभीर खतरे को टाला जा सकता है। भारत के विकास के लिए जल संरक्षण को प्राथमिकता दिए जाने के साथ ही रिपोर्ट में अपशिष्ट जल प्रबंधन पर भी खासा ज़ोर दिया गया है। शहरी इलाकों के लिए बढ़ती आबादी के कारण से पानी की कमी की बुनियाद में एक बड़ी चुनौती अपशिष्ट जल के प्रबंधन की है। शहरों में अवैध इमारतें और झुग्गियों के निर्माण से ये कठिनाई और भी बढ़ जाती है, क्योंकि ये शौचालयों और नालियों से नहीं जुड़ी होती हैं। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुमान के मुताबिक भारत के पास इकट्ठा होन वाले कुल अपशिष्ट जल के सिर्फ 30 फीसदी का ही प्रशोधन करने की क्षमता है अर्थात् शेष 70 फीसदी अपशिष्ट जल झीलों, नदियों और बोरवेल के भूमिगत स्रोत में मिलकर उन्हें प्रदूषित करता रहता है। अपशिष्ट जल प्रबंधन के साथ ही हमें इस ओर ध्यान देना ही होगा कि वर्षा के कितने भाग का हम प्रयोग करते हैं और कितने भाग को हम बेकार जाने देते हैं। बारिश के पानी को जितना ज्यादा हम ज़मीन के भीतर जाने देकर भूजल संग्रहण करेंगे उतना ही हम जल संकट को दूर रखेंगे और मृदा अपरदन रोकते हुए देश का सूखे और अकाल से बचा सकेंगे। भू-वैज्ञानिकों के अनुसार यदि हम अपने देश के थलीय क्षेत्रफल में से मात्र 5 प्रतिशत वर्षा के जल का संग्रहण कर सके तो एक बिलियन लोगों को 100 लीटर पानी प्रति व्यक्ति प्रतिदिन मिल सकता है। वर्तमान में वर्षा का 85 प्रतिशत जल बरसाती नदियों के रास्ते समुद्र में बह जाता है। इससे निचले इलाकों में बाढ़ आ जाती है। यदि इस जल को भू-गर्भ की टंकी में डाल दिए जाए तो दो तरफा लाभ होगा। एक तो बाढ़ का समाधान होगा, दूसरी तरफ भूजल स्तर बढ़ेगा। अतः जल संग्रहण के लिए ठोस नीति एवं कदम की आवश्यकता है।

यदि जल के अभाव और सूखे के संकट से निपटना है तो जल प्रबंधन और सूखे के समीकरण को समझना होगा। इसके साथ ही, कुछ आवश्यक कदम भी उठाने होंगे जैसे- जल की शिक्षा अनिवार्य विषय के रूप में स्कूली पाठ्यक्रम में जोड़ी जाए, जल संवर्धन एवं संरक्षण कार्य को सामाजिक तथा धार्मिक संस्कारों से जोड़ा जाए, भूजल दोहन अनियंत्रित एवं असंतुलित ढंग से न हो, इसे सुनिश्चित किया जाए, तालाबों और अन्य जल संसाधनों पर समाज का सामूहिक अधिकार हो, जल स्रोतों को प्रदूषण से बचाने का हर संभव प्रयास किया जाए तथा नदियों और नालों पर चैक डैम बना वर्षा जल को संगृहीत किया जाए। इन सबके साथ जन संरक्षण एवं संवर्द्धन के लिए जन जागरूकता अभियान को नागरिक मुहिम के रूप में चलाया जाए, जिसमें प्रत्येक नागरिक की किसी न किसी स्तर पर सहभागिता हो। इससे नागरिकों में जन संरक्षण के प्रति अपने दायित्वों का बोध होगा तथा वे भविष्य के भयावह जल संकट के यथार्थ को भली-भांति समझ सकेंगे।

नासा की एक रिपोर्ट पानी को लेकर देश भर में बरती जा रही लापरवाही के प्रति आंखें खोलने वाली है। जिसमें भारत में सूखे की भयावह तस्वीर दिखाई गयी है। नासा की रिपोर्ट के मुताबिक देश में जो भयावह सूखे की तस्वीर उभरकर सामने आई है, उसके लिए जिम्मेवार कारणों में से एक अहम कारण अंधाधुंध जल दोहन को बताया गया है। इसमें देश के कई राज्यों के नाम शामिल है, जहां क्षमता से ज्यादा जल का दोहन होता है। नासा ने यह अध्ययन 2002 से 2008 के बीच की स्थितियों के आधार पर किया है। नासा ने अपनी रिपोर्ट में सूखे से निपटने के लिए जल प्रबंधन पर ज़ोर दिया। नासा के मुताबिक अगर भारत को सूखे की समस्या से निज़ात पानी है तो उसे जल प्रबंधन की दिशा में तेजी से और ठोस काम करने की जरूरत है। नासा की यह रिपोर्ट बताती है कि अंधाधुंध जल दोहन की वजह से पूरे उत्तर पश्चिम भारत के भूजल स्तर में हरसाल 4 सेंटीमीटर यानि 1.6 इंच की कमी आ रही है। रिपोर्ट के हवाले से बताया गया है कि देश के उत्तर-पश्चिम क्षेत्र में 2002 से 2008 के दौरान तकरीबन 109 क्यूबिक किलोमीटर पानी की कमी हुई है। यह मात्रा कितनी अधिक है, इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि यह अमेरिका के सबसे बड़े जलाशय लेक मीड की क्षमता से दुगने से भी कहीं ज्यादा है।

जल प्रबंधन के तहत पानी के सुचारू इस्तेमाल, रख-रखाव, जमाव और सही इस्तेमाल के तरीकों पर काम किया जाता है। यह एक ऐसी व्यवस्था है, जिसके तहत सरकारें कई स्तरों पर पीने योग्य पानी मुहैया कराने के लिए पानी के संवर्धन पर ध्यान देती है। साथ ही, बाढ़, सूखे और भारी बारिश जैसी स्थिति में उससे कैसे निपटा जाए उस दिशा में भी काम किया जाता है। ठोस तौर पर देखा जाए तो यह एक ऐसी प्रक्रिया है, जिसके तहत हर जरूरत के अनुसार उचित मात्रा में पानी मुहैया कराने की व्यवस्था की जाती है। बात हो पीने के पानी की या फिर खेती के लिए पानी की। इस प्रबंधन के ज़रिए उन हर जरूरतों को पूरा करने का प्रयास किया जाता है जो प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से समाज और उनके लोगों से जुड़ा हुआ है। इस प्रक्रिया में पानी के शोधन, दोहन, संरक्षण, वितरण और संवर्धन पर ध्यान दिया जाता है। मोटे तौर पर देखा जाए तो जल प्रबंधन मूल रूप से वर्षा जल पर आधारित है, जिसके तहत वर्षा जल का पूर्ण रूप से संरक्षित करने के तरीकों पर ध्यान दिया जाता है।

हमारे देश में वर्षा को लेकर कई असमानताएं हैं। कहीं 1000 सेमी तक वर्षा होती है तो कहीं यह 50 का भी आंकड़ा पार नहीं कर पाती। जहां भारी मात्रा में वर्षा होती है, वहां भी उस पानी को संरक्षित करने के लिए जल प्रबंधन की जरूरत है और जहां कम वर्षा होती है, वहां भी इसकी जरूरत है। ऐसा माना जाता है कि धरती पर गिरने वाले वर्षा जल की प्रत्येक बूंद को रोका जा सकता है। बशर्ते इसके लिए संरचनाओं की ऐसी शृंखला तैयार कर दी जाए जिसकी मदद से पानी की एक बूंद 10 मीटर से अधिक दूरी पर न बहने पाएं। इस पानी को कोई जल संरचना रोक ले और धरती में अवशोषित कर ले यही संपूर्ण जल प्रबंधन है। जलग्रहण का सिद्धांत है कि "पानी दौड़े नहीं, चले" जबकि संपूर्ण जल प्रबंधन का सिद्धांत है कि "पानी न दौड़े, न चले, बल्कि रेंगे और अंततः रूक जाये, और जमीन की गहराईयों में ऐसा समा जाये कि उसे सूरज की रोशनी भी उड़ा के न ले जाये।" वह जमीन के अंदर धीरे-धीरे चलता हुआ वहां निकले जहां हम चाहते हैं और वे जगह हैं कुंए, तालाब, हैंडपंप, ट्यूबवैल और नदी-नाले। इस तरह से हम आसानी से स्वच्छ और सुरक्षित जल प्राप्त कर सकते हैं।

इन संरचनाओं में 5 से 10 से.मी. वर्षा जल एक बार में रोका जा सकता है। इससे अधिक वर्षा यदा-कदा ही दो-तीन वर्षों में एक बार होती है और इतनी साल में तीन-चार बार। इस प्रकार संपूर्ण वर्षा में 100 से.मी. तक की योग वर्षा को भूमि में अवशोषित किया जा सकता है। यह जल भूमि में अवशोषित होकर धीमी गति से कुंए, ट्यूबवैल, हैंडपंप व तालाबों में आगामी 6 माह से 12 माह तक प्राप्त होता रहता है। इससे हमारी खरीफ की फसल सुनिश्चित होती है, सूखे से मुक्ति मिलती है, रबी की फसल भी पर्याप्त होती है, गर्मी में पेयजल संकट नहीं होता है।

आज़ादी के बाद कोई साल ऐसा नहीं बीता जब मुल्क के किसी हिस्से को सूखे की विभीषिका न झेलनी पड़ी हो। फिर भी इससे निपटने की कोई कारगर रणनीति नहीं बनाई जा सकी है। नतीजतन, इन दिनों कई राज्यों में हालात बेकाबू हो चले हैं और लोग पानी के लिए हिंसा पर भी उतारू होने लगे हैं। महाराष्ट्र में कुछ इलाकों में तालाबों और नलों के आसपास धारा 144 लगानी पड़ी है। नासिक जिले में गोदावरी नदी का घाट पिछले 139 सालों के इतिहास में पहली बार सूख गया है। मुंबई हाईकोर्ट ने प्रदेश सरकार को आई.पी.एल. मैचों के आयोजन के लिए आड़े हाथों लेते हुए कहा है कि मैच वहां कराइए जहां पानी ज्यादा है। यहां विचारणीय यह है कि जब सूखा हमारे देश में एक स्थायी सालाना त्रासदी बन गया है तो क्या उसका स्थायी समाधान निकालना हमारी राष्ट्रीय प्राथमिकताओं में शुमार नहीं किया जाना चाहिए। अफसोस की बात है कि इस दिशा में पिछली सरकारों के प्रयास महज "पानी की बूंद-बूंद कीमती है", "जल ही जीवन है", या "जल है तो कल है" जैसे नारे दीवरों पर लिखने या अखबारों में छपवाने तक सीमित रहे हैं। जबकि सूखे से निपटने के लिए जल संरक्षण के साथ जल प्रबंधन की भी समग्र रणनीति बनाकर उस पर सख्ती से अमल सुनिश्चित करने की जरूरत है। वर्षा जल संचय, भूजल परिवर्धन, नदी-तालाब संरक्षण, वनीकरण से लेकर जल शोधन की नई तकनीकें इसमें सहायक हो सकती हैं। यह हकीकत भी अत्यंत दुखद है कि हमारे देश में सूखे के संकट में भी निहित स्वार्थ अपनी तिजोरियां भरने में मशगूल हो जाते हैं। सूखा राहत में खयानत को रोकना इसके पीड़ितों के हित में पहली जरूरत है।

उत्तर प्रदेश के कई इलाकों में भी पीने के पानी का संकट है। लोग पशुओं को बेच रहे हैं या चैं ही छोड़ रहे हैं। प्रदेश में आपदा की घड़ी में प्रशासन तंत्र सूखे के शिकार किसान और मज़दूरों को मदद पहुंचाने में असमर्थ रहा है ऐसी प्राकृतिक आपदा के समय लोगों की सरकार से बहुत अपेक्षा होती है। लेकिन किसान को इस साल का मुआवजा तो दूर पिछली फसलों का मुआवजा भी नहीं मिल पाया है। इस संकट की घड़ी में जिन लोगों को सस्ते अनाज़ की सबसे ज्यादा जरूरत है, उनमें से अधिकांश उस राशन कार्ड के पात्र नहीं हैं। उत्तर प्रदेश की जनसंख्या का एक बड़ा हिस्सा बहुत बड़े संकट से गुजर रहा है। जानवरों के लिए तो यह सूखा अकाल में बदलता ही जा रहा है। अगर सरकार की ओर से जल्द ही कुछ प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो यह भी आशंका है कि प्रदेश के काफी इलाकों में सबसे गरीब तबके के लिए अकाल की स्थिति बन सकती है।

मैं सरकार से अनुरोध करूंगा कि इस संकट की घड़ी में निम्नलिखित बेहद ज़रूरी कदम तुरंत उठाएं जाएंÃ¬-

- प्रदेशों में सूखे की तुरंत घोषणा करते हुए सूखा राहत के काम शुरू किये जाने चाहिए।
- फसल नुकसान के मुआवजे की घोषणा और बकाया राशि का भुगतान किया जाए।
- सूखा प्रभावित क्षेत्रों में रोज़गार गारंटी योजना को सही ढंग से लागू किया जाए।
- राशन व्यवस्था के ज़रिये खाद्यान्न संकट का मुकाबला।
- जानवरों के लिए "चारा छावनी" की व्यवस्था।
- नलकूपों की मरम्मत और सिंचाई के लिए बिजली की व्यवस्था।
- नदियों को जोड़ने की जो ऐतिहासिक पहल माननीय अटल जी के कार्यकाल में शुरू की गयी थी उस पर तेज गति से काम कर पर्यावरण-अनुकूल तरीके से लागू करना चाहिए। जिससे नदी का अतिरिक्त जल दूसरे राज्यों की आवश्यकता पूरी कर सकें।

इस चर्चा का उद्देश्य आलोचना या दोषारोपण नहीं है। इस राष्ट्रीय संकट की घड़ी में सभी को मिलकर काम करना चाहिए। हम सभी अपने संसदीय क्षेत्र और प्रदेश में किसानों के दुख-तकलीफ को सुनते रहते हैं। इसलिए हमारा फर्ज बनता है कि हम उनकी आवाज़ को सरकार तक पहुंचाएंÃ¬। जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न हो रही असमय बाढ़ और सूखे की स्थिति से निपटने के लिए तत्काल एक प्रभावशाली दूरदर्शी योजना बनाकर आने वाले समय में ऐसी घटनाओं को रोकने और उनसे होने वाले नुकसान को कम करने का समुचित प्रयास करना चाहिए।

जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण मंत्रालय में राज्य मंत्री (प्रो. सांवर लाल जाट): माननीय सभापति महोदय, लगातार दो दिन से सदन में सूखा, पेयजल और जल संसाधन पर चर्चा हो रही है। सदन के कई माननीय सदस्यों ने अपने-अपने सुझाव, विचार और समस्याएं रखी हैं। मैं उनको भरोसा दिलाता हूं कि उन सबके ऊपर, जो जल संसाधन से संबंधित हैं, सरकार पूरी तरह से कार्रवाई करेगी और अलग-अलग मंत्री महोदय अपने-अपने विभाग के बारे में बताएंगे।

माननीय सभापति महोदय, जल के बारे में चिन्ता आज से नहीं, सृÂिष्ट से शुरू से ही की जाती रही है। रहीम दास जी ने कहा है :

"रहिमन पानी राखिए, बिन पानी सब सून।"

अगर पानी है तो सब कुछ है, पानी है तो कल है, जल है तो जीवन है और जल नहीं है तो जीवन नहीं है। अस्तित्व केवल इसी से है, इसलिए पानी के बारे में हमारे सभी सदस्यों की चिन्ता, सरकार की चिन्ता समाज में बैठे हुए हर व्यक्ति की चिन्ता है।

महोदय, इस दुनिया में दो चीजें - जल और ब्लड ऐसी हैं जो कहीं कारखाने में नहीं बनती हैं। ये या तो शरीर में से निकलती हैं या पूकृति की देन होती हैं। पूकृति जब बरसात करती है तो वही पानी सर्फेस वाटर होता है, जो पानी जमीन के नीचे चला जाता है, उसे हम अंडरग्राउण्ड वाटर कहते हैं। पुराने जमाने और इस जमाने में बहुत बड़ा अंतर आ गया। यदि हम पुराने जमाने की याद करें, उस जमाने में पानी कम निकालना पड़ता था, खेती कम होती थी, पानी का उपयोग भी कम होता था और अगर कहीं पानी निकाला जाता था तो वह बैलों के माध्यम से, जानवरों के माध्यम से निकाला जाता था। आजकल इसका उपयोग बहुत हो रहा है।

माननीय सभापति महोदय, मैं यह कहना चाहता हूं कि जहां पर अंडरग्राउण्ड वाटर जितना होता है, उतने ही हार्सपावर की मोटर और इंजन हर व्यक्ति यूज़ करता है, लगाने की कोशिश करता है। इस स्थिति में आज हमारे देश ही नहीं, पूरी दुनिया के अंदर जहां-जहां पर एक्सप्लाइटेशन ऑफ अंडरग्राउण्ड वाटर ज्यादा हो रहा है, वहां स्थिति भयावह है। हमारे देश में भी हर प्रदेश के ब्लॉक्स को अगर हम देखें तो विगत वर्ष्Âाों में काफी डिप्लीशन हुआ है और आज स्थिति यह है कि अगर हम सभी इसकी चिन्ता नहीं करते हैं तो आने वाला समय हमारे लिए बहुत ही खतरनाक होगा। इसलिए मैं माननीय सदस्यों से यही कहना चाहूंगा कि नेतागिरी के लिए हम बहुत सी बातें कर सकते हैं, एक-दूसरे पर आरोप लगा सकते हैं, किसने क्या किया, किसने क्या नहीं किया, ये सब दस्तावेज जनता के दिमाग में हैं, जनता के पास हैं। इसलिए मैं कहना चाहता हूं कि हमें इन बातों पर ध्यान देने की आवश्यकता है।

रेन वाटर हार्वेस्टिंग के बारे में चर्चा हुई है। वाटर हार्वेस्टिंग के लिए हर जगह पुराने समय से ही सिस्टम बने हुए हैं, नए सिस्टम हम बना रहे हैं, एनिकट बना रहे हैं, तालाब, नाली आदि स्ट्रक्चर वाटर रोकने के लिए बनाते हैं। हर जगह वह अलग-अलग शेप में होता है। ऐसी स्थिति में इसके लिए हमारी सरकार कटिबद्ध है। अंडरग्राउण्ड वाटर के बारे में मैं कहूंगा कि अलग-अलग प्रदेशों की स्थिति बहुत चिन्ताजनक है। महाराÂट्र में पानी 58 मीटर तक नीचे चला गया है, इसी तरह ओडिशा में 14.5 मीटर, तेलंगाना में 46.1 मीटर, राजस्थान में 113.2 मीटर, मध्य प्रदेश में 49.5 मीटर, झारखण्ड में 13.8 मीटर नीचे चला गया है। इस प्रकार हर स्टेट के बारे में अगर देखा जाए तो स्थिति बहुत चिन्ताजनक है। ऐसी स्थिति में हमारा मंत्रालय देश के विभिन्न प्रदेशों में 91 बड़े-बड़े मेजर डैम्स हैं, उनमें बरसात में और बरसात के बाद में जल भण्डारण पर नजर रखता है। उनमें से सात बांध ऐसे हैं जिनमें आज की तारीख में पानी नहीं है। इनमें से सबसे ज्यादा चार बांध महाराÂष्ट्र के हैं, एक बांध कर्नाटक का है और एक बांध तमिलनाडु का है। यह स्थिति हमें बताती है कि हालात बड़े चिन्ताजनक हैं। ऐसी स्थिति में हम सभी को मिलकर इन समस्याओं का समाधान करना चाहिए।

प्रधानमंत्री जी ने जो प्रधानमंत्री कृÂिष सिंचाई योजना चलाई है, वह निश्चित रूप से आने वाले समय में किसानों के लिए बहुत लाभदायी होगी।

बन्धुओं, मैं कहना चाहता हूं कि प्रधानमंत्री कृÂिष सिंचाई योजना में गत 31 मार्च को जो फाइनेंशियल ईयर खत्म हुआ है, उसमें हमने 2328 करोड़ रुपये देश के ए.आई.बी.पी. को और आर.आर.आर. स्कीम को अलग से पैसे दिए हैं। कुल मिलाकर साढ़े चार हजार करोड़ रुपये के लगभग पैसे का आवंटन किया गया है। निश्चित रूप से इस देश में जो पानी बरसता है, उसको रोकने का हम प्रयास करेंगे और निश्चित रूप से वह उपयोगी होगा।

बन्धुओं, दूसरी चिन्ता यह है कि आने वाले समय में जो पानी की कमी हो रही है, उसके लिए नदियों को जोड़ने की प्रधानमंत्री जी ने जो महत्वाकांक्षी योजना प्रमुखता के साथ इस देश में प्रारम्भ करने का आह्वान किया है, मैं यह कहना चाहता हूं कि प्रधानमंत्री जी की जो आशा है, उसके हिसाब से हमारा महकमा काम कर रहा है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद जो स्पेशल कमेटी बनी है, उसकी हर दो महीने में मीटिंग होती है और अभी तक नौ मीटिंग्स हम कर चुके हैं। हमारे देश की जनता को यह अभिलाÂषा है कि श्री नरेन्द्र मोदी भाई के टाइम में यह योजना शुरू होगी और मैं आपको यह भरोसा दिलवाता हूं कि इस योजना के ऊपर द्रुत गति से काम करेंगे। इसमें केन-बेतवा लिंक है, जिस पर दोनों स्टेट्स की सहमति हो चुकी है। सहमति इसलिए आवश्यक है क्योंकि वॉटर स्टेट का विÂषय है। बिना राज्यों की सहमति के हम कोई काम नहीं कर पा रहे हैं और न ही करना चाहते हैं...(व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: No, please do not disturb the hon. Minister.

...(*Interruptions*)

प्रो. सांवर लाल जाट : महोदय, मैंने किसी प्रकार की असंसदीय शब्द का प्रयोग नहीं किया है, इसलिए आप लोगों को कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिए...(व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON : Hon. Minister, please address the Chair.

...(*Interruptions*)

प्रो. सांवर लाल जाट : महोदय, हमने 30 लिंक आइडेंटीफाई किए हैं, जिसमें हिमालयन के 14 हैं और अन्य प्रायद्वीपीय 16 हैं। इसके अलावा जो राज्य अपने यहां नदियों को जोड़ना चाहते हैं, उनके

लिंकों की संख्या 46 है। अगर किसी स्टेट से और प्रस्ताव आता है तो हमारे मंत्रालय में उसको एग्ज़ामिन किया जाएगा और उसके संबंध में जो भी कार्यवाही हो सकती है, मैं भरोसा दिलाता हूं कि वह की जाएगी।

महोदय, केन-बेतवा फाइनल स्टेज पर है और पर्यावरणीय परमिशन मिलने को है, इसलिए दोनों मंत्रियों के साथ कमेटी की बैठक शीघ्र होने जा रही है। इसी प्रकार गुजरात और महाराÂट्र में दमन गंगा-पिंजोल लिंक, तापी-नर्मदा लिंक पर सहमति हो गयी है। इन विÂषयों के लिए स्टेट की सहमति आवश्यक है। इसलिए स्टेट की सहमति लेकर इतना बड़ा काम हमारे विभाग ने किया है और इसका रिजल्ट आने वाले समय में होगा। क्योंकि जब फसल बोते हैं तो बोने के बाद...(व्यवधान) आपका इतिहास सब जानते हैं। आपके राज में एक-एक आदमी नौ-नौ हजार करोड़ रुपये लेकर भाग गया।...(व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON : Please do not disturb the hon. Minister.

...(*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON : Nothing will go on record except the hon. Minister's reply.

...(*Interruptions*)â€¦ *

प्रो. सांवर लाल जाट : महोदय, मैं यही कहना चाहता हूं कि फसल बोने में टाइम लगता है, लेकिन हमने यह जो योजना शुरू की है, श्री नरेन्द्र भाई की यह योजना आने वाले समय में इस देश के लिए खुशहाली लाएगी...(व्यवधान) आपने ब्रिटिश जमाने के कानून को चैंज नहीं किया...(व्यवधान) किसान हर साल ओलावृÂिष्ट से परेशान होते थे...(व्यवधान) नरेन्द्र भाई मोदी जी ने इस बार कानून में परिवर्तन किया है, मुआवजे की राशि में तब्दीली की है...(व्यवधान) इतना पैसा किसानों को मिला है कि देश के किसान कह रहे हैं कि मोदी जी के प्रधानमंत्री बनने के बाद हम लोगों को यह मिला है। हमारे अटल बिहारी वाजपेयी जी ने फसल बीमा योजना को लागू किया था, लेकिन उस योजना को आपने बर्बाद कर दिया। नरेन्द्र भाई मोदी जी ने फिर से किसानों के हित के लिए यह योजना बनायी है...(व्यवधान) इस योजना का फायदा आने वाले दिनों में देखने को मिलेगा...(व्यवधान) इससे देश का किसान खुशहाल बनेगा...(व्यवधान) आपने जो भी सुझाव दिए हैं, उन पर विभाग द्वारा कार्यवाही की जाएगी।

HON. CHAIRPERSON : Hon. Minister, there is one suggestion from the Chair too. There is a scheme to desilt the tanks. तालाबों की सफाई के लिए ट्रिपल आर में एक योजना है। सारे हिन्दुस्तान के तालाबों में मिट्टी आने से वह तालाब सूख गए हैं। इसकी सफाई करने के लिए आरआरआर में आपकी क्या योजना है? आप इस पर क्या करेंगे, इसके बारे में थोड़ी जानकारी दीजिए।

प्रो. सांवर लाल जाट : सभापति महोदय, रेस्टोरेशन और रिन्युअल में पुराने बांधों में डिसिल्टिंग करवाने, उनको मजबूत करवाने या उसमें आवाक बढ़ाने की आवश्यकता हो तो यह सारे काम ट्रिपल आर के अंदर होंगे। मैं आपको भरोसा दिलाना चाहता हूं कि किसी भी प्रदेश सरकार से जो सुझाव आयेंगे,...(व्यवधान) उन्हें एक्सैप्ट करने के बाद हम मदद करेंगे। ...(व्यवधान)

कृषि और किसान कल्याण मंत्री (श्री राधा मोहन सिंह) : सम्माननीय अध्यक्ष महोदय, सूखा प्रबंधन हेतु जो मैनुअल है, उसमें बहुत साफ रूप से केन्द्र और राज्य सरकारों की भूमिका और जिम्मेवारियां परिभाÂिषत हैं। यद्यपि केन्द्र सरकार की भूमिका मानिटर और समीक्षा करना है और राज्य सरकार द्वारा अतिरिक्त निधियों की मांग के मामले में सहायता करना है। आज यहां जो चर्चा है, वह मुख्य रूप से सूखा, पेयजल का संकट और नदी जोड़ जोड़ने के कारण है। लेकिन सूखा के मामले में जो राहत का काम है, वह राज्य सरकार के जिला प्रशासन के द्वारा होता है और राज्य सरकार अतिरिक्त निधियों की मांग केन्द्र सरकार से करती है और सूखा की घोÂषणा करने का दायित्व भी राज्य सरकार का है कि किस राज्य में कितना एरिया, कितनी आबादी सूखा से प्रभावित है। सूखा मानिटरिंग, सूखा घोÂषणा, सूखा राहत और सूखा प्रशमन में केन्द्र और राज्य स्तर पर विभिन्न एजेंसिया शामिल हैं। केन्द्र सरकार के स्तर पर कृÂिष सहकारिता और किसान मंत्रालय सूखा मानिटरिंग के लिए मुख्य रूप से जिम्मेदार है। डीएसी एंड एफडब्ल्यूू में केन्द्रीय सूखा राहत जो हमारे अपर सचिव रैंक के अधिकारी हैं, की अध्यक्षता में एक संकट प्रबंधन समूह कार्य करता है। यह मेरे समय से ही नहीं, पहले से ही है। सीएमजी देश में सूखे की स्थिति और राहत उपायों की प्रगति की समीक्षा करता है और इसके अलावा डीएसी एंड एफडब्ल्यूू में फसल, मौसम निगरानी समूह कृÂिष से संबंधित मानदंडों की समीक्षा के लिए साप्ताहिक आधार पर बैठक करता है और राज्यों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग भी करता है। कृÂिष मंत्रालय इसमें सूखा, ओला, कीट आक्रमण और पाला के लिए जो उपाय होते हैं, इनके लिए कृÂिष मंत्रालय गृह मंत्रालय से समन्वय करता है और राज्य आपदा अनुकूल्य कोÂष, जिसे एसडीआरएफ कहते हैं, पहले से राज्यों के पास पैसा उपलब्ध रहता है, जिसमें 75 प्रतिशत भारत सरकार और 25 प्रतिशत राज्य सरकार की राशि होती है और जब कहीं आपदा आती है तो राज्य सरकार के पास जो एसडीआरएफ का पैसा होता है, उसे वह खर्च करती है।...(व्यवधान) आप सुन लीजिए, मैं व्यवस्था के बारे में बता रहा हूं। मैं अभी पोलिटिकल बात नहीं कर रहा हूं। ...(व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: Hon. Minister please address the Chair.

श्री राधा मोहन सिंह : आगे हम बतायेंगे।

HON. CHAIRPERSON: Hon. Minister may please address the Chair. Hon. Members are requested to hear the Minister and not to interrupt him in the middle. They can seek clarifications afterwards.

श्री राधा मोहन सिंह : अब मैं आगे बढ़ता हूं। यह जो एसडीआरएफ है, जब राज्य में आपदा आती है, खासकर जो चार विÂषय हमने बताये, राज्य जब नोटिफाई करता है, मेमोरेंडम भेजता है तो टीम जाती है, आकलन करती है और फिर यहां एचएलसी के द्वारा उसकी मंजूरी होती है। यह पहले से एनडीआरएफ के मानक थे, जो राज्यों को दिये जाते थे, वह मानक यह था कि यदि एक हैक्टेअर तक प्रभावित होगा, मैक्सिमम पर आपको मिलेगा। एक हैक्टेअर से ज्यादा यदि प्रभावित हुआ तो आपको उसके लिए सहायता नहीं दी जायेगी। फिर यह था कि पचास प्रतिशत यदि नुकसान होता है, तभी आपको सहायता दी जायेगी। ...(व्यवधान) आप बीच में बहुत खड़े हो रहे हैं, हम ऐसा कुछ नहीं बोलना चाहते थे कि आपको खड़ा होने की नौबत आए। अब इतने दिनों से जो यह व्यवस्था थी, उस समय आप क्या कर रहे थे, यह मैं आपसे जानना चाहता हूं। ...(व्यवधान)

अब इसमें परिवर्तन किया गया है। मोदी सरकार के आते ही परिवर्तन यह किया गया कि यदि 33 प्रतिशत तक भी नुकसान होता है तो उन्हें सहायता दी जाएगी। एक हैक्टेयर के बदले दो हैक्टेयर तक भी नुकसान होता है, यानि पांच एकड़ तक नुकसान होता है, तो भी उसको राहत दी जाएगी। ...(व्यवधान) मैं आपके माध्यम से पूरे देश के लोगों को बताना चाहता हूँ, अपने मित्रों को भी बताना चाहता हूँ कि आपदा में यदि मृत्यु होती थी तो डेढ़ लाख रूपया मिलता था, मोदी सरकार ने उसको बढ़ा कर चार लाख रूपये किए हैं। ...(व्यवधान) महोदय, पहले प्राकृतिक आपदा के कारण यदि किसान के अनाज की क्वालिटी घटिया हो जाती थी, प्रभावित होता था तो उसको समर्थन मूल्य नहीं मिलता था। ...(व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: I request the hon. Members from both the sides that this is a very important issue.

...(*Interruptions*)

माननीय सभापति : भूरिया जी, आप बैठिए।

â€¦(व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: Please do not interrupt. This is a very important issue. Do not interrupt the hon. Minister. In India today, one-third of the

population, one-third of the area is affected with drought. We want a specific reply from the hon. Minister. If you interrupt from both the sides, you will not get the good result. I request the hon. Members from both the sides to allow him to speak, allow him to reply properly.

श्री राधा मोहन सिंह : महोदय, देश के किसानों का यह अधिकार है कि जिसको बड़ी उम्मीद से चुना, आजादी के 68 वर्Â०ा०ों तक हम लोगों ने कौन-कौन से करतब दिखाए, यह जानने का अधिकार देश के किसानों को है। इसलिए इसका वर्णन करना पड़ेगा। महोदय, उनको पूरा समर्थन मूल्य नहीं मिलता था। मोदी सरकार ने यह घोÂषणा की कि यह जो उसके अनाज की क्वालिटी आपदा में खराब होती है, इसमें किसान का कसूर नहीं है। यह आपदा के कारण हुआ है। यदि क्वालिटी खराब भी होगी तो भी उसको पूरा का पूरा समर्थन मूल्य दिया जाएगा। ...(व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: Nothing will go on record except the hon. Minister's reply.

...(*Interruptions*)â€¦ *

श्री राधा मोहन सिंह : महोदय, पहले वÂर्षा सिंचित प्रति हैक्टेयर 45 सौ रूपये मिलते थे। असिंचित में 48 सौ रूपये मिलते थे। उस राशि को डेढ़ गुना करने का काम मोदी सरकार ने किया है। महोदय, आपदा राज्य कोश में जो राशि राज्यों को मिलती थी, मैं उसका एक आंकड़ा बताना चाहता हूँ कि मोदी सरकार के आने के पहले पांच वर्Â०ा०ों में राज्यों को राज्य आपदा कोÂष में 33,580 करोड़ रूपये मिले थे। मोदी सरकार के बाद सन् 2015-16 से अगले पांच वÂर्षों के लिए 61000 करोड़ रूपये का आवंटन किया गया है। ...(व्यवधान) अगर इसको और सरलता से, किसी को समझ में नहीं आए तो उसको समझाने के लिए काफी है कि सन् 2014-15 में राज्यों को एसडीआरएफ के तहत 78 सौ करोड़ रूपये का आबंटन किया गया था। लेकिन सन् 2015-16 में 11 हज़ार 81 करोड़ रूपये का आवंटन किया गया। ...(व्यवधान)

18.45 hours (Hon. Speaker *in the Chair*)

महोदया, अब इसके बाद राज्य सरकारें राÂष्ट्रीय आपदा कोÂष से पैसा माँगती हैं, माँगती रही हैं। मैं बहुत पुराना आँकड़ा नहीं बताना चाहता हूँ। चार वÂर्ष का आँकड़ा वÂर्ष 2010-11, वÂा०ल़ 2011-12, वर्Â०ाल़ 2012-13, वÂर्ष 2013-14 इन चार वÂर्षों में राज्यों ने राÂष्ट्रीय आपदा कोÂष से लगभग एक लाख करोड़ रूपए की माँग की थी और उन्हें मिला 13,762 करोड़ रूपया। मोदी सरकार के आने के बाद राज्यों ने वÂर्ष 2014-15 में 42 हजार करोड़ रूपया माँगा, मोदी सरकार ने दिया 9,017 करोड़ रूपया, यह एक वर्Â०ाल़ में दिया है।...(व्यवधान)

श्रीमती सोनिया गांधी (रायबरेली) : किसको दिया?

श्री राधा मोहन सिंह : एनडीआरएफ से राज्यों को दिया। ये आँकड़े हैं, किसानों के लिए दिया।...(व्यवधान) इस वर्Â०ाल़ 2015-16 में 13,497 करोड़ रूपया राष्Âट्रीय आपदा कोÂष से राज्यों को दिया गया है।...(व्यवधान) हमारे कर्नाटक के मित्र कह रहे थे।...(व्यवधान) हमारे कई मित्रों ने सवाल उठाए हैं, कर्नाटक की चर्चा कर रहे थे, कर्नाटक राज्य ने वÂर्ष 2011-12 में 6,200 करोड़ रूपए की माँग की थी। उस समय की सरकार ने 470 करोड़ रूपए दिए थे। फिर वर्Â०ाल़ 2012-13 में कर्नाटक ने 7,600 करोड़ रूपए की माँग की थी तो 526 करोड़ रूपए उसको एनडीआरएफ से दिया गया था। जब मोदी सरकार आई तो वर्Â०ाल़ 2015-16 में कर्नाटक ने 3,800 करोड़ रूपया माँगा, उसको मिला 1,540 करोड़ रूपया।...(व्यवधान)

महोदया, खरीफ के सूखे में पहला राज्य कर्नाटक है, हम उसको बधाई भी देंगे कि इस बार खरीफ में जो सूखा आया है, किसी राज्य ने खरीफ में सूखे के लिए नहीं माँगा है, कर्नाटक ने माँगा है और कर्नाटक ने 1,424 करोड़ रूपया माँगा है तो उसको 723 करोड़ रूपए निर्गत किए गए हैं।...(व्यवधान) निर्गत हो गए, चले गए।...(व्यवधान) आप लोग सुन लीजिए।...(व्यवधान)

महोदया, महाराष्Âट्र की बहुत चर्चा हो रही थी, हमारे चव्हाण साहब नहीं हैं।...(व्यवधान) महाराÂष्ट्र जो सबसे ज्यादा सूखे का शिकार होता है, पहले भी और आज भी, सूखे की आपदा ने वहाँ के कितने परिवारों को तबाह और बर्बाद किया है, यह बताने की जरूरत नहीं है, इसके बारे में हम सब लोग बोलते रहे हैं। लेकिन जरा इस पर ध्यान दीजिए कि तीन साल में, वÂर्ष 2011-12, वर्Â०ाल़ 2012-13 और वÂर्ष 2013-14 में राÂष्ट्रीय आपदा कोÂष से तीनों बार मिलाकर महाराÂष्ट्र ने 10,582 करोड़ रूपए की माँग की थी, उसको मिला 2,900 करोड़ रूपया। ये तीन वÂर्ष के आँकड़े हैं। मोदी सरकार के आने पर वÂर्ष 2014-15 और वÂर्ष 2015-16 में कुल 10 हजार करोड़ रूपए की माँग में उसे 5 हजार करोड़ रूपया मिला है।...(व्यवधान) ये सवाल उठाए गए हैं।...(व्यवधान) मैं अपने आध्र प्रदेश और तेलंगाना के मित्रों को बताना चाहता हूँ।...(व्यवधान)

श्री मल्लिकार्जुन खड़गे (गुलबर्गा) : आप अब क्या करने वाले हैं, वह बताइए।...(व्यवधान) यह नम्बर एक है।...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : खड़गे जी, पहले उन्हें कम्प्लीट करने दीजिए।

â€¦(व्यवधान)

श्री मल्लिकार्जुन खड़गे : महोदया, एक मिनट आप सुनिए तो सही।...(व्यवधान) मैं इसके बारे में जानता हूँ।...(व्यवधान) आप यह जानते हैं, एग्रीकल्चर मिनिस्टर यह जानते हैं और ऑनरेबल होम मिनिस्टर भी जानते हैं कि जो नॉर्म्स एनडीए गवर्नमेंट के वर्Â०ाल़ 1999 से वÂर्ष 2004 तक थे, वही नॉर्म्स वÂर्ष 2004 से वर्Â०ाल़ 2014 तक भी हैं।...(व्यवधान)

आप सुनिये। आप चुप बैठिये, ज़्यादा बात मत करें। ...(व्यवधान) बात यह है कि जब नॉर्म्स वैसे थे दोनों पीरियड में, तो उन नॉर्म्स के तहत रिलीफ दिया गया। अब आपने नॉर्म्स बदले हैं, जैसे कि आपने बदले। आपने कहा कि स्मार्ट फॉर्मर्स, मार्जिनल फार्मर्स, इनको भी हम देने का काम करेंगे। जब नॉर्म बदलते हैं तो आँकड़े भी बदलते हैं। इसमें कौन सी बड़ी बात है? ...(व्यवधान) उसका क्रैडिट आप मत लीजिए। अगर ऐसे क्रैडिट लेते हैं तो पिछली एनडीए गवर्नमेंट में क्या किया था, वह भी बोलना पड़ेगा। ...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : खड़गे जी, आपकी बात हो गई, प्लीज़ बैठिये।

â€¦(व्यवधान)

श्री मल्लिकार्जुन खड़गे : इसीलिए मैं आपसे पूछना चाहूँगा कि आप फिलहाल क्या रिलीफ देने वाले हैं, क्या आप सारे ड्राउट अफैक्टेड एरियाज़ में टूर करने वाले हैं, मराठवाड़ा को विज़िट करने वाले हैं? क्योंकि सुप्रीम कोर्ट ने भी आज आपको डायरैक्शन दिया है, गुजरात के लिए, बिहार के लिए ...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : हो गया, अब कितना बोलेंगे? What is it?

SHRI MALLIKARJUN KHARGE: No, Madam, this is very important. The Supreme Court has directed and asked the Centre to create Disaster Mitigation Fund to tackle drought like situation and directed the Agriculture Minister to hold a meeting within a week with affected States like Bihar, Gujarat and Haryana to assess the condition. यानी आपको डायरैक्शन आने के बाद आप यह कर रहे हैं और ऊपर से बोल रहे हैं मोदी गवर्नमेंट, मोदी गवर्नमेंट। यह बीजेपी गवर्नमेंट है। ...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : खड़गे जी, पूरा भाष्Âाण शुरू मत करो।

â€¦(व्यवधान)

HON. SPEAKER: Radha Mohan Singh Ji, please conclude now.

â€¦(व्यवधान)

श्री राधा मोहन सिंह : मोदी सरकार, मोदी सरकार, मैंने कई बार बोला है और मुझको लगता है कि हमसे ज्यादा आप लोग सुबह शाम मोदी मोदी छोड़कर दूसरा कोई जाप कर ही नहीं रहे हैं। हमने तो बस थोड़ा सा कहा। ...(व्यवधान)

महोदया, ये नॉर्म्स मोदी सरकार ने बढ़ाए हैं और इसलिए राशि बढ़ी है। इससे हम सहमत हैं। लेकिन बार-बार उधर से बात उठाई जाती है कि पैसा कम मिल रहा है, पैसा कम मिल रहा है। पैसा जितना चाहिए, जितनी बड़ी आपदाएँ आती हैं, हम उसमें उतना नहीं दे पाते हैं। लेकिन बार-बार जो बोला जाता है, इसलिए मुझे मजबूरी में बताना पड़ता है कि आखिर आप अपना चेहरा खुद नहीं देखते हैं आईना में, तो कोई आईना लेकर तो आपके सामने खड़ा होगा कि आप चेहरा देखिये। ...(व्यवधान)

महोदय, मैं सुप्रीम कोर्ट के विÂषय में नहीं जाना चाहता हूँ लेकिन वास्तव में सुप्रीम कोर्ट की चिन्ता और देश के लोगों की चिन्ता सदन की चिन्ता है। सुप्रीम कोर्ट की चिन्ता सहित यह सुप्रीम कोर्ट का निर्देश हमारे 67-68 वÂर्षों के कर्त्तव्य का आईना है। ...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : बैठे-बैठे कमैन्ट्स नहीं करें, प्लीज़।

â€¦(व्यवधान)

HON. SPEAKER: Only Shri Radha Mohan Singh's statement will go on record.

...(*Interruptions*)â€¦ *

श्री राधा मोहन सिंह : महोदया, हमारे ग्रामीण विकास मंत्री ने जल संकट के विÂषय में विस्तार से बताया है। नदी जोड़ योजना के विष्Âाय पर भी चर्चा हुई है। इस घड़ी में फूड सिक्यूरिटी भी बड़ा महत्व रखता है। ...(व्यवधान) अरे भाई! बोलने तो दो।

हम आपके ध्यान में लाएँगे कि राÂष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा की दÂिष्ट से जो कुछ हो रहा है, इसमें पहले 11 राज्य जो थे, अब 33 राज्य इसके अंदर आ गए हैं और 72 करोड़ लाभार्थी हैं जिसमें 55 करोड़ इन सूखा प्रभावित राज्यों के लाभार्थी हैं। महाराष्Âट्र और कर्नाटक राज्यों को उनके अनुरोध पर अतिरिक्त खाद्य का आबंटन भी किया गया है, ताकि कोई भूख से नहीं मरे। उत्तर प्रदेश की घटना एक अलग है कि समाजवादी पॉकेट जब हम बांटेंगे, कांग्रेसी पॉकेट, बी.जे.पी. का पॉकेट तो लोग तो मरेंगे ही। ...(व्यवधान) हमने बी.जे.पी. की भी बात की है न। इतनी बड़ी फूड सिक्योरिटी आप लाये थे...(व्यवधान) आप सुनिये, मैं वही कह रहा हूं। यह 33 राज्यों में लागू है और इस सरकार ने कर्नाटक और महाराÂष्ट्र में अतिरिक्त आबंटन मांगा तो उसकी व्यवस्था भी कर दी गई है। गर्मी की छुट्टियों में भी मिड डे मील की इजाजत दी गई है, उसका एप्रूवल किया गया है। उसी क्रम में मैंने कहा था कि अन्न का पॉकेट इस घड़ी में मिलना चाहिए, बी.जे.पी. का पॉकेट और समाजवादी पॉकेट अन्याय होगा। ऐसा नहीं होना चाहिए। किसी को भी इस पर ध्यान रखना चाहिए।

मनरेगा के विÂषय में पूरी चर्चा हुई है, लेकिन पेयजल के मामले में मेरी विनती यह है कि हम सब लोग यहां से अब जाएंगे, आप जब देखेंगे, आंकड़े बोलने पर तो बड़ी परेशानी हो रही है, लेकिन पेयजल की व्यवस्था के लिए जो 2015-16 का आबंटन था, वह आबंटन अधिकतर राज्यों में देख रहे हैं कि इस मार्च तक वह मैक्सीमम खर्चा नहीं हो पाया है, फिर भी जो 2016-17 का आबंटन चाहिए, उसकी भी फर्स्ट किस्त रिलीज़ की गई है और राज्यों के पास इस मामले में अब पैसा पर्याप्त है। कंटिंजेंसी प्लान राज्यों को दिया गया है। अभी 614 जिलों के कंटिंजेंसी प्लान हैं, पहले 100 जिलों के थे, अब 14 जिलों के और बन गये और जो पुराने थे, उनका फिर रिवीज़न हुआ और सभी राज्यों को, सभी जिलों को उपलब्ध करा दिया गया है और सूखा प्रबन्धन सम्बन्धी जो अनुसंधान होना चाहिए, उसके जो नतीजे होने चाहिए, उन सारों को इस कंटिंजेंसी प्लान में सभी जिलों को उपलब्ध कराया गया है।

इस तरह से आप जब देखेंगे तो चारे के विÂषय में भी आपके ध्यान में हम लाना चाहेंगे कि एन.डी.आर.एफ. से जो पैसे गये हैं और एस.टी.आर.एफ. का भी जो 2016-17 की पहली किस्त गई है तो इसमें पर्याप्त व्यवस्था है कि चारे पर, फिर पशुओं का कैम्प लगे, उस पर, पेयजल पर, इस मद से भी आप राशि खर्च कर सकते हैं। इसके अलावा...(व्यवधान) इस विÂषय को हल्का मजबूरी में बनाइये, नैचुरल मत बनाइये। चारे और पेयजल के लिए एन.डी.आर.एफ. से जो पैसे गये थे, 10 राज्यों ने मांगा था, उसके अन्दर भी व्यवस्था थी और इस वष्Âान का एस.डी.आर.एफ. का जो पैसा की फर्स्ट किस्त गई है, उसमें भी उसकी व्यवस्था है। उसके पहले से ही अतिरिक्त चारा विकास कार्यक्रम एक चल रहा है तो उसके लिए भी 2014-15 में 100 करोड़ रुपये था, 2015-16 में 50 करोड़ रुपये था और इस वष्Âान भी 100 करोड़ रुपये की व्यवस्था हुई है। राज्यों ने जितना पैसा मांगा, प्रस्ताव दिया, राज्यों को गया है, अभी तेलंगाना के कृÂिष मंत्री जी मिले थे, बातचीत हुई है, उनका प्रस्ताव जिस समय भी आ जायेगा, चूंकि प्रस्ताव भेजना पड़ता है कि कितने ब्लॉक, कितना चारा चाहिए, कितने पशु प्रभावित हैं तो चारे की दÂिष्ट से भी पूरी व्यवस्था यहां से है।

बीज पर भी हम राज सहायता देते हैं। अभी खरीफ का समय आएगा, यदि सूखा पड़ता है तो उसमें भी 50 फीसदी की वृद्धि कर दी गई है। बीज पर राज सहायता है, लेकिन उसमें वृद्धि करके 50 फीसदी कर दी गई है, ताकि बीज भी किसानों को आसानी से उपलब्ध हो।

अब मुख्य रूप से बुन्देलखण्ड की चर्चा ज्यादा हो रही है और होनी भी स्वाभाविक है। जो दृश्य आ रहे हैं, सब की चिन्ता स्वाभाविक है। इस सम्बन्ध में हम आपको बताना चाहते हैं कि पुराना पैकेज है और इस पैकेज के अन्तर्गत 7466 करोड़ रुपये 31.03.2015 तक इस पैकेज में से 4015 करोड़ रुपये 31 मार्च तक निर्गत कर दिये गये हैं।

19.00 hours

अभी भी 21 मार्च, 2016 को नीति आयोग ने कुल 670 करोड़ रुपए रिलीज किए हैं, जिसमें उत्तर प्रदेश को 264 करोड़ रुपए और मध्य प्रदेश को 405 करोड़ रुपए रिलीज किए गए हैं। पूरे पैकेज का जो 1,244 करोड़ रुपए बताते हैं, उसे इस वÂर्ष 2016-17 में पूरा कर दिया जाएगा, लेकिन यह जरूर चिंता का एक विÂाय है।

माननीय अध्यक्ष : अगर सदन की अनुमति हो तो सदन का समय आधे घंटे के लिए बढ़ा दिया जाए।

अनेक माननीय सदस्य ः हां।...(व्यवधान)

HON. SPEAKER: Mr. Minister, you have to address the Chair.

...(*Interruptions*)

श्री राधा मोहन सिंह : बुंदेलखण्ड की समस्या की चर्चा यहां ज्यादा हुई है।...(व्यवधान) इसलिए मैं अब सिर्फ उस पर आ गया हूं। मैं अब राज्यों पर नहीं जा रहा हूं।...(व्यवधान) मैं सिर्फ बुंदेलखण्ड और मराठवाड़ा की बात कर रहा हूं। अभी हमारे आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के मित्रों का सवाल था। उन्हें हमने सारे आंकड़े नहीं बताए हैं।...(व्यवधान)

HON. SPEAKER: I am not allowing anything. Mr. Minister, you have to address the Chair. आपको उन्हीं व्यक्ति को रिप्लाई करना है, जिन्हें मैंने एलाऊ किया हो। कोई भी उठ कर खड़ा हो जाएगा और आप उनसे बात करेंगे, ऐसा नहीं होता है।

â€¦(व्यवधान)

श्री राधा मोहन सिंह : मुझे बुंदेलखण्ड पैकेज के विÂषय में एक निवेदन करना है कि यह समस्या किसी पार्टी का नहीं है, किसी खास इलाके का नहीं है। लेकिन, जो पैकेज मिलता है या राज्यों को जो पैसे जाते हैं, वह राज्यों से फिर जिलों में जाता होगा तो हर स्तर पर उसकी उपयोगिता प्रामाणिकता के साथ हो, तभी समस्या का समाधान होगा।

बुंदेलखण्ड का जो अभी पैकेज गया और इसके बाद अभी नाबार्ड कंटीन्जेंसी सर्विसेज द्वारा इस पैकेज के अधीन काम हुआ है, उसका अध्ययन किया गया है। उस अध्ययन में मध्य प्रदेश में जो

बुंदेलखण्ड के जिले हैं, वहां सिंचाई में 88औ की उपलब्धि हुई है और उत्तर प्रदेश में जो बुंदेलखण्ड के जिले हैं, वहां 61औ की उपलब्धि बताई गयी है। निश्चित रूप से इसमें थोड़ी स्पीड बढ़ानी चाहिए। उस पैकेज में सबकी व्यवस्था है। इसी तरह से, डेयरी सेक्टर में मध्य प्रदेश के बुंदेलखण्ड में जो प्रगति दिखा रहा है, वह अच्छी दिखा रहा है और उत्तर प्रदेश के बुंदेलखण्ड में तो डेयरी समिति बनी ही नहीं या अगर बनी भी होगी तो वह काम ही नहीं कर रही है। इसी तरह से, गरीब परिवारों में बकरी वितरण की बात है। नाबार्ड की एजेंसी ने जो रिपोर्ट दी है, उसके अनुसार मध्य प्रदेश के बुंदेलखण्ड में 16,330 परिवारों को इससे अतिरिक्त आय का उपार्जन हो रहा है। वहीं उत्तर प्रदेश के बुंदेलखण्ड में यह 9,425 परिवारों को हो रहा है। इसमें भी थोड़ी स्पीड कम है। इसी प्रकार से अन्य कई उपलब्धियां हैं। मैं उनके विस्तार में नहीं जाना चाहता हूं। लेकिन, जिस प्रकार के परिणाम का प्रकटीकरण उत्तर प्रदेश के पड़ोस में हो रहा है, वैसा वहां नहीं हो रहा है। इसकी हम सबको निश्चित रूप से चिंता करनी चाहिए।

विदर्भ पैकेज में राज्य ने इस वÂर्ष 90 करोड़ रुपए की राशि मांगी थी और हमारे मंत्रालय ने इस वर्ष उन्हें 90 करोड़ रुपए का आबंटन कर दिया है।

इसी तरह से, यहां कृÂिष ऋण का सवाल काफी उठाया गया है। जो ऋण प्रवाह है, वह वष्Âान् 2015-16 के लिए 8,50,000 करोड़ रुपए का था। उसे बढ़ा कर अभी 9,00,000 करोड़ रुपए किया गया है।

फिर किसानों पर ब्याज की छूट की बात है, तो यह हम सब के ध्यान में होगा कि दो प्रतिशत की छूट के बाद जो उन्हें 7औ दिया जाता है, उसमें 3औ भारत सरकार देती है और 4औ किसानों को स्वयं देना पड़ता है। ऋण माफी पर हम बाद में आएंगे। लेकिन हमारी विनती होगी कि इसमें तीन-चार राज्य, चाहे वह बी.जे.पी. शासित राज्य हो या कांग्रेस शासित राज्य हो, वे चार प्रतिशत ब्याज का भुगतान अपने खजाने से देते हैं और किसानों को वहां शून्य ब्याज दर पर ऋण मिलता है। इसमें गुजरात, कर्नाटक, मध्य प्रदेश हैं। हम सब सांसद हैं। हमें सामूहिक रूप से अपने-अपने राज्यों में भी ऐसा करने का प्रयास करना चाहिए, क्योंकि जब गांव का एक गरीब आदमी, एक किसान टैक्स देता है तो वह भारत सरकार के खजाने में आता है जब वह ट्रेन में बैठता है और जब वह बस में बैठ कर चलता है और टैक्स देता है तो वह राज्य के खजाने में जाता है। मतलब राज्यों की भी एक जिम्मेदारी बनती है कि राज्य भी इसे करे और इसके लिए जोर देना चाहिए। कर्ज माफी पर, समर्थन मूल्य पर हम नारा लगाते हैं, लेकिन कभी आप दिल्ली ट्रेन में बैठिए और चले जाइए धान के सीजन में कोलकाता, उत्तर कर आप सौ-डेढ़ सौ किलोमीटर दोनों तरफ आप जाइए, 1,410 रूपए किसी किसान को धान की कीमत नहीं मिलती है। जो समर्थन मूल्य है, वह नहीं मिलता है। कोलकाता से लेकर दिल्ली के बीच में डेढ़ सौ किलोमीटर दक्षिण, डेढ़ सौ किलोमीटर उत्तर जाइए, चाहे जो राज्य आए, चाहे वह बीजेपी का हो, झारखंड हो, बिहार हो, बंगाल हो, उत्तर प्रदेश का इलाका हो, तो समर्थन बढ़े जरूर, लेकिन जो तय है, वह भी किसान को नहीं मिल रहा है। क्या हम सबकी भूमिका इसमें नहीं होनी चाहिए?

इसी प्रकार से ऋण में, ऋण में राज्य सरकारों से निवेदन करना चाहिए, मैं करता हूं और हम सबको करना चाहिए। ...(व्यवधान)

श्री राजीव सातव (हिंगोली) : समर्थन मूल्य निकाल देना चाहिए, बता दीजिए आप। ...(व्यवधान)

श्री राधा मोहन सिंह : समर्थन मूल्य बढ़ना चाहिए, आज वह मूल्य जरूर किसान को मिले, इसके लिए हमें ज्यादा जोर देना चाहिए। जो तय है, वही नहीं मिल रहा है, इस पर जोर देना चाहिए। ...(व्यवधान)

जहां तक ऋण माफी का सवाल है। ...(व्यवधान) ऋणमाफी के विष्Âाय में कल महाराÂष्ट्र के एक सांसद बोल रहे थे, दानवे साहब, सदस्यों ने उसे सुना होगा, अगर वह सारी बात हम बोलें तो हंगामा ज्यादा होगा। ऋण माफी जो हुई और उसके अंदर जो विसंगतियां आई, पूरे राज्य का तो किसी ने नहीं बोला, लेकिन महाराÂष्ट्र की विसंगति की चर्चा इन्होंने की कि किस प्रकार से कुछ संस्थाओं की मजबूती हुई, हम उसके विस्तार में नहीं जाना चाहते हैं। लेकिन जो सीएजी रिपोर्ट है, हम वह आपको बताना चाहते हैं, ताकि कुछ शांति हो। 271.50 करोड़ रुपए की रिकवरी उन लोगों से की गई जो ऋणमाफी के पात्र नहीं थे। ...(व्यवधान) मैं सीएजी की रिपोर्ट बता रहा हूं, आप सब ऋणमाफी की बात कर रहे हैं। ...(व्यवधान) जो पात्र नहीं थे ...(व्यवधान)

श्री मल्लिकार्जुन खड़गे : अगर कहीं गलती हो गई है तो ...(व्यवधान)

श्री राधा मोहन सिंह : यह सीएजी की ऑडिट रिपोर्ट बोल रही है कि 271.49 करोड़ रुपए की रिकवरी उन लोगों से की गई, जो ऋण की माफी के योग्य नहीं थे। ...(व्यवधान) 5,645 मामलों में अनुशासनात्मक कार्रवाई कर बैंकों के स्टाफ के खिलाफ यह प्रारम्भ की गई। ...(व्यवधान) 705 मामले बैंकों द्वारा और व्हीटर के विरूद्ध दायित्व निर्धारण किया गया और चार हजार मामलों में रिकार्ड से छेड़छाड़ के संबंध में 23 एफआईआर दर्ज किए गए। ...(व्यवधान) आईसीआईसीआई बैंक से 164 करोड़ रुपए वापस वसूल किए गए और उसके ऊपर 54 करोड़ रुपए पीनल इंट्रेस्ट वसूल किए गए। ...(व्यवधान) सरकार ने नाबार्ड से डेढ़ सौ करोड़ रुपए वसूल किए, क्योंकि प्रथम किस्त पर ब्याज योजना के मानदंड के अनुसार देय नहीं था। ...(व्यवधान) मैं विसंगतियों की चर्चा कर रहा हूं। ...(व्यवधान)

HON. SPEAKER: This will not go on record. Only the Minister's reply will go on record.

...(*Interruptions*)â€¦ *

श्री अर्जुन राम मेघवाल (बीकानेर): मंत्री जी की भाÂषण तो पूरा हो जाने दीजिए। ...(व्यवधान)

HON. SPEAKER: This is not the way. Let him complete his reply.

...(*Interruptions*)

माननीय अध्यक्ष : भूरिया जी, शांति से बैठिए।

â€¦(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : थोड़ा सुनने का धैर्य रखिए।

â€¦(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : वह देख लेंगे न।

â€¦(व्यवधान)

श्री राधा मोहन सिंह : महोदय, सरकार प्रधानमंत्री कृÂिष सिंचाई योजना लाई, यह हम सबको पता है। ...(व्यवधान) सीएजी का हम नाम नहीं लेंगे। ...(व्यवधान) हम ने ऋण माफी के लिए उदाहरण बताया है। ...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया, आजादी के 68 वÂर्षों बाद हम देश के हर खेत को पानी नहीं पहुंचा पाए। यह देश हिन्दुस्तान है, यहां सवा सौ करोड़ लोग रहते हैं, यह छोटा देश नही है तो 'हर हाथ को काम मिले और हर खेत को पानी,' यह नारा कुछ लोगों को कितना खराब लगेगा, यह मैं नहीं जानता। अभी हिन्दुस्तान के गांवों को मजबूत बनाना है, संपन्न बनाना है तो हर खेत को पानी पहुंचाना पड़ेगा। इसलिए हमारे प्रधानमंत्री जी ने 'प्रधानमंत्री कृÂिष योजना' चलाई है। मुझे याद है, जब मैं लोक सभा में वÂर्ष 1989 में आया था तो गांव से रेलवे स्टेशन तक आने के लिए सड़क नहीं थी, 'प्रधानमंत्री सड़क योजना' बनी थी। जिलों में बैठ कर योजना बनती थी। ब्लॉक और पंचायत स्तर के अधिकारियों से राय ली जाती थी और योजना बनती थी, आज यदि गांव के लोग काली सड़क

देख रहे हैं और देश के लोग फोर लाइन की सड़क देख रहे हैं, अगर अटल बिहारी वाजपेयी नहीं होते तो गांव के लोग काली सड़क नहीं देखते।...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया, हर खेत को पानी देने के लिए प्रधानमंत्री जी ने प्रधानमंत्री कृÂिष सिंचाई योजना लाई। इसमें जिला स्तर पर डिस्ट्रिक्ट इरिगेशन प्लान...(व्यवधान) मैं सभी विÂषयों पर बोलूंगा।...(व्यवधान) सभी खेत को पानी, कृÂिष, पानी के विÂाय में पीने के लिए बोल चुके हैं।...(व्यवधान) अब जमीन के लिए पानी।...(व्यवधान) हमारे एग्रीकलचर मंत्री बोल रहे हैं, आपको भ्रम न हो जाए कि कोई दूसरा बोल रहा है।...(व्यवधान) एग्रीकल्चर मिनिस्टर बोल रहे हैं।...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया, जिला स्तर पर डिस्ट्रिक्ट इरिगेशन प्लान और उसमें हमारे जो जनप्रतिनिधि हैं, उस गाइड लाइन में साफ दिया गया है, उनकी जो अनुशंसा हो, टेकनिकली ठीक है तो उनको प्राथमिकता में रखना है, ऐसा डायरैक्शन दिया गया है। सभी राज्यों के अधिकारियों को ट्रेनिंग दी गई और जनवरी महीने से सारे अधिकारियों की ट्रेनिंग हुई, राज्यों ने भी रुचि दिखाना शुरू किया है और अभी तीन सौ से ज्यादा जिलों का इरिगेशन प्लान बन चुका है। लगता है कि सितम्बर आते-आते देश के सभी जिलों का डिस्ट्रिक्ट इरिगेशन प्लान बन जायेगा। राज्य स्तर पर ही सेलेक्शन कमेटी है जिसके चीफ सेक्रेट्री अध्यक्ष होंगे और वहीं से उन योजनाओं की मंजूरी मिलेगी, लेकिन देश के अंदर बहुत सारी योजनायें 20-25 वÂर्षों से लंबित हैं। 89 मध्यम और बड़ी योजनायें हैं। ...(व्यवधान) योजनायें बन रही हैं, आपकी राय ली जायेगी।...(व्यवधान)

89 बड़ी-बड़ी योजनायें वष्Â◌ा◌ों से लंबित हैं, मिशन मोड में दो वष्Â◌ान् के अंदर 40 परियोजनाओं को पूरा करने का लक्ष्य है। इस वÂर्ष 23 बड़ी परियोजनाओं को पूरा करना है और उनमें बहुत सारी परियोजनायें, हमारे बिहार के माननीय सांसद नहीं हैं, 20 वष्Â◌ान् से पुनपुन जलाशय की परियोजना पड़ी हुई थी। उसे इस वष्Â◌ान् पूरा करने के लिए 12,517 करोड़ रुपये की राशि राज्यों को मुहैया कराया गया है और नाबार्ड के सहयोग से 20 हजार करोड़ रुपये का कॉरपस फंड बनाया गया है और हमारे सरकार का लक्ष्य इन बड़ी योजनाओं को मिशन मोड में पूरा करना है, ताकि 80.6 लाख हेक्टेयर जमीन की सिंचाई हो सके। यह योजना पूरे देश में तेजी के साथ प्रारंभ की जा रही है।

महोदया, सूक्ष्म सिंचाई योजना, हमारा मंत्रालय मुख्य रूप से प्रधानमंत्री सिंचाई योजना के अंतर्गत देख रहा है। गन्ने की बात आई थी तो कुछ लोग नाराज हो गये थे। हम राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ बैठ रहे हैं। एक राज्य के मुख्य मंत्री जी ने बताया कि हम माइक्रो इरिगेशन अब गन्ने की खेती में कर रहे हैं। उस राज्य में 9 लाख हेक्टेयर में गन्ने की खेती होती है। डेढ़-दो लाख हेक्टेयर तक माइक्रो इरिगेशन से हो रहा है। उन्होंने बताया कि अगले तीन साल में हम शेÂष को भी माइक्रो इरिगेशन से करेंगे और इसके लिए उन्होंने बताया कि अब हम चीनी मिलों को निर्देशित कर रहे हैं कि उस किसान का गन्ना पहले लें जो माइक्रो इरिगेशन से गन्ना उत्पादन का काम करता है। मैं इसकी चर्चा इसलिए कर रहा हूं कि जल जीवन है, सब लोग जानते हैं, बोलते भी हैं। जल की बचत हो। प्रधान मंत्री जी इसीलिए पर ड्रॉप मोर क्रॉप की बात करते रहे हैं, न सिर्फ बात करते रहे हैं बल्कि उसकी गति को बढ़ाया भी गया है। हम आपको डेढ़-दो वÂान् के आंकड़े उपलब्ध कराएंगे। हम 26 तारीख को जारी भी करने वाले हैं कि कितनी बढ़ोतरी हुई है। इस पर बड़ी तेजी से काम हो रहा है, लेकिन हम सब लोगों को एक विचार करना ही पड़ेगा कि माइक्रो इरिगेशन हो या कोई भी योजना हो, राज्यों को पैसा जाता है।...(व्यवधान) एक राज्य ऐसा है जिसे फूड सिक्योरिटी मिशन में 2011-12 में 259 करोड़ रुपये मिले लेकिन 40 करोड़ रुपये भी खर्च नहीं हुए। 2012-13 में 57 करोड़ रुपये खर्च नहीं हुए। उसके बाद 62 करोड़ रुपये खर्च नहीं हुए, फिर 46 करोड़ रुपये खर्च नहीं हुए। 2015-16 में 110 करोड़ रुपये खर्च नहीं हुए।...(व्यवधान) यह स्थिति अधिकतर राज्यों की है। मैं किसी एक राज्य का नाम नहीं लेता।...(व्यवधान) उस राज्य को दूसरे साल में जितना पैसा मिलना चाहिए, उसमें कम हो जाता है। भारत सरकार का नुकसान नहीं होता, राज्य सरकार का नुकसान नहीं होता, लेकिन उस राज्य के किसान का निश्चित रूप से नुकसान होता है। इसी प्रकार माइक्रो इरिगेशन और रेनफैड एरिया डैवलपमैंट के आंकड़े, चिल्ला-चिल्लाकर बोल रहे हैं कि जिस तेजी से खर्च होना चाहिए, उस तेजी से खर्च नहीं हो रहा है। इसकी चिन्ता हम सब लोगों को करनी चाहिए।

बहुत सारे सदस्यों ने सवाल उठाए थे।...(व्यवधान) हम उधर नहीं जाना चाहते।...(व्यवधान) हम वह विÂाय नहीं लाना चाहते। हम इतनी ही विनती करना चाहते हैं कि कुछ लोग जो सवाल उठा रहे थे, मैं एक ही बात बताकर अपना भाÂषण समाप्त करूंगा। भारत सरकार इसकी किस प्रकार समीक्षा कर रही है। एक राज्य उत्तर प्रदेश है।...(व्यवधान)

श्री तथागत सत्पथी (धेंकानाल) : मंत्री जी, क्या आप सिर्फ हिन्दी भाष्Â◌ा-भाÂषी एरिया में ही रह जाएंगे? थोड़ा हमारे बारे में भी बताइए।...(व्यवधान)

श्री राधा मोहन सिंह : ओड़िशा को अभी छोड़ दिया है।...(व्यवधान) 9 अप्रैल, 2016 को प्रधान मंत्री कार्यालय में प्रधान मंत्री के सचिव और बुंदेलखंड से रिलेटेड अधिकारियों की बातचीत हुई थी। इसी प्रकार 11 अप्रैल को पेयजल भेजने, कंटिजैंसी प्लान, मनरेगा आदि के लिए मुख्य सचिव और सचिव के साथ मंत्रिमंडल सचिव की बैठक हुई थी।...(व्यवधान) 19 अप्रैल को फिर एक बैठक ली गई। 25 अप्रैल को प्रधान मंत्री जी के निजी सचिव ने बैठक ली। 28 अप्रैल को प्रधान मंत्री जी ने मुख्य मंत्रियों को पत्र भी लिखा और 2 मई को फिर एक मंत्रिमंडलीय सचिव के साथ बैठक हुई यानी सरकार लगातार समन्वय, सम्पर्क और मॉनिटरिंग में लगी हुई है। कोई बता रहे थे कि मंत्री नहीं जाते हैं। पहली बार भारत सरकार का हर मंत्री किसी न किसी गांव में गया था। ज्यादा दिन नहीं हुए हैं।...(व्यवधान) आप सुनिए।...(व्यवधान) मैं खुद गुजरात के एक गांव में गया था, उत्तर प्रदेश के एक गांव में गया था। हरियाणा के गांव में गया था, परसों दिन भर ओडिशा के गांव में था। मैं गांव से आता हूं और गांव में जाता हूं। मैं शहर से नहीं आया हुआ हूं कि केवल शहर में ही जाता हूं। आजादी के बाद पहली बार भारत सरकार के मंत्री दो वÂर्षों में जितने गांव में गए होंगे पिछले 10-15 वष्Â◌ा◌ों में नहीं गए होंगे। ...(व्यवधान) देश सौभाग्य है कि आज गांव का गरीब का बेटा देश का प्रधानमंत्री है इसलिए वह गांव की चिंता करते हैं। ...(व्यवधान) प्रधानमंत्री का मत है कि इस देश को मजबूत बनाना है, हिन्दुस्तान के गांव और गरीब को मजबूत बनाना है। किसानों के लिए दो वÂर्षों में कौन-कौन सी योजना चलाई गई है ...(व्यवधान) यदि उसका वर्णन होने लगे, उसकी उपलब्धियों की भी चर्चा होगी, सरकार के दो वष्Â◌ान् पूरे हो रहे हैं। हमारे दो वÂ◌ा◌ों के कर्त्तव्य और आपके 60 वÂर्षों के कर्त्तव्यों की कोई तुलना नहीं हो सकती। इस देश की जनता सब कुछ देख रही है। ...(व्यवधान) हम लोग पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम में लगे हुए हैं। मैं सभी सदस्यों से आपके माध्यम से विनती करता हूं कि आईए हम सब मिलजुलकर सूखे के संकट का सामना करें, न सिर्फ सामना करें बल्कि उस पर विजय पर प्राप्त करें। इसी विनती के साथ मैं अपनी बात समाप्त करता हूं।

माननीय अध्यक्ष : यहां बहुत अच्छी चर्चा हुई है, धर्मेंद्र जी बैठ जाइए।

...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : मेरा विश्वास है कि जितने उत्साह से आप सभी लोगों ने चर्चा में हिस्सा लिया उतने ही उत्साह से अपने-अपने क्षेत्र में जाकर सूखे के लिए रेन वॉटर हार्वेस्टिंग के लिए काम करेंगे, सूखे से सभी चिंतित हैं। I am quite sure about it. Thank you.

...(*Interruptions*)

माननीय अध्यक्ष : प्लीज बैठ जाइए, मैं खड़ी हूं। मेरा निवेदन है कि यह विÂाय अभी चर्चा करके संपन्न होने वाला नहीं है, चाहे सूखा हो या पानी की समस्या हो, इस पर हम सभी को काम करना है। किसी एक का नहीं बल्कि हम सभी को अपने अपनी कंस्टीट्यूएंसी में काम करना है, सभी लोग काम करेंगे ऐसा मेरा विश्वास है। आप सभी लोगों के ऊपर मेरा विश्वास है।

HON. SPEAKER: Please sit down.

...(*Interruptions*)